रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 30 नवम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-98 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### बीसीसीआई ने राहुल द्रविड का कार्यकाल बढ़ाया



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ सहित सभी कोचिंग स्टाफ का कार्यकाल बढ़ा दिया है। बीसीसीआई की जारी विज्ञप्ति में बताया गया, बीसीसीआई ने हाल ही में समाप्त हुए एकदिवसीय विश्वकप 2023 के उपरांत राहुल द्रविड़ के अनुबंध समाप्त होने के बाद उनके साथ सार्थक बातचीत की और सबकी सहमति से अनुबंधन को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। इस अनुबंध को कितनी अवधि के लिए बढ़ाया गया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### राजनाथ ने रक्षा विनिर्माण में गुणवत्ता पर जोर दिया



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्पादों की गुणवत्ता को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए पहली शर्त बताते हुए भारतीय रक्षा निर्माताओं से रक्षा उत्पादन में गुणवत्ता पर जोर देने का आह्वान किया है। सिंह ने रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के लिए 'क्वालिटी ओडिसी' विषय पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के गुणवत्ता सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि केवल गुणवत्ता वाले उत्पादों की ही वैश्विक मांग होती है और यह भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र तथा वास्तविक रक्षा निर्यातक बनाने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने में सहायता करेगा।

### सेवामुक्त हुए ठाकुर राम सिंह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह सेवामुक्त हो गये हैं। राज्य निर्वाचन आयोग में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। आयोग के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आहूत इस समारोह को संबोधित करते हुए सचिव कैसर अब्दुल हक़ ने कहा कि बतौर आयोग के सचिव के अल्प कार्यकाल में भी उन्हें सिंह से बहुत कुछ सीखने मिला । कार्य के प्रति समर्पण, ज़िम्मेदारी लेकर काम पूरा करना और समय की पाबंदी सिंह के व्यक्तित्व ऐसी ख़ासियत है जो इनके शांत सौम्य व्यक्तित्व में चार चाँद लगा देती है। उन्होंने उम्मीद जतायी की अगर आयोग के सभी अधिकारी कर्मचारी इन गुरों को अपना लेंगे तो उन्हें सफलता पाने में कोई दिक़्क़त नहीं आएगी। सिंह अपने प्रशासनिक कार्यकाल में हमेशा सही और कड़े फ़ैसले लेते रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग में भी हमेशा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को अपने अनुभव से आसानी से संपादित करते रहे हैं। उन्होंने अंत में कहा कि अब आयुक्त के तौर पर सेवामुक्त होकर वे स्वस्थ्य, खुशहाल और दीर्घायु रहें, यही प्रार्थना है।

### अटल दुल्लू नियुक्त हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव

**श्रीनगर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अटल दुल्लू को जम्मू-कश्मीर का नया मुख्य सचिव (सीएस) नियुक्त किया गया है। दुल्लू प्रदेश के वर्तमान मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता का स्थान लेंगे। गौरतलब है कि मेहता नवंबर के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। गृह मंत्रालय (एमएचए) के अनुरोध पर दुल्लू को हाल ही में जम्मू-कश्मीर कैडर में वापस भेज दिया गया था और वह एक दिसंबर से मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

# बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी : भूपेश और सिंहदेव ने दिल्ली में डाला डेरा

## भाजपा में भी हलचल, अन्य दलों के साथ निर्दलीयों को साधने की जुगत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पायनियर खास

छत्तीसगढ़ में चुनाव परिणाम की तारीख पास आते ही कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों में मुख्यमंत्री पद की दौड शुरु हो चुकी है। इस बीच वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली दरबार में पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात की। वहीं उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव इस बार आर-पार के मूड़ में अपनी दावेदारी को मजबूत करने दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे से मुलाकात की। इससे पहले सीएम बघेल ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से भी वर्तमान राजनीतिक हालातों को लेकर चर्चा की थी। सीएम बघेल ने छत्तीसगढ़ में फिर से 60 सीटों के साथ कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए आश्वस्त किया। दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी पार्टी के प्रमुख नेताओं से मिलकर ताजा राजनीतिक हालातों के बारे में अवगत कराया। दिल्ली प्रवास के दौरान खड़गे और सिंहदेव के बीच भी अकेले में काफी देर तक चर्चा हुई। टीएस सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा से भी सौजन्य मुलाकात की। विधानसभा चुनाव के परिणाम 3 दिसम्बर को आने है, ऐसे में राज्य के प्रमुख नेताओं ने अब मुख्यमंत्री पद की दौड़ शुरु कर दी है। भूपेश और सिंहदेव के दिल्ली दरबार में हुए इस मुलाकात को राजनीतिक रुप से कुछ ऐसा ही देखा जा रहा है। हालांकि कहा जा रहा है कि सीएम भूपेश बघेल राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनीतिक जीवन पर लिखी गई पुस्तक के विमोचन में शामिल होने गए हैं। फिलहाल चुनाव परिणाम की तारीख पास है जिसके वजह से इस मुलाकात को राजनीतिक दृश्य से देखा जाना लाज़मी है।

## भाजपा 40 से 42, तो जोड़-तोड़ कितना कारगर?

कहते हैं कि भाजपा नेता भले ही 52 से 54 सीट जीतने का दावा कर रहे है, लेकिन आतंरिक रुप से जो बात सामने आई है उसमें पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि राज्य में भाजपा को 40 से 42 सीटों पर ही जीत हासिल होते दिख रही है। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकारों ने अन्य दल के मजबूत प्रत्याशियों की ओर नजर दौड़ाना शुरु कर दिया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीटों का अंतर तीन गुना से जादा था। इसलिए इस तरह की किसी भी सम्भावना की कोई गुंजाइस नहीं थी, लेकिन इस चुनाव में बहुमत का अंतर काफी कम हो सकता है। जिसको लेकर बसपा, गोंणवाना गंणतत्र पार्टी, छजकां समेत निर्दलीय प्रत्याशी भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, जिस पर भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व नजर बनाए हुए है। कहते है कि इस तरह की संभावना 2018 के चुनाव के दौरान भी देखी जा रही थी, जिसके कारण भाजपा के रणनीतिकारों ने अन्य दलों के मजबूत प्रत्याशियों को टोकन की राशि भी दे दिया था। बाद में यह रणनीति काम नहीं आई। खैर इस बात में कितनी सच्चाई है यह तो भाजपा नेता ही जानेगे। लेकिन 2023 के इस चुनाव में मामला नजदीकी होने की संभावनाओं के कारण फिर से ऐसे कयास लगाए जा रहे है। यह कितना कारगर होगा यह तो निकट भविष्य में ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल दोनों दल अपनी-अपनी सरकार बनाने का दावा कर रहे है।

## रायपुर में हल्ला









चुनाव परिणाम भले ही अभी तक सामने नहीं आये, लेकिन चर्चाओं का बाजार इन दिनों गर्म है। एक ओर कांग्रेस फिर 60 सीटों के साथ राज्य में मजबूत सरकार बनाने का दावा कर रही। दूसरी ओर रायपुर में हल्ला है कि 6 दिसम्बर को डॉ. रमन सिंह फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, वहीं भाजपा इस बार जातीय एवं क्षेत्रिय समीकरण को साधना चाहती है। इसलिए रमन सिंह के साथ दो उपमुख्यमंत्रियों को भी शपथ दिलायी जाएगी। जिसमें एक उपमुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से तथा एक आदिवासी वर्ग से बनाए जाने का हल्ला है। उपमुख्यमंत्री के रुप में भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, रामविचार नेताम और विष्णुदेव साय के नाम की चर्चा है। खैर अभी चुनाव परिणाम आना शेष हैं। ऐसे में इन खबरों में कितना दम है यह तो 3 दिसम्बर को ही स्पष्ट हो सकेगा।

# मंत्रिमंडल ने ' प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान 'को दी मंजूरी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,104 करोड़ रुपये के प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) को मंजूरी दी है।


हुई मंत्रिमंडल की बैठक में में पारित प्रस्ताव के अनुसार इस 24104 करोड़ रुपये की राशि में केंद्रीय हिस्सेदारीः 15,336 करोड़ रुपये और राज्य हिस्सेदारीः 8,768 करोड़ रुपये तय की गयी है। इस अभियान की बजट भाषण 2023-24 में घोषणा की गयी थी। मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में बुधवार को दी गयी जानकारी के अनुसार देश भर में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिये, प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन शुरू किया जायेगा। यह पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधायें मुहैया करायेगा। अनुसूचित जनजातियों के लिये विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) को अगले तीन वर्षों में मिशन मोड में लागू करने के उद्येश्य से 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध करायी जायेगी। गौरतलब है कि 2011 की जनगणना के अनुसार देश में अनुसूचित जनजाति की आबादी 10.45 करोड़ है। इसमें से 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार द्वीप समूह स्थित 75 समुदायों को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

### हम लोग एक भाई की तरह सुरंग में रहे, मोदी से बोले सबा अहमद

**देहरादून/नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग से 17 दिन बाद सुरक्षित निकाले गए मजदूरों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार देर रात फोन पर बात की। बिहार के मजदूर सबा अहमद ने कहा, हम लोग (41 मजदूर) एक भाई की तरह सुरंग में रहे। हम सब एकसाथ थे। इस बातचीत का वीडियो प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी किए जाने के बाद वायरल हो गया। प्रधानमंत्री ने स्पीकर ऑन कर, रेस्क्यू किए गए इन मजदूरों में शामिल सबा अहमद (बिहार), गबर सिंह नेगी (उत्तराखंड), अखिलेश (मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश), सोनू कुमार साह (छपरा, बिहार) से बहुत आत्मीयता से बातचीत की। सभी ने उन्हें रेस्क्यू टीम सदस्यों की सराहना के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें इस घटना से बहुत प्रेरणा मिली है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से किस तरह निपटा जा सके।

## 81.35 करोड़ लोगों को पांच वर्ष तक निशुल्क अनाज को स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11.80 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान से 81. 35 करोड़ लोगों को अगले पांच वर्ष तक निशुल्क अनाज देने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस योजना के विस्तार की घोषणा प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों की थी। मूल रुप से यह योजना कोविड काल में आरंभ की गयी थी। नये रुप में यह योजना अगले वर्ष एक जनवरी से आरंभ होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है जो पीएमजीकेएवाई को दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजनाओं में रखता है। इसका उद्देश्य पांच वर्ष की अवधि में 11.80 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान से 81.35 करोड़ व्यक्तियों के लिए भोजन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पीएमजीकेएवाई के अंतर्गत निशुल्क खाद्यान्न (चावल, गेहूं और मोटा अनाज एवं बाजरा) खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेगा और आबादी के गरीब और कमजोर वर्गों को मदद देगा।

## वर्तमान माहौल में सबसे उपयुक्त कांग्रेस अध्यक्ष है खड़गे : सोनिया गांधी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्होंने अपने पांच दशक के राजनीतिक जीवन में सिद्धांतों से समझौता कभी नहीं किया, मर्यादा को महत्व दिया इसलिए वर्तमान माहौल में वह कांग्रेस के सबसे उपयुक्त अध्यक्ष हैं। गांधी ने खड़गे के 50 साल की राजनीतिक जीवन पर प्रकाशित पुस्तक 'मल्लिकार्जुन खड़गे : पॉलिटिकल एंगेजमेंट विद कम्पैशन, जस्टिस एंड इनक्लूसिव डेवलपमेंट' का विमोचन करते हुए कहा कि खड़गे ने हमेशा पार्टी संगठन को अपने व्यक्तिगत हित से ऊपर रखा है। उन्होंने कांग्रेस को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा कर एक मजबूत संगठन बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, आज संविधान पर हमला हो रहा है, संवैधानिक संस्थाओं को तोड़ा जा रहा है, संविधान की बुनियादी आत्मा को तहस-नहस किया जा रहा है। संस्थानों, व्यवस्थाओं, सिद्धांतों को तोड़ा जा रहा है। कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए लड़ रही है और खडगे इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं इसलिए खडगे वर्तमान माहौल में कांग्रेस के सबसे उपयुक्त अध्यक्ष हैं। इसमें उन्हें मेरा और कांग्रेस का पूरा समर्थन है। गांधी ने कहा, राजनीति में पचास साल एक लंबी अवधि होती है। खड़गे इस अवधि में विवादों से दूर रहकर अपनी विचारधारा से समझौता किए बिना लगातार आगे बढ़ते रहे। एक बार भी राजनीतिक लड़ाई जीतने के लिए मर्यादा और आचरण से समझौता नहीं किया इसीलिए खडगे कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में खड़े हैं। उनका शानदार जीवन और कार्य उन मूल्यों का उदाहरण है जिन्हें आधुनिक भारत के संस्थापकों और वास्तुकारों ने अपनाया। इस मौके पर द्रमुक नेता टीआर बालू, राष्ट्रीय जनता दल नेता मनोज झा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सीताराम येचुरी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। पुस्तक में सोनिया गांधी, सुमित्रा महाजन, रामनाथ कोविंद, मनमोहन सिंह, एम वेंकैया नायडू, ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, शरद पवार सहित कई हस्तियों ने लेख लिखा है।

### दक्षिण मध्य रेलवे में करीब 1500 किलोमीटर तक कवच वीएचएफ तकनीक पर पहले से ही काम कर रहा

## यूरोप की ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'ईटीसी' के लिए चुनौती है भारतीय 'कवच' : वैष्णव

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे की ट्रेनों की सुरक्षा की स्वदेशी उपकरण 'कवच' को अब संचार की एलटीई (4-जी और 5-जी) आधारित किया जाएगा और 15 साल के भीतर पूरे रेल नेटवर्क को कवच युक्त कर दिया जाएगा। रेलवे ने जंगलों से निकलने वाली रेललाइनों पर हाथियों के कट कर मरने से बचाने के लिए एक नयी तकनीक विकसित की है। रेल मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा में यह जानकारी दी और दावा किया कि यूरोप के रेल तकनीक विशेषज्ञों के अनुसार आधुनिक संचार तकनीक वाला कवच विश्व भर में रेलवे सुरक्षा के लिए मानक समझी जाने वाली यूरोप की तकनीक ईटीसीएस से कहीं अधिक सक्षम एवं उसके ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के बाज़ार में चुनौती साबित होगी। वैष्णव ने तृणमूल कांग्रेस की नेता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस दावे का खंडन किया कि उनके रेल मंत्रित्व काल में स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली एसीडी क्रियान्वित कर दी गयी थी। रेल मंत्री ने कहा कि बनर्जी के कार्यकाल में कुछ इंजनों में एसीडी की तकनीक प्रायोगिक तौर पर लगायी गयी थी और उनके बाद रेल मंत्री बने उनकी पार्टी के दिनेश त्रिवेदी के कार्यकाल में एसीडी के परीक्षण के बाद उसे विफल घोषित किया गया था। रेल मंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में लखनऊ के आरडीएसओ द्वारा विकसित ट्रेन सुरक्षा तकनीक 'कवच' को औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान की थी और वर्ष 2019 तक कड़े परीक्षणों के बाद इसे देश भर में लगाने का फैसला किया गया। वर्ष 2020 में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया और वर्ष 2022 की शुरुआत में इसका उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया गया। दक्षिण मध्य रेलवे में करीब 1500 किलोमीटर तक कवच वीएचएफ तकनीक पर पहले से ही काम कर रहा है। दिसंबर 2022 में 3000 किलोमीटर तक कवच की स्थापना के लिए टेंडर निकाला गया था, उसमें बहुत तेजी से प्रगति हो रही है और अब तक करीब 500 किलोमीटर का काम लगभग पूरा हो गया है जो मार्च तक पूरी तरह से क्रियान्वित हो जाएगा। इस खंड के लिए सेफ्टी इंटीग्रेशन लेवल 4 का प्रमाणन हासिल करने की प्रक्रिया जारी है। वैष्णव ने कहा कि कवच दरअसल कई उपकरणों की एकीकृत प्रणाली है। स्टेशन कवच, लोको कवच, कवच टावर्स, ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी), वायरलेस लोको टावर, ट्रैक उपकरण और सिगनल, कवच प्रणाली के अंतर्गत आते हैं। इस प्रणाली में सुरक्षा प्रणाली एवं संचार प्रणाली की दो अलग अलग लेयर रखीं गयीं हैं। उन्होंने कहा कि इस समय तीन कंपनियां - मेधा, एचबीएल और कार्नेक्स उत्पादन कर रहीं हैं जबकि जीजी ट्रॉनिक्स को हाल में मंजूरी दी गयी है। दो अन्य कंपनियों -क्योंसन एवं सीमेंस के प्रस्ताव विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि इस साल 1500 किलोमीटर के लिए उत्पादन क्षमता विकसित हो चुकी है। आने वाले साल 2024 तक 2500 किलोमीटर और 2025 तक 5000 किलोमीटर तक की क्षमता विकसित हो जाएगी और इसके बाद 12 साल में पूरे नेटवर्क को कवच युक्त कर दिया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि हाल में उनकी यूरोप की यात्रा के दौरान यूरोपीय विशेषज्ञों ने विचार विमर्श में माना है कि यदि कवच प्रणाली कामयाब हो गयी तो यह प्रणाली यूरोप की ईटीसी तकनीक के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी। उन्होंने कहा कि इसकी लागत 80 से 90 लाख रुपए प्रति किलोमीटर तक आएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा टेंडर में और दिसंबर में आने वाले 3000 किलोमीटर तक कवच लगाने के टेंडर में वीएचएफ संचार तकनीक का प्रयोग का प्रावधान है। लेकिन आने वाले समय में इस 6000 किलोमीटर के कवच नेटवर्क को एलटीई (लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन) यानी 4-जी एवं 5-जी तकनीक पर अपग्रेड करने का टेंडर आएगा। आने वाले समय में जैसे जैसे संचार तकनीक अपग्रेड होगी वैसे वैसे कवच को भी उसी तकनीक पर अपग्रेड किया जाएगा।

### मथुरा में दो वाहनों में टक्कर, चार बारातियों की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के कोसीकलां क्षेत्र में मथुरा दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर दो वाहनो की भिड़ंत में चार बारातियों की मृत्यु हो गयी जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक देहात त्रिगुण बिशेन ने बताया कि बीती देर रात अनाजमंडी के पास यह हादसा उस समय हुआ जब छाता क्षेत्र के उमराया गांव से टेम्पो ट्रेवेलर से एक बारात दिघोट औरंगाबाद थाना मुंडकरी जिला पलवल जा रही थी।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform our readers as well as the general public that our newspaper 'The Pioneer' (English and Hindi editions) is presently published only from Delhi, Lucknow, Bhopal, Bhubaneswar, Ranchi, Raipur, Chandigarh, Dehradun, Hyderabad, and Vijayawada. The official website is www.dailypioneer.com, and the social media accounts are: @TheDailyPioneer on X (formerly Twitter), facebook.com/dailypioneer, instagram.com/dailypioneer.
Our company does not publish any newspaper either 'online' or in the 'physical form' from any other States, except as mentioned above. If any person comes to know about 'The Pioneer' publication from the any other State including Rajasthan, please intimate at the following given details with the complete copy / details of such publication with or without the details of entity or person(s) engaged in such publication. Further, any person found in the illegal publication of newspaper in any mode the name of 'The Pioneer' shall be prosecuted in law.
Further it is being clarified that, CMYK Printech Limited is not carried on operations through any other entity.
**Name:** Ms Shobori Ganguli
**Designation:** Printer, Publisher and Editor-in-Chief
**Company:** CMYK Printech Limited
**Email:** shobori@gmail.com
**Telephone:** 011-40110455, 0120-4879900, 9871379898

# डाकमत पत्रों की गिनती पृथक रूप से आरओ के टेबल में होगी

## डाकमत पत्रों की गिनती के लिए प्रशिक्षकों ने दी तकनीकी जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

समय का विशेष ध्यान रखें, मतगणना तिथि 3 दिसम्बर को सुबह 7 बजे तक अपनी सीट तक मतगणना में संलग्ल अधिकारी-कर्मचारियों को पहुंच जाना चाहिए। उन्हें अपनी निर्धारित टेबल पर ही बैठना है। डाक मतपत्रों की गिनती सबसे पहले होगी। डाक मतपत्रों की गणना रिटर्निंग ऑफिसर करेंगे , जिनके सहयोग के लिए विशेष सहायक रिटर्निंग आफिसर होंगे,इसके लिए अलग टेबल होगा। डाक मतपत्रों की वैधता के बारे में उनका निर्णय ही मान्य होगा। इस कार्य के लिए नियुक्त गणना पर्यवेक्षक और सहायक उनकी सहायता करेंगे। डाक मतपत्रों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने यह कहते हुए डाक मतपत्रों की गिनती की संबंध में तकनीकी जानकारी साझा की। यह प्रशिक्षण कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि डाक मतपत्र के दो वर्गों में हैं ईटीपीबीएस अर्थात इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट और साधारण डाक मतपत्र। इन दोनों में एक ही प्रत्यक्ष अंतर होगा, ईटीपीबीएस पर अभ्यर्थी के चुनाव चिह्न अंकित नहीं होंगे पर दलीय सम्बद्धता (या




निर्दलीय) का उल्लेख होगा। अन्य डाक मतपत्र पर चुनाव चिह्न होगा पर दलीय सम्बद्धता नहीं लिखी होगी। उन्होंने बताया कि पूर्व-गणना परीक्षण के बाद ईटीपीबीएस को भी सामान्य डाक मतपत्र की ही तरह हैण्डल करना है। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती ही प्रारंभ होगी। सामान्यतः एक निर्वाचन क्षेत्र में डाक मतों की गणना के लिए प्रत्येक 500 प्राप्त मतों के लिए एक टेबल आबंटित होगा। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि दोनों ही प्रकारों के डाकमतों के लिए तीन अनिवार्य अभिलेख होंगे, जिसमें पहला बाहरी लिफाफा बी (13सी) मतदाता की घोषणा (13ए); और 3) तथा मतपत्र का लिफाफ़ा ए (13बी) शामिल है। ईटीपीबीएस के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा गणना-पूर्व व्यवस्था की जायेगी। इसमें (एक एआरओ की देख-रेख में अधिकतम 10) मेजों पर लिफाफ़ों की स्केनिंग की व्यवस्था की जायेगी। ऐसे प्रत्येक मेज पर एक दल में क्यूआर कोड स्केनर के साथ एक सुपरवाईज़र और एक सहायक होंगे। सॉफ्टवेयर की मदद से प्रत्येक ईटीपीबीएस के बाहरी लिफाफ़े 13-सी के क्यूआर कोड को स्केन कर पोर्टल में अपलोड किया जायेगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि ईटीपीबीएस के लिए लिफाफों एवं मतपत्र के लिए कलर कोड लागू नहीं होता। मत के ख़ारिज होने के अन्य कारण ईटीपीबीएस पर भी यथावत लागू होंगे। डाक मतपत्र पर मतांकन के लिए कोई विशेष चिन्ह नहीं है। मतदाता द्वारा किसी भी चिन्ह का उपयोग अपनी मतांकन के लिए किया जा सकता है। इस संबंध में निर्देश केवल यह हैं कि निर्वाचक का चयन स्पष्ट परिलक्षित होता हो। किसी तकनीकी कारण से (घोषणा पत्र में त्रुटि, 13-सी में घोषणा पत्र न मिलने, निर्धारित रंग का लिफाफ़ा न होने आदि)गणना में शामिल न किए गये सभी डाक मतवाले लिफाफ़े गणना स्थल से हटा लिये जायेंगे और उन्हें एक अलग पैकेट में सुसंगत टीप के साथ सीलबंद किया जायेगा। शेष लिफाफ़ों के अन्यथा वैध पाये जाने पर सभी 13-सी वाले लिफाफे अपने 13-ए के साथ संलग्न करते हुए (गोपनीयता को दृष्टिगत रखते हुए) गणना स्थल से हटा दिए जायेंगे। इन्हें भी एक अलग पैकेट में सुसंगत टीप के साथ सीलबंद किया जायेगा। इसके बाद ही सभी 13-बी (भीतरी, छोटा लिफाफ़ा) खोला जायेगा और मतपत्र बाहर निकाला जायेगा। डाक मतपत्र (चाहे ईटीपीबी हो या सामान्य) उस स्थिति में अविधिमान्य होंगे जब मतपत्र ( ईटीपीबी को छोड़कर) पर आरओ के हस्ताक्षर की मुहर न लगी हो। एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के समक्ष कोई निशान लगा हो। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के समक्ष अलग-अलग निशान हो तब भी उसे अविधिमान्य किया जाएगा। किसी एक अभ्यर्थी के नाम के समक्ष लगा निशान दूसरे अभ्यर्थी के खाने तक इस प्रकार चला गया हो कि उसके चयन का निर्धारण कर सकना संभव न हो, या किसी भी अभ्यर्थी के नाम के समक्ष कोई निशान न लगा हो। मतपत्र पर किसी निशान से मतदाता की पहचान प्रकट होती हो। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा, रोजगार अधिकारी केदार पटेल, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिले के राजपुर थाने का मामला शातिर ठग चढ़ा पुलिस हत्थे गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जिले के राजपुर थाना अंतर्गत सातीर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से लगभग दो लाख रुपए की समान भी जप्त किया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक तीन निवासी सुनील कुमार गुप्ता उम्र 50 वर्ष के यहां पहुंचा और आरोपी अपने आप को आर्मी का फौजी बताते हुए शंकरगढ़ में जाब करने की बात कही तथा अपना नाम शेखर कुमार दुबे बताया और उसके यहां किराए में रहने लगा कुछ समय व्यतीत होने के बाद आरोपी ने कहा कि मेरे मां का तबीयत बहुत खराब है उनके इलाज के लिए तीन लाख रुपए चाहिए वापस लौटने के बाद मैं चुका दूंगा और इसके बाद फरार हो गया। कुछ समय व्यतीत होने के बाद जब प्रार्थी को पता चला कि हमारे यहां सितंबर माह जो व्यक्ति आया था वह एक नंबर का ठग है और उसका वास्तविक परिचय मुस्ताक अंसारी पिता सलामत शेख उम्र 39 वर्ष साकिन बिडाण्डा थाना मझिआंव जिला गढ़वा (झारखण्ड) का रहने वाला है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर राजपुर पुलिस ने तत्काल आईपीसी की धारा 419,420 के तहत मामला पंजीबद करते हुए विवेचना में जुट गए। और आरोपी मुस्ताक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से ठगी किए गए तीन लाख रुपए में से खरीदा हुआ 01 नग प्लसर मोटर सायकल कीमती डेढ़ लाख रुपए,दो नग मोबाईल कीमत पच्चास हजार रुपए कुल रकम दो लाख रुपए का माल जप्त किया गया है। उक्त मामले के संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि उक्त आरोपी मुस्ताक अंसारी जिले में काम की तलाश में आया था और इस तरह का हरकत कर बैठा उक्त आरोपी के संबंध में अलग से टीम गठित कर इसके निवास स्थान को भेजा जाएगा और इसके पारिवारिक पृष्ठभूमि से लेकर संपूर्ण जानकारी एकत्रित की जाएगी की और इसके द्वारा कहां-कहां पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

# टेबल टेनिस हॉल के नवीनीकरण का प्रस्ताव भेजने के निर्देश: सारंगल

एजेंसी ‹ जालंधर
www.dailypioneer.com



टेबल टेनिस इनडोर हॉल को नया लुक देने के लिये जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने रायजादा हंसराज स्टेडियम के साथ लगते हॉल का दौरा किया और अधिकारियों को हॉल के नवीनीकरण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। सारंगल ने भवन की स्थिति का निरीक्षण करते हुये खेल विभाग के अधिकारियों और जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इमारत को तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है और उन्होंने छत, लकड़ी के फर्श, प्रकाश व्यवस्था, दीवारों और स्वच्छता सहित नवीकरण कार्यों के संबंध में एक नयी अनुमानित परियोजना रिपोर्ट भेजने को कहा ताकि इसे धन के लिये राज्य सरकार को भेजा जा सके। सारंगल ने कहा कि हॉल में प्रशिक्षकों द्वारा 100 खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और उम्मीद जताई कि परियोजना के पूरा होने से अन्य लोगों को भी खेल में शामिल होने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जालंधर भारत का एक खेल केंद्र है और राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तरीय खेल बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करके जिले के प्राचीन गौरव को बहाल करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुविधायें बेहतर होने से खिलाड़ी ठीक से तैयार हो सकेंगे और उन्हें खेल का अभ्यास करने के लिये बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्तियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के अलावा उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बाद में उपायुक्त ने बास्केटबॉल मैदान का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुधार के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# मतगणना के दिन शराब का क्रय एवं विक्रय नहीं होगा: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के भोपाल जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह ने 3 दिसंबर मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित कर जिले में शराब के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना दिवस 3 दिसंबर को 24 घंटे के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस पर जिले की सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों की 87 शराब दुकानों पर मदिरा के क्रय-विक्रय और भंडारण आदि पर प्रतिबंध लागू रहेगा। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए और उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित सभी शराब दुकानों, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलियन क्लब, सैनिक थोक कैंटीन, फुटकर कैंटीन, वाइन विक्रय के लिए स्वीकृत रिटेल आउटलेट एवं अन्य लाइसेंस केंद्र, जिंसी चौराहा स्थित देशी शराब भंडारागार और गांधीनगर स्थित विदेशी शराब भंडारागार से शराब के आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

# दो लोगों की हत्या कर शव दफन करनेवाले चार अपराधी गिरफ्तार

**खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिले में मुरहू थाना क्षेत्र के कोकोर कोचा पहाड़ के जंगल में दो लोगों की हत्या कर शव को दफन करने के मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ़्तार कर लिया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि कोकोर कोचा पहाड़ के जंगल में दो लोगों की हत्या कर शव को दफ्न कर दिया गया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की उपस्थिति में शवों को जमीन से बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान मुरहू थाना क्षेत्र का पांडा बोदरा और बन्दगाव थाना क्षेत्र का सेवेयन हापदगड़ा के रूप में की गई।

# मध्यप्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के चलते कई स्थानों पर हल्की वर्षा के आसार

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण मौसम में आये बदलाव के कारण कई स्थानों पर हुई हल्की वर्षा के बीच अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं। मध्यप्रदेश के मलाजखंड में 31.2, पचमढ़ी 12 मिमि वर्षा बीते चौबीस घंटों के दौरान दर्ज की गई। इसके अलावा महाकौशल अंचल में आने वाले मंडला, सिवनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा सहित बैतूल जिले में कहीं-कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। भोपाल मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि मध्यप्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रुप में सक्रिय है। इसके अलावा हवाओं का रुख उत्तर-पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है। ऐसे में राजधानी भोपाल व इंदौर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी के आसार हैं। नमी प्रभाव के कारण राज्य में कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार राज्य के जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है। संभावना है कि भोपाल-इंदौर संभाग में कोहरा छंटने के बाद धूप दोपहर के समय निकल सकती है।

# गुरुद्वारा अकाल बुंगा अधिग्रहण मामले में निर्दोषों को गिरफ्तार कर रही सरकार: मजीठिया

**जालंधर।** पूर्व मंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के महासचिव बिक्रम सिंह मजीठिया ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने न केवल सुल्तानपुर लोधी के अकाल बुंगा गुरुद्वारे में गुरबानी का पाठ कर रही शांतिपूर्ण संगत पर हमला किया था, बल्कि तीन निर्दोष लोगों को गिरफ्तार भी किया था। एक पीड़ित के माता-पिता के साथ यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मजीठिया ने कहा कि पीड़ित गुरप्रीत सिंह, निशान सिंह और बाघेल सिंह को 21 नवंबर को अकाल बुंगा गुरुद्वारे में एक कथित घटना के लिए 22 नवंबर को सुल्तानपुर लोधी से गिरफ्तार किया गया था, जबकि घटना के दिन वह अमृतसर में श्री दरबार साहिब में मौजूद थे। उन्होंने 21 नवंबर को अमृतसर में तीनों की मौजूदगी की सीसीटीवी कैमरा क्लिप भी दिखायी। मजीठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सबसे पहले अकाल बुंगा गुरुद्वारे पर हमले का आदेश दिया था।

# आस्था की प्रतीक 'चूड़धार चोटी' पर पहली बार हेलीकॉप्टर लैंडिंग

एजेंसी ‹ शिमला
www.dailypioneer.com

दक्षिण हिमाचल सहित पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक 'भगवान शिरगुल जी महाराज' की तपोस्थली चूड़धार चोटी पर पहली बार हेलीकॉप्टर की लैंडिंग हुई है। कुछ वर्ष पहले हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया गया था, लेकिन लैंडिंग नहीं हुई थी। शिमला प्रशासन की कोशिश पर ये ट्रायल सफल रहा है। शिमला हेलीपोर्ट से उड़ान भरने के बाद हेलीकॉप्टर चूड़धार चोटी के कालाबाग में करीब 12-15 मिनट में लैंड हो गया। कांग्रेस के संगठन मंत्री रजनीश खिमटा ने एक निजी कंपनी का चौपर हायर किया था। शिमला से चूड़धार की उड़ान में उपायुक्त आदित्य नेगी, चौपाल के एसडीएम नारायण सिंह चौहान, कांग्रेस के संगठन महामंत्री रजनीश खिमटा व डीएफओ भी शामिल थे। छह सीटर चौपर का ट्रायल सफल हुआ है। ट्रायल के सफल होने के बाद प्रशासन जल्द ही श्रद्धालुओं के लिए भी चौपर सुविधा उपलब्ध करवाने की तैयारी में जुट सकता है। इसके लिए दो बिंदुओं पर कार्य हो रहा है। पहला प्रयास ये है कि छह-छह सीटर दो चौपर को लैंड करने की व्यवस्था हो। दूसरी कोशिश ये है कि बड़े हेलीकॉप्टर को उतारा जा सके। चूड़धार चोटी तक पहुंचने के लिए दो मुख्य पैदल रास्ते हैं। सिरमौर के नौहराधार से करीब 16 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई से चूड़धार पहुंचा जा सकता है। वहीं, दूसरी तरफचौपाल के सराहं से भी 8-10 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई है। सराहं से पुलबाहल तक सड़क के निर्माण से पैदल दूरी काफी घट भी गई है। तकरीबन 11 से 12 हजार फीट की ऊंचाई पर भगवान शिरगुल के प्राचीन मंदिर को जीर्णोद्धार के बाद नया स्वरूप प्रदान करने का कार्य भी पूरा हो चुका है। इसी बीच चौपाल के एसडीएम नारायण सिंह चौहान ने शिमला से चूड़धार के टेक ऑफ व लैंडिंग के सफल ट्रायल की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त शिमला भी चोटी पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि सुबह नौ बजे के आसपास टेक ऑफ किया गया था। मंदिर में करीब दो घंटे बिताने के बाद प्रशासन वापस शिमला लौटा था।

# डिजिटल डिवाइड का समाधान होना ही चाहिए: सिद्दारमैया

एजेंसी ‹ बेंगलुरू
www.dailypioneer.com



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि डिजिटल विभाजन एक वास्तविकता है और इसे संबोधित किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रौद्योगिकी का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सके, भले ही उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। सिद्दारमैया ने 2023 बेंगलुरु टैक समिट के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य शासन में सूचित निर्णय लेने के लिए डेटा और एनालिटिक्स की शक्ति का उपयोग करके लक्षित पहलों के माध्यम से इस अंतर को पाटना है। द बियॉन्ड बेंगलुरु उस दिशा में एक अनूठी पहल है, जिसका प्राथमिक ध्यान बेंगलुरु से परे के क्षेत्रों में पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने और बढ़ाने और डिजिटल विभाजन को पाटने पर है। राज्य सरकार इस तकनीकी प्रक्षेप पथ को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, और नवाचार की अगली लहर का समर्थन करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे में निवेश करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। सिद्दारमैया ने कहा कि सरकार उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और ऐसी नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो कर्नाटक राज्य को वैश्विक तकनीकी मंच पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। आईटी क्षेत्र की सफलता के पीछे कर्नाटक एक प्रेरक शक्ति रहा है, जिसने देश के निर्यात में लगभग 85 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जीवंत उद्योग ने न केवल 12 लाख से अधिक पेशेवरों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया है, बल्कि 31 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करके एक व्यापक प्रभाव भी पैदा किया है। सॉफ्टवेयर निर्यात में कर्नाटक की हिस्सेदारी, देश के कुल निर्यात का लगभग 40 प्रतिशत है, जो वैश्विक आईटी पावरहाउस के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करती है। कर्नाटक वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए सबसे अधिक मांग वाला गंतव्य बन गया है, जो भारत में लगभग 40 प्रतिशत जीसीसी की मेजबानी करता है। उन्होंने कहा, एक कुशल डिजिटल प्रतिभा पूल की उपलब्धता, एक संपन्न नवाचार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तथा एक अनुकूल नीति वातावरण ने कर्नाटक में जीसीसी की विकास कहानी को बढ़ावा दिया है। राज्य द्वारा जैव प्रौद्योगिकी में और प्रगति करने की पृष्ठभूमि में, सिद्दारमैया ने एक संशोधित बायोटेक नीति की घोषणा करते हुए कहा, यह नीति संशोधन इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आगे रहने और विकास को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सिद्दारमैया ने कहा कि उनकी सरकार एक निर्बाध पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर केंद्रित है जो निवेश, प्रतिभा और अवसरों को आकर्षित करती है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि कर्नाटक को नवप्रवर्तन और बढ़ते व्यवसायों के लिए ' एंड-टू-एंड इकोसिस्टम' वाले केंद्र के रूप में देखा जाए। शपथपत्र-आधारित मंजूरी से लेकर भूमि सुधार, केंद्रीय निरीक्षण प्रणाली और एकल-खिड़की मंजूरी तक, हम जो भी कदम उठाते हैं उसका उद्देश्य उद्योग-अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहित करना है।÷

# अगहन का पहला गुरुवार आज, मां लक्ष्मी के पग चिन्ह घर के द्वार से पूजा स्थल तक बनाए गए

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



पूरे कार्तिक माह में स्नान की परंपरा निभाकर भगवान विष्णु की पूजा की गई। अब अगहन महीना में भगवान विष्णु की अर्धांगिनी महालक्ष्मी की पूजा की परंपरा निभाई जाएगी। आज से अगहन गुरुवार प्रारंभ हो गया है। इस पूजा में महिलाएं एक दिन पहले घरों की साफ-सफाई कर दूसरे दिन भोर में दिया जलाकर मां लक्ष्मी की पूजा आराधना करती है। अगहन मा में देवी भगवती की उपासना शुभ फलदाई होती है।

अगहन के प्रत्येक गुरुवार का बड़ा महत्व होता है इसके चलते इसकी विधि विधान से पूजा की जाती है इस बार अगहन माह में कुल चार गुरुवार पड़ेंगे। वैसे तो अगहन वहां 24 नवंबर से शुरू हो गया और 22 दिसंबर तक चलेगा 30 नवंबर को आज अगहन का प्रथम गुरुवार पर्व मनाया जा रहा है। इस दिन विभिन्न नक्षत्रों का सहयोग भी बन रहा है। चंद्रमा को अर्घ्य देने से चंद्र देव की कृपा प्राप्त होती है। अगहन गुरुवार में व्रत रखने का विधान है इस दिन स्नान आदि के बाद भोर में और शाम को चंद्रमा के उदित होने के बाद पुष्प, नैवेद्य, धूप, दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान गणेश व लक्ष्मी की पूजा की जाएगी।

### घरों के द्वार पर बनी मां लक्ष्मी के पद चिन्ह

बुधवार की शाम लोगों के घर के द्वारा से लेकर पूजा स्थल तक चावल आटे के घोल से मां लक्ष्मी के पद चिन्ह और आंगन में अल्पना सजाए गए। आज गुरुवार की सुबह सूर्य निकलने से पहले महिलाएं स्नान कर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। यही क्रम दोपहर व शाम को भी चलेगा ।इस बीच मां को तीनों टाइम अलग-अलग भोग अर्पित किया जाएगा।

### पग चिन्ह बनाकर माता लक्ष्मी को करती है आव्हान

अगहन मां को दूसरों का महीना माना गया है इस माह खास कर गुरुवार को घर में साफ सफाई मन वचन कर्म से पूरी सात्विकता रहने पर मां लक्ष्मी का आगमन होता है यही वजह है कि महिलाएं हर बुधवार को घर द्वार को रंगोली से सजाकर पूजा स्थल तक देवी के पग चिन्ह बनाकर गुरुवार को भोर में उनका आह्वान करती है। ऐसी मान्यता है कि अगहन गुरुवार में मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक का विचरण करने आती है इस समय घर द्वार की विशेष साज सज्जा के साथ दूसरों की विधि व्रत पूजा अर्चना करने से घर में सुख समृद्धि आती है।

# फर्जी हिंदुत्व की आड़ में जनता को गुमराह कर रही है भाजपा: नीरज

वार्ता ‹ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार विधान परिषद सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता नीरज कुमार ने राज्य के विद्यालयों में अवकाश को लेकर मचे घमासान के बीच भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला और कहा कि भाजपा फर्जी हिंदुत्व की आड़ में जनता को गुमराह कर रही है। कुमार ने फेसबुक लाइव के माध्यम से भाजपा पर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी फर्जी हिंदुत्व के नाम पर जनता के बीच भ्रम फैला रही है। उन्होंने पूछा कि देशभर के केंद्रीय विद्यालय केंद्र सरकार द्वारा संचालित किए जाते हैं और मौजूदा समय में केंद्र में तथाकथित हिंदूवादी भाजपा की सरकार है लेकिन हैरानी का विषय यह है कि केंद्रीय विद्यालयों में महाशिवरात्रि, रक्षाबंधन, गोवर्धन पूजा, भाईदूज, रामनवमी, अनंत पूजा और जितिया पर्व की एक भी छुट्टी नहीं है। इससे साफपता चलता है कि भाजपा हिंदुत्व के प्रति कितनी संवेदनशील है। विधान पार्षद ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हिंदुत्व का दंभ भरती है और हम जानते हैं कि पूर्वांचल के प्रत्येक घरों में छठ महापर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है लेकिन यह जानकर आश्चर्य हुआ कि उत्तर प्रदेश में छठ की छुट्टी केवल एक दिन ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि छठ महापर्व मानने वाले पूर्वांचलवासियों के साथ यह दोहरा रवैया क्यों। कुमार ने कहा कि बिहार माता जानकी की जन्मभूमि है और बिहार में प्रत्येक वर्ष 17 मई को जानकी नवमी की छुट्टी दी जाती है। उन्होंने भाजपा पर दलित विरोधी मानसिकता से ग्रसित होने का भी आरोप लगाया और कहा कि बिहार में रविदास जयंती और कबीर जयंती की छुट्टी मिलती है लेकिन केंद्र सरकार के केंद्रीय विद्यालयों में इसकी कोई छुट्टी नहीं है। विधान पार्षद ने कहा कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में भैयादूज, गोवर्धन पूजा और जितिया पर्व की छुट्टी नहीं मिलती है और बनारस के ही आईआईटी में दिवाली और दशहरा की छुट्टी मात्र एक दिन की है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक सुविधा के अनुसार हिन्दू धर्म का इस्तेमाल करती है। दूसरों को उपदेश देने के बजाए फर्जी हिंदुत्व का चोला ओढ़े भाजपा को पहले अपनी कमियों को सुधारना चाहिए।

# गोबर की लकड़ी बनाकर महिला समूह कर सकती है अतिरिक्त आय : विजय दयाराम के.

## मुख्य मार्गों में मलबा डालने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही के निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बुधवार की सुबह शहर के एसएलआरएम सेंटरों का निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डोगाघाट में संचालित सेंटर को गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद और गोबर से लकड़ी बनाने वाले सेंटर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सेंटर में कार्य करने वाली महिला समूह को गोबर की लकड़ी बनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, उक्त लकड़ियों का उपयोग मुक्तिधाम में करवाने कहा ताकि समूह के सदस्यों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो। डोगाघाट सेंटर में गोबर से बिजली बनाने वाले यूनिट में उपयोग हुए गोबर को भी लकड़ी बनाने में प्रयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसएलआरएम सेंटरों में स्थित वर्मी खाद को डोगाघाट में स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सेंटरों में कचरा कलेक्शन को सख्ती से करवाने और शहर के मुख्य मार्गों में मलबा डालने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। सभी एसएलआरएम सेंटर की जमींन को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस निरीक्षण दौरे में आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी भी रहे। कलेक्टर विजय ने प्रवीर वार्ड स्थित एसएलआरएम सेंटर की महिलाओं से चर्चाकर परिसर की साफ-सफाई के साथ साथ प्रत्येक दिन कचरा प्रबंधन के लिए महिलाओं को अधिक मेहनत कर वेस्ट मटेरियल से अतिरिक्त आय का जरिया बनाने के लिए जोर दिया। उन्होंने सेंटर में स्थापित मशीन का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए कहा। परिसर में कचरा प्रबंधन को नियमित कर ज्यादा वेस्ट मटेरियल वाले सेंटरों से प्राथमिकता से हटाने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए एमआरएफ के कर्मियों को भी संलग्न करने कहा। सेंटर के बाहर रखे मलबा और कचरा को हटाकर समतल करने निर्देश दिए। इसके उपरांत महाराणा प्रताप वार्ड के एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही कंगोली स्थित नगर निगम के 5.5 एकड़ में फैले डंपिंग यार्ड का जायजा लिया। उन्होंने यार्ड को डी क्लेम करने और मैदान का नजरी नक्शा बनाकर देने के निर्देश दिए। डंपिंग यार्ड में रखे पुराने मशीनों का इस्तेमाल और कंडम घोषित करवाने के संबंध में भी चर्चा किया गया। उन्होंने कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित निराकरण करने तथा डंपिंग यार्ड में सिर्फ नालियों के कचरा को ही लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने धरमपुरा एसआरएलएम सेंटर का निरीक्षण के दौरान पहुंच मार्ग को व्यवस्थित करने और परिसर के आसपास के जगह को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

# कोकोड़ी में विधिक साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को दी गई विधिक जानकारी



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन एवं निदेर्शानुसार और अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंधन कार्यालय व सुनील कुमार मरकाम पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय के द्वारा शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कोकोड़ी के छात्र-छात्राओं में विधिक जागरूकता लाने के उदेश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में व बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार, 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाया जाना चाहिए अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्तनहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में, आरटीई अधिनियम 2009 के रूप में जाना जाता है जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21। के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटरयान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में, सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100, नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई क्योंकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित नहीं रहे। इस अवसर पर पी.एल.व्ही. रविन्द्र बघेल एवं शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कोकोड़ी के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# परिचित को बचाने के लिए गेंग रेप व छेड़छाड़ की लिखाई झूठी रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कोडागांव के थाना केशकाल में दो अलग-अलग प्राथीर्यों द्वारा की गई एक झूठी रिपोर्ट सामने आया हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक नाबालिक पुत्री के साथ दिनांक 25 नवंबर को हुए बलात्कार एवं छेडछाड़ के किस्से का दावा किया गया हैं। प्रार्थियों की रिपोर्ट के आधार पर थाना केशकाल में अपराध की पंजीबद्धि हुई, लेकिन शुरुआती जाँच करने पर एक अद्यतित दृष्टिकोण सामने आया। एक संयुक्त पुलिस एवं साइबर शाखा की टीम ने घटना के सीधे संदर्भ को जाँचा और रिपोर्ट को झूठा पाया। टीम का अनुसरण मोबाइल काल डेटा, टॉवर डम्प एनालिसिस और साइबर फॉरेंसिक्स एविडेन्स के साथ किया गया, जिससे प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार पुलिस ने रिपोर्ट को झूठा साबित किया। प्रार्थियों के द्वारा दिखाए गए नकाब पोश व्यक्तियों के साथ हुए बलात्कार एवं छेडछाड़ के आरोपों को साबित करने में असमर्थता प्रमाणित हुई। विवेचना में प्राप्त हुआ कि, पीड़िता का नाबालिक दोस्त अपचारी बालक था, जिसने दिनांक 25 नवंबर को पीड़िता के साथ बलात्कार किया था। पीड़िता के साथ उसकी सहेली के बीच छेड़छाड़ की घटना नहीं हुई थी। प्राधिकृत्य की स्थिति में, पुलिस ने अपचारी बालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए उचित कदम उठाने का निर्णय लिया हैं और मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। इस पूरे मामले में केशकाल पुलिस और साइबर शाखा की संयुक्त टीम को बड़ा योगदान दिखा गया है, जिसने त्वरित और सटीक जाँच के माध्यम से इस झूठे मामले की पहचान करने में सफलता प्राप्त की है।

# विश्रामपुरी में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




विकासखंड बड़ेराजपुर जिला कोंडागांव में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया, विशेष अतिथि संकुल प्राचार्य संकुल केन्द्र विश्रामपुरी व माध्यमिक शाला कोडापारा की पूर्व प्रधान अध्यापिका रमो देहारी रही। कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि द्वारा मां सरस्वती की पूजा अराधना करके किया गया। इसके बाद हमारे मुख्य अतिथि कंवल सिंह पोया विकास खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा संकुल केन्द्र विश्रामपुरी के अंतर्गत सभी प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुख, शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्र, छात्राओं को कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के महत्व के बारे मे बताया गया। इसी कड़ी में हमारे विशेष अतिथि के.के.नाग और देहारी ने भी कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के महत्व के बारे मे प्रकाश डाला, कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के उद्बोधन के पश्चात अतिथियों द्वारा विभिन्न संस्थाओ से लेकर आये कबाड़ से जुगाड़ टी.एल.एम. का निरीक्षण किया गया व निरीक्षण करने के पश्चात संकुल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले संस्थाओ को पुरस्कार प्रदान किया गया। कबाड़ से जुगाड़ माध्यमिक वर्ग में कस्तुरबा गांधी विद्यालय विश्रामपुरी प्रथम व माध्यमिक शाला हल्बापारा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया उसी प्रकार प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक शाला विश्रामपुरी प्रथम और प्राथमिक शाला बीरापारा द्वितीय स्थान पर रहें। प्रथम, द्वितीय आने वाले इन चारो संस्थाओ को शील्ड देकर पुरुष्कृत किया गया। कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल केन्द्र विश्रामपुरी के संकुल समन्वयक, सभी प्रधान अध्यापकों, शिक्षक और शिक्षिकाओं ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

# हरवेल में अनजान व्यक्ति ने गाड़ी में लगाई आग

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला अंतर्गत ग्राम हरवेल में सोमवार रात एक अनजान व्यक्ति ने हरिनाथ मंडावी के रिश्तेदार संभु पांडे के घर के सामने पार्क की गाड़ी को आग लगाई और फिर फरार हो गया। इस घटना का रिपोर्ट अब तक दर्ज नहीं किया गया हैं। गाड़ी का नंबर पहचानना मुश्किल हो गया हैं। जानकारी अनुसार हरिनाथ मंडावी निवासी हरवेल में अपने रिश्तेदार के यहां रुके हुए थे और उनकी पार्क की गाड़ी को सोमवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाई। घटना का रिपोर्ट तक पहुँचाने में अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं। गाड़ी को आग लगाने वाले व्यक्ति की पहचान अभी तक संभावना से बाहर हैं। इस घटना के पीछे का कारण भी अभी स्पष्ट नहीं हैं और रिपोर्ट के अधिक विवरण के लिए पुलिस की जांच जारी हैं।

# जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह में जन शिक्षण संस्थान बस्तर ने समृद्धि के साथ आयोजित किए कई कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




जन शिक्षण संस्थान बस्तर ने 15 नवंबर से 26 नवंबर तक मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों, गावों, शहरो व सेंटरों में कई ज्ञानवर्धन और खेलकूद, जागरूकता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सप्ताह के दौरान स्कूलों में निबंध लेखन, सेंटरों में रंगोली प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, शैक्षणिक जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान, स्कूलों में प्लांटेशन रैली, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सेंटरों में खेल कूद, योगा इवेंट, और जनजातिया जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रशिक्षणकर्ता और प्रशिक्षणाथीयी को समापन समारोह में सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्रों के साथ हुई सम्मान समारोह ने इन उत्कृष्ट साक्षरता और सांस्कृतिक क्रियाओं में योगदान करने वालों को उत्साहवर्धन करने का एक नया माध्यम प्रदान किया है। जन शिक्षण संस्थान बस्तर के प्रमुख सुशिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस सप्ताह का आयोजन सामाजिक सद्भावना और सांस्कृतिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान इसी प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में शिक्षा, सामाजिक विकास और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। परियोजना निदेशक बी. नागेश के द्वारा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों का विवरण दिया गया तथा इसमें सम्मिलित कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार पाण्डेय, सहायक कार्यक्रम अधिकारी ईशा यादव, कमल यादव, हरी मोहन राय तथा समस्त परियोजना के प्रशिक्षण कर्ता एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

## दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने फिर मचाया आतंक, मोबाइल टावर में लगाई आग

**दंतेवाड़ा।** जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने हर्राकोडेर गांव में लगे मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया। ये क्षेत्र अबुझमाड़ का क्षेत्र है। जहां नक्सलियों ने टावर को निशाना बनाया है, ये गांव बारसूर से नारायणपुर जाने वाले मार्ग पर है। दंतेवाड़ा में चुनाव के दौरान बैकफुट में रहने वाले नक्सली अब प्राइवेट और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रविवार की रात भांसी में जमकर उत्पात मचाने के बाद नक्सलियों ने मोबाइल टावर में की गई आगजनी के बाद प्रेस नोट जारी किया। नक्सलियों ने इसकी जवाबदारी लेते हुए बैलाडिला से दंतेवाड़ा के बीच बन रही सड़क का विरोध किया है। अब एक बार बार फिर मोबाइल टावर में आगजनी कर दी है, जिससे बड़ी आबादी को नेटवर्क की समस्या से जूझना पड़ेगा।

## कलेक्टर ने मतगणना दलों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के दिए निर्देश

# नियमों के अनुरूप तनावमुक्त होकर करें मतगणना कार्य : कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. की उपस्थिति में बुधवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में मतगणना प्रक्रिया के संबंध में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिले में मतगणना कार्य हेतु माईक्रो आब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों का दायित्व नारी शक्ति को दी गई है। इस मौके पर कलेक्टर विजय ने कहा कि 3 दिसम्बर को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना शासकीय आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा स्थित मतगणना केन्द्र में की जाएगी। मतगणना केन्द्र में मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, जो जिम्मेदारी दी गई है उसे नियमों के अनुरूप तनावमुक्त होकर पूरी शिद्दत से करें। कलेक्टर ने मतगणना से सम्बंधित अधिकारियों और मतगणना दलों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं मतगणना दल मतगणना के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रत्येक प्रक्रिया की पूरी जानकारी लेने सहित उसे बारीकी से समझें, अपनी शंकाओं का समाधान अवश्य कर लेवें ताकि मतगणना कार्य को नियमानुसार बेहतर ढंग से संपन्न कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईटीपीबीएस, डाकमत पत्र, ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं ईटीपीबीएस, डाकमत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। इसके साथ ही ईटीपीबीएस की गणना के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए मॉक काउंटिंग करके देखा तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# बाबा साहब सेवा संस्था ने मनाया महात्मा ज्योतिबा फुले की 133वीं पुण्यतिथि




पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुलेराव की 133 वीं पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस समर्पण में संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, पी पी गोडाने, अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, सिद्धार्थ महाजन, संदीप वासनिकर, तथ्य सील चौरे और अन्य संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहें। इस अवसर पर, सभी उपस्थित व्यक्तियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के समर्पण और उनके नेतृत्व में किए गए समाजसेवा के योगदान की सराहना की और उनकी नेक कार्यों को याद किया। संस्था ने इस अवसर पर मलयार्पण और श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी जताया।

# जिले के 15 हजार से अधिक किसानों ने 126 करोड़ रूपए से अधिक का बेचा धान

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत कलेक्टर आकाश छिकारा के कुशल नेतृत्व में गरियाबंद जिला प्रदेश के अग्रणी धान उपार्जन करने वाले जिलों में शामिल है। साथ ही धान उठाव एवं चावल जमा में भी अग्रणी है। गरियाबंद जिले के 67 समितियों के उपार्जन केन्द्रों में धान की लगातार आवक बनी हुई है। अब तक जिले के कुल 15 हजार 174 कृषकों ने अब तक कुल 57 हजार 842 मेट्रिक टन धान सहकारी समितियों में बेच चुके है। इस प्रकार समितियों द्वारा 126 करोड़ 50 लाख रूपए का धान विक्रय कर लिया गया है। जिनको धान बेचने वाले किसानों के बैंक खाते में 48 घंटे के अंदर अंतरित कर दी गयी है। धान खरीदी के साथ धान का उठाव भी लगातार जारी है। गरियाबंद जिले के अब तक के कुल उपार्जित धान 57 हजार 842 मेट्रिक टन में से 31 हजार 491 मेट्रिक टन धान जिले के पंजीकृत मिलर्स द्वारा उठाव कर लिया गया है। गरियाबंद जिला कुल उपार्जित धान के 54 प्रतिशत धान का उठाव कर प्रदेश में अग्रणी स्थान पर है। जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान उठाव के एवज मे जिला गरियाबंद के कस्टम मिलिंग कर 1825.29 मेट्रिक टन चॉवल नागरिक आपूर्ति निगम मे जमा कराया गया है। जोकि चावल जमा के आधार पर प्रदेश में प्रथम है। गरियाबंद जिले में धान खरीदी और खरीदे गए धान का परिवहन एवम् उठाव सुचारू रूप से चल रहा है। जो कि जिले के लिए आगामी खरीदी दिवसों के लिए अच्छे संकेत है। जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि जिले के कुल 50 पंजीकृत मिलों की कुल मासिक मिलिंग क्षमता 82872 मे. टन के आधार पर अभी धान उठाव और चावल जमा में और अधिक प्रगति आने की संभावना है। जिले के पंजीकृत मिलों को धान उठाव तेजी से करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# पुन्नी पर किया गया भव्य मड़ई-मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com





सिमगा परिछैत्र में कुछ ही दूरी में ग्राम नवागांव में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पुन्नी मेला के समय जय बाबा देवता जन सेवा समिती व ग्राम वासियो की सहयोग से इस वर्ष भी मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। जो की ग्राम नवागांव मे बाबा देवता का मंदिर स्थित हैं। जो की मनवाच्छित बाबा देवता की प्रतिमा विराजमान है। यह मंदिर गांव के बाहर में स्थित है। गांव के अलावा आसपास गांवो के श्रद्धालुओं में भगवान के प्रति आस्था का क्रेंद बना रहता है। जहां पर साखक्षात भगवान नवगांव में ही विराजमान है। उनकी समाधि भी मंदिर के पास ही बनी हुई है। लोगो का मानना है की बावा देवता उस गांव की लोगों की अपनी कृपा दृष्टी बनाये रखता है। यही नहीं जो भी भक्तगण श्रद्धा पूवर्क सच्चे तन मन से बावा देवता की पूजा अर्चना करते है। उनकी मनोकामना पुर्ण होती है। समितीयो व ग्राम वासीयों द्वारा कार्तिक पुन्नी में प्रति वर्षानुसार मडाई मेला का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में मड़ाई मेला का आयोजन मंगलवार के दिन समिती के सदस्यों द्वारा किया गया है। यादव और यदु समाज के लोगो ने विशेष रूप वेश भूषा धारण कर अपने आपको गड़वा गाजे बाजे के साथ दोहा बोलते हुए व नृत्य करते हुये दिखे और गांव व आसपास के लोगों ने मड़ाई मेला का आनंद उठाया आपको बता दे की यादव समाज और यदु समाज के लोगों द्वारा अपने लाठियों को आकर्षक फूलो के. साथ सजाया गया था। मड़ाई मेला में दूर दूर से लोग आये थे जो की बहुत ही आकर्षक का क्रेंद लग रहा था दुकाने भी खुब सजे थी जिसमे मिठाई की दुकाने, हॉटल की दुकाने खिलौने की दुकाने, बलून, झूला, चार्ट सेटर, सब्जी दुकाने के अलावा बहुत सी दुकाने लगी हुई थी। गांव की महिलाओ, पुरूषों के अलावा छोटे छोटे बच्चों ने खूब मौज मस्ती की बावा देवता की पुजा पाठ कर मड़ाई मेला में धुम धुम कर मेला का आनंद उठाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिती व ग्राम वासियों का भरपुर सहयोग रहा।

## कबाड़ी दुकान बेलगाम, लोहे के उपकरणों की चोरी का बढ़ा ग्राफ

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



कबाड़ी के धंधा में लिप्त कुछ कारोबारी अवैध सामाग्रियों का भी क्रय करने में कोताही नहीं बरत रहे हैं नतीजतन लोहे की उपकरणों की चोरी का ग्राफ बढ़ा हुआ है वहीं संबंधित विभाग भी इस मामले को नजर अंदाज करते नजर आ रहा है । रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा नगर में दर्जनों कबाड़ी के दूकान संचालित हो रहा है । जानकारी में आया है कि खेत खलिहान में लगे लोहे व अन्य उपकरणों की चोरी की वारदातो में इजाफा हुआ है वहीं शासकीय सामाग्री, के अलावा सार्बवजनिक स्थलों से उपकरणों पर भी हाथ साफ किये जाना सामान्य हो गया है कहा जा रहा है कि इसका लिंक कहीं ना कहीं कबाड़ी संचालकों से जुड़ा हुआ है । जाहिर है कि इस तरह के वस्तु सामाग्री की चोरी होना और सुराख भी नहीं लगना ,इस कारोबार से जुड़े सरगनाओं का संरक्षण हो सकता है । लोगों का आरोप है कि कबाड़ के नाम पर लाखों रुपयों का सामाग्रियों का हेरा फेरी हो रहा है और प्रशासन मदमस्त है , संबंधित विभाग को इतना भी फुर्सत नहीं है कि क्षेत्र मे संचालित कबाड़ी दूकानों पर नजर रखी जा सके ,जिसके चलते इस अवैध धंधे में लिप्त कारोबारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है ।और क्षेत्र में कीमती उपकरणों का चोरी का क्रम लगातार जारी है। जिनकी शिकायत की प्रति दफ्तर की फाईलो में कैद है ।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर में हुआ 21मरीजों का निःशुल्क उपचार

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जिला महासमुन्द नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया 21 मरीज को निदान किया गया। निःशुल्क दवाई के साथ मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा बीएमओ डॉ बी एस बढ़ाई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर एवं समस्त स्टॉफका सहयोग रहा. शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे सेकेट्रीक सोशल वर्कर , टेकलाल मानिटरिंग और टीम उपस्थित थे।

## मौसम में नमी, धान खरीदी केंद्रों में बारिश से बचाव संबंधित निर्देश जारी

### धान भीगा तो जिम्मेदारी केंद्र प्रभारी की : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने पत्र जारी कर सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैप रखने कहा गया है। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा है की बारिश से धान भीगा तो सीधा कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर होगा। उसके लिए जिम्मेदार स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि किसान सुबह-सुबह धान बेचने आते है तो उनके लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अभी एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक, खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यालय को प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश दिए है।

## एकादशी व्रत करने से मिलती है रोगों से मुक्ति : यशवंत महाराज

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पुराना रायपुर नाका में पंडा परिवार द्वारा आयोजित भागवत महापुराण यज्ञ में महाराज डॉक्टर यशवंत शर्मा ने छठवें दिन श्रोताओं को सुदामा चरित्र और भगवान कृष्ण की लीलाओं की कथा सुनाई। महाराज ने कहा भगवान कृष्ण ने मित्र सुदामा के साथ मित्रता को निभा यह ज्ञान एवं शिक्षा प्रदान की मित्रता से बढ़कर और कुछ नहीं होता। सच्चे मित्र व बंधु की परीक्षा कठिन समय में ही होती है। भगवान ने मित्रता निभा यह भी सिद्ध किया के मित्रता के बीच में धन संपत्ति यश कीर्ति सब छोटा है और सच्चे मित्र के लिए मित्र का उत्थान व विकास और जनकल्याण संभव है। जैसा संग वैसा रंग आज के परिवेश में प्रत्येक जनमानस को भगवान श्री कृष्ण की उसे उदारवादी एवं प्रेम से परिपूर्ण मित्रता को अपने जीवन में आदर्श के रूप में देखना और और उसका अनुसरण करना चाहिए। आज की मित्रता में समर्पण एवं सद्भाव का लोक हो रहा है ऐसे में भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता हम सभी के लिए वह मिशाल है। भगवान श्री कृष्ण ने द्वारिकापूरी का निर्माण कर एक अच्छे इंजीनियरिंग का नमूना प्रस्तुत किया। यह अद्भुत विधा और कला हमारे भारत में ही है इसीलिए भारत को विश्व गुरु कहा जाता है। भगवान कृष्ण ने ही गीता जैसे ज्ञान एवं वेद वेदांत की जानकारी दी। भगवान कृष्ण ही एक ऐसे भगवान है जिनके पास 16 कलाएं हैं। इन्ही से विधाओं का विज्ञान का प्रचार प्रसार हुआ। भगवान कृष्ण की लीला में अनेक रहस्य है। मानव जाति को एक उन्नत एवं उच्च व कुशल जीवन जीने का मार्ग भगवान ने बताया। मार्शल आर्ट के जनक भगवान श्री कृष्ण हैं। उनकी मुरली की मधुर धुन गौ, ऋषि-मुनि मनुष्य एवं मनुष्यों का मन मोह लेते थे। महाराज ने कथा के दौरान एकादशी व्रत की महत्ता भी श्रोताओं को बताई। उन्होंने कहा कि एकादशी व्रतों का राजा है। इसलिए इसमें अन्न का सेवन वर्जित है। ऋषियों के अनुसार अन्न में संपूर्ण पाप आकर के निवास करते हैं। इसलिए एकादशी में अन्न का ग्रहण नहीं करना चाहिए। एकादशी व्रत रहने से हमें आध्यात्मिक एवं लौकिक दोनों लाभ प्राप्त होते हैं। आध्यात्मिक लाभ भगवत प्राप्ति एवं पुण्य की प्राप्ति और लौकिक में रोगों का नाश एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। एकादशी पुण्यवर्धक एवं स्वास्थ्यवर्धक दोनों ही व्रत है वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी प्रमाणित है विज्ञान भी यह मानती है कि एकादशी व्रत में एक दिन निराहार रहने से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता हैं।

## मतगणना प्रेक्षकों के सहयोग हेतु लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मतगणना के लिए महासमुंद जिले के प्रत्येक विधानसभा के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक के सहयोग हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक जफर मलिक के सहयोग हेतु अनिल भास्करन उप वनमंडलाधिकारी को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 40 बसना के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक अजीत नारायण हजारिका के सहयोग के लिए सनत कुमार साहू खनिज अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र 41 खल्लारी के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार के सहयोग हेतु विकास चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी सामान्य वनमण्डल महासमुंद एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक रविंद्रनाथ प्रसाद सिंग के सहयोग के लिए अब्दुल वहीद खान उप वनमंडलाधिकारी को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। लाइजनिंग अधिकारी मतगणना प्रेक्षक की निगरानी में कार्य संपादित करेंगे।

### गाइड के रूप में राजस्व निरीक्षकों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 का मतगणना कार्य कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में 3 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल में ईवीएम को भृत्यों के माध्यम से लाने ले जाने के गाइड के रूप में राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी विधानसभा वार लगाई गई है। इनमें सरायपाली 39 अंतर्गत राजस्व निरीक्षक जगमोहन बरिहा एवं उत्तम कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 40 बसना अंतर्गत राजस्व निरीक्षक ताहर सिंह ठाकुर, राजेश कुमार साहू, खल्लारी 41 अंतर्गत राजस्व निरीक्षक हरीश चंद बेहरा, देव सिंह दीवान एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार साहू और पुरुषोत्तम बरिहा की ड्यूटी लगाई गई है।

## कांग्रेस जनो ने किया शोभा यात्रा का स्वागत सिंधी एवं सिख समाज के लोगों को दी बधाई



पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सोमवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर बलौदाबाजार नगर में सिंधी समाज एवं सिख समाज के द्वारा संध्याकाल मे शोभा यात्रा का आयोजन किया गया था। उक्त यात्रा के दौरान स्थानीय कांग्रेस जनों ने विधानसभा प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में पंज प्यारो एवं दोनो समाज के सभी महिला एवं पुरुषों का सम्मान कर उन्हें गुरुपर्व की बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा जलपान का भी प्रबंध किया गया था। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस सुहेला अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा, संतोष तिवारी संदीप पांडेय, अनिल साहू, प्रभाकर मिश्र, विक्रम पटेल, मनोज प्रजापति, लखेश साहू, गणेश शंकर साहू आशीष पांडेय, पार्षद धर्मेंद्र वर्मा, दिगम्बर साहू गोल्डी मरैया, गौतम ठेठवार, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के सदस्य मौजूद थे।

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना कार्य करें संपन्न : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में रिटर्निंग अधिकारी,सहायक रिटर्निंग अधिकारी, माईक्रो आब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर कुमार ने कहा कि 3 दिसम्बर को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना नवीन मंडी परिसर बलौदाबाजार में की जाएगी। मतगणना स्थल में मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को सुबह 7 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने मतगणना अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं मतगणना अधिकारियों को मतगणना के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतगणना कार्य नियमानुसार एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। उन्होंने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण में स्टेट मास्टर ट्रेनर्स तिवारी द्वारा ईटीपीबीएस, डाकमत पत्र, ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईटीपीबीएस, डाकमत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। डाक मतपत्रों की गणना,ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। ऐसे डाकमत पत्र जो रिजेक्ट किए जाएंगे उसे अलग से रखा जाएगा। ईटीपीबीएस के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे।

## भाजपाईयों ने नगर भवन के समक्ष मुख्य मार्ग पर गुरु ग्रंथ साहेब की शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



सिख समाज के प्रथम गुरु गुरुनानक जी के प्रकाश पर्व पर सोमवार को सिख समाज द्वारा शहर में पंज प्यारे की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरुद्वारा से निकली शोभायात्रा नगर भवन के समक्ष पहुंची जहां भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा एवं नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के नेतृत्व में भाजपाईयों ने फूलमालाओं से शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने सिख समाज के प्रथम गुरु पूज्य गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि गुरुनानक देव जी ने जीवन भर मानवता और ईश्वर की प्रार्थना का संदेश दिया था। गुरुनानक देव के रूप में एक ऐसा सितारा धरती पर उतरा था जिनके सत्य, प्रेम, सद्भावना, भाईचारे के सिद्धांत व संदेश आज मानव समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने शोभायात्रा में उपस्थित समस्त सिख समाज के अनुयाइयों को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता विजय केशरवानी, नीलम सोनी, नरेश केशरवानी, सुनीता वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा रितेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, आलोक अग्रवाल, सतीश पटेल, मनोज कांत पुरेना, सविता साहू, रीटा केशरवानी, मंजीत कौर सलूजा, राजू सलूजा, रोमी साहू, राजेश वर्मा, संजय श्रीवास, राहुल सोनी, पवन जायसवाल, इंदू पंजवानी, प्रदीप साहू, अंजय श्रीवास, कपिल कश्यप, प्रणव अवस्थी, अमन तिवारी, आकाश सिंह, अंशु ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहें।

## नेचुरोपैथी स्पेशलिस्ट वेणुगोपाल का 1 दिसंबर को सेमिनार आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से नेचुरोपैथी स्पेशलिस्ट ब्रम्हाकुमार वेणुगोपाल का 1 दिसंबर शुक्रवार शाम 5 बजे स्वाध्याय भवन कालेज रोड में एक सेमिनार आयोजित की जायगी, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लाभार्थ इस सेमिनार का लक्ष्य वर्तमान समय में लाईलाज लगने वाली मधुमेह उच्च रक्तचाप एसीडिटी अल्सर जॉइंट पेन जैसी बिमारियों का प्राकृतिक तरीके एक मानसिक समस्याओं का आध्यात्मिक समाधान प्राप्त करना है, इस सेमिनार को नगर का हर वर्ग लाभ ले सकते हैं ।

## रबी बीज का उठाव एवं उतेरा फसल की किसान करें तैयारी, कृषि विभाग ने जारी की समसामयिकी सलाह

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार/कसडोल
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चदंन कुमार के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा रबी फसलों के बुवाई हेतु बीज भण्डारण बीज निगम के माध्यम से किया गया है। इस वर्ष जिले में अच्छी बारिश होने के कारण भूमि में पर्याप्त मात्रा में नमी उपलब्ध है, जिसका लाभ उठाकर किसान भाई अधिक से अधिक क्षेत्र में रबी फसलों की खेती कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं, कृषक रबी फसलों के लिए खेत की तैयारी करें, इस हेतु ट्रेक्टर चलित रोटावेटर अथवा कल्टीवेटर का प्रयोग कर खाली खेती में उथली जुताई करें तथा तिवड़ा, मसूर, मटर, चना, कुसुम, अलसी, कुल्थी, मूंग, उड़द, तोरिया, सूरजमुखी एवं चारे वाले फसलों की बुवाई करें। वर्तमान में धान फसल कटाई जारी है, कटाई के पश्चात् 03 से 05 दिनों तक धूप में सुखने हेतु खेतों को छोड़ दें। किसान भाई धान कटाई के पश्चात् खेतों में बचे फसल अवशेष को जलायें नहीं, बल्कि उसका उचित प्रबंधन करें। कृषकों के मांग के आधार पर रबी फसल अनाज (गेहूं मक्का, रागी, कोदो, कुटकी) 3455 क्विं., दलहन (चना, मटर, मसूर, उड़द, मूंग, तिवडा आदि) 3860 क्विं. एवं तिलहन (सरसों, मूंगफली, अलसी, कुसुम, सूरजमुखी आदि ) 490 क्विं. कुल 7805 क्विं. बीज मांग प्रेषित किया गया है, जिसका भण्डारण बीज निगम द्वारा जिले के विभिन्न समितियों में प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में विकासखण्ड पलारी के सहकारी समिति अमेरा में गेहूँ 30 क्विं. एवं तिवड़ा 5 क्विं कोसमंदी में 50 क्विं., वटगन में तिवड़ा 5 क्विं. एवं सरसों 3.20 क्विं. एवं पलारी तिवड़ा 3 क्विं. एवं सरसों 2 क्विं., भाटापारा के सहकारी समिति धुर्राबांधा में 80 क्विं. एवं सरसों 0.50 क्विं. का भण्डारण हो गया है। तथा अन्य समितियों में भण्डारण का कार्य जारी है। राज्य शासन के निर्देशानुसार फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है, जिले के किसान भाई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व समितियों के माध्यम से बीज मांग कर सकते हैं। वर्तमान में कृषक उतेरा फसल हेतु जिन क्षेत्रों में धान परिपक्वता की ओर है तथा भूमि में नमी है वहां उतेरा का फसल ले सकते हैं। यह समय उतेरा फसल के लिए उपयुक्त है जो किसान भाई उतेरा का फसल लेना चाहते हैं वे तिवड़ा,अलसी एवं सरसों की फसल उतेरा हेतु उपयुक्त है। उतेरा कम खर्च में अधिक आमदनी देने वाली फसल है। उतेरा हेतु पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा अनुरोध किया गया है कि किसान भाई अधिक से अधिक रबी व उतेरा फसल लेकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते है। तथा आवश्यकतानुसार समितियों से बीज उठाव करें तथा अनुरोध है कि जिन किसान भाईयों द्वारा आधार बीज का बोनी हेतु प्रयोग किया जा रहा है वे बीज निगम में अनिवार्य रूप से बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन करावें।

# सर्विस रोड पर निगम ने चलाया वृहद बेदखली अभियान जमीन समतल कर पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त किये





पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सर्विस रोड पर निगम ने वृहद बेदखली अभियान चलाकर दक्षिण गंगोत्री एवं उत्तर गंगोत्री क्षेत्र के 35 स्थानो से कब्जा हटाने की कार्यवाही किए। जिन लोगों ने बॉस बल्ली, ठेला गोमचे, बेनर पोस्टर, बोर्ड तथा विक्रय के लिए वाहन को रख थे उनसे दंड भी वसूला गया। सड़क पर डंप रेत, गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री को हटाकर सड़क को आवागमन के लिए खाली कराया गया। अभियान के दौरान 20800 जुर्माना भी वसूल किया गया। साथ ही 3 कंडम वाहन को भी सड़क से हटाया गया। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम भिलाई का अमला लावलस्कर के साथ प्रातः 10:30 बजे दक्षिण गंगोत्री के सर्विस रोड पर कार्यवाही करने उतरे तो आटो डीलर अपने विक्रय के सेकेण्ड हैंड वाहनो को जी.ई.रोड और सर्विस रोड के बीच पार्किंग स्थल पर प्रदर्शन हेतु लगाए हुए थे, उन्होने निगम की कार्यवाही को देखकर स्वयं अपने वाहनो को हटाना शुरू कर दिये, इसके अलावा सर्विस रोड के किनारे लगाए गए होर्डिंग्स व साइन बोर्ड को भी उखाड़कर जप्ती बनाया गया। कई स्थानों पर ठेले खोमचे पर चाय, नाश्ता बेचने वालों के कारण सड़क में बाधा आ रही थी उसे बांस बल्ली से अस्थायी कब्जे तथा लोहे से बने गुमटी को जेसीबी से लिफ्ट कर जप्त किया गया। तोड़फोड़ दस्ता के साथ चल रहे जे.सी.बी. सुपेल चौक से लेकर प्रयास स्कूल के सामने तक सर्विस रोड के किनारे जमीन को समतल कर चूना मार्किंग किया गया ताकि उक्त स्थल पर व्यवस्थित रूप से लोग अपना वाहन खड़े कर सके। कार्यवाही के दौरान 7 स्थानों से अवैध कब्जा, 16 स्थानों से वाहन विक्रेता को हटाया गया वहीं स्ट्रीट वेंडर्स के रूप में 15 फूल विक्रेता जो सड़क पर सामान फैलाकर व्यवसाय कर रहे थे उन्हें आवंटन के अतिरिक्त किए गए घेरे को गुरूवार को स्वयं से हटा लेने को कहा गया है। बेदखली अभियान का नेतृत्व अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अभियान के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, ट्राफिक उप अधीक्षक पीड़ी चंद्रा कर रहे थे।

# सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ रही निगम की टीम आवारा मवेशी पकड़ने 2 पालियों में कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




घूमन्तू मवेशी मुक्त शहर बनाने के लिए निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। कहीं भी झुंड में मवेशियों के बैठे होने की शिकायत पर टीम शीघ्रता से वहां पहुंचकर उन्हें पकड़ने का कार्य कर रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवारा मवेशी मुक्त शहर बनाये जाने के निर्देश कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने दिये है। जिसके लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विशेष दल का गठन किया है जिसमें शामिल दल के कर्मचारी दो पाली में अभियान चलाकर 3 काउकैचर वाहन के माध्यम से निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में घूम घूम कर मवेशियों को पकड़ रहे है साथ ही सभी प्रमुख बाजार में सुबह एवं शाम के समय फेरा लगा रहे है जिससे कि बाजार में आने वाले नागरिकों को आवारा मवेशियों की वजह से किसी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त व्यास के निर्देश पर नवम्बर माह में ही 223 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है, जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है। बता दें कि गौठान में बढ़ रहे पशुओ की संख्या को देखते हुए भिलाई निगम की सीमा जामुल परिक्षेत्र के पास एक नया गौठान का निर्माण किया जा रहा है साथ ही जनपद पंचायत से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण गौठानो में भी जानवरो को रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है।

# जोहार आदिवासी कला मंच का प्रांतीय सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी

## 70 कलाकार और साहित्यकारों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले के नगरी विकासखण्ड की आदिवासी हल्बा समाज शक्ति सदन में प्रदेश स्तरीय जोहार आदिवासी कला मंच के तत्वाधान में 26 नवंबर संविधान दिवस के शुभ अवसर पर जोहार आदिवासी कला मंच ने प्रदेश स्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह एवं काव्य पाठ एवं विभिन्न कला प्रदर्शनी का आयोजन नगरी नगर में किया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के अलग.अलग जिलों से पहुंचे सैकड़ो की संख्या में आदिवासी कलाकार, कवि, लेखक, साहित्यकार, खिलाड़ी तथा कला प्रेमी अपनी आदिवासी वेशभूषा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय स्तर पर पद्मश्री सम्मानित अजय कुमार मंडावीए अतिविशिष्ट अतिथि रूपराय नेताम शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान छत्तीसगढ़ शासन,अति जीवराखन लाल मरई जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाजए उमेश देव तह अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, रैनलाल देव अध्यक्ष हल्बा समाज तहसील नगरी, राम प्रसाद मरकाम अध्यक्ष गोंडवाना समाज तहसील नगरीएछेद प्रकाश कौशिल अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज तहसील नगरीएरहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूरणमल ध्रुव प्रांतीय अध्यक्ष जोहार आदिवासी कला मंच ने किया। उपस्थित अतिथियों के कर कमलों से पेन पुरखा की अर्जी विनती के साथ गोंडी भाषा में राज गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। गोंडी भाषा में राजकीय गीत की प्रस्तुति लया ज्योति मंडावी ने दी। संविधान के प्रस्तावना के वाचन के बाद उपस्थित अतिथियों ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन से आदिवासी समाज के होनहार प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में जोहार मंच की इस पहल का मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुई समाज में जागृति एवं अपने हक अधिकार को जानने एवं समझने की बात कही गई। समाज के कवियों द्वारा अलग.अलग विषयों पर काव्य पाठ किया गया । समाज के होनहार व्यक्तियों को आदिवासी गौरव सम्मान से नवाजा गयाएइसके साथ पंजीकृत प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया।

# केसीपीएस कुरूद के प्री. प्राइमरी के नन्हे-मुन्हें बच्चों का हुआ शैक्षणिक भ्रमण ,एडवेंचर पार्क का लिया भरपूर आनंद

पायनियर संवाददाता ◂ कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com



कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद के प्री.प्राइमरी विभाग के नन्हे. मुन्हें बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण में जिले के पर्यटन स्थल गंगरेल जलाशय अंतर्गत एडवेंचर पार्क ले जाया गया। इस दौरान बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में एडवेंचर पार्क के प्राकृतिक मनमोहक स्थल का दर्शन किया।उन्होंने वहां की खूबसूरत वादियों में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पार्क के पूरे हिस्सो को घूमते हुए मिकी माउस, जंपिंग, स्लाइडिंग,रिंग जंपिंग, बोटिंग सहित झूलों का भरपूर आनंद लिया और इस भ्रमण के सारे पलों को यादगार बना लिया। बच्चों ने इन मनमोहक भरे पलों को अपनी मीठी मुस्कान से अविस्मरणीय बना दिया। इस भ्रमण के प्रति बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। नर्सरी, एलकेजी , यूकेजी, पहली और दूसरी के सभी बच्चों ने अपने कक्षा शिक्षकों के साथ साथ गंगरेल बांध के दर्शन भी किए और वहां के प्राकृतिक नजारों को बहुत करीब से देखा और उससे जुड़ी जानकारियों को हासिल किया। प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने बताया कि आज हम विद्यालय के इस सत्र शैक्षणिक भ्रमण के तीसरे पड़ाव के तहत प्री.प्राइमरी विभाग के साथ गंगरेल बांध और यहां के प्राकृतिक मनोरम स्थल एडवेंचर पार्क में भ्रमण के लिए आए है। बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और उन्हे इसकी विविध जानकारी के साथ उनका मनोरजन करने हमने आज यहां के सभी स्थलों का बहुत नजदीक से भ्रमण किया। छत्तीसगढ के सबसे लम्बे बांध के रूप में पहचाने जाने वाले रविशंकर जलाशय जिसे लोग गंगरेल बांध के रूप में जानते हैं। कहा जाता हैं जब इस बांध में लबालब पानी भरा होता हैं, तो देखने वालों को अद्भुतए रोमांचकारी लगता हैं। पिकनिक, पर्यटन स्थल व मिनी गोवा के रूप में जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए द्वारा गंगरेल बांध में वाट्र स्पोर्ट्स समेत अन्य मनोरंजक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसमें जेट स्काई बोट, क्रुज बोटए पैरा सेल, स्पीड बोटए स्लो बोट मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। गंगरेल में ही समुद्र की तरह बोटिंग सुविधा का रोमांच सैलानियों को खूब आकर्षित करती है। निश्चित तौर पर हमने आज इन मासूम बच्चों के साथ प्रकृति के मनोरम दृश्य का अवलोकन कर इस यात्रा में चार चांद लगा दिया। इससे पूर्व भी प्राइमरी, मिडिल और हाई. हायर के बच्चो के लिए कुछ दिन पूर्व इसी तरह का हमने शैक्षणिक भ्रमण निकाला थाए जिसमें बच्चों ने न केवल प्रकृति के मनमोहक नजारों के बीच वहां से जुड़ी जानकारियां हासिल की एसाथ ही उल्लास और उमंग की प्राप्ति करते हुए मानसिक रूप से ताजगी पाकर इस यात्रा के साक्षी बने। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक हेमंत सोनी,अश्वन सिन्हा,चंद्रिका मांझी, किरण सिंह, राकेश यादव ,सुब्रा हिशीकर, श्वेता सिंह, हिमेश्वरी चन्द्राकर, चंद्रकांती पटेल, कांति बैस, वंदना सेन, हेमलता साहू, उमा बैस, साक्षी दीक्षित सहित नर्सरी, यूकेजी, एलकेजी, पहली और दुसरी के नन्हे.मुन्हे बच्चें, सभी दीदीयां सहित स्कूल के वाहन चालक शामिल रहे।यह जानकारी संस्था के प्रचार. प्रसार प्रभारी मुकेश कश्यप ने दी।

# मतगणना कार्य के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने मतगणना कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना 3 दिसंबर 2023 को शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में किया जाना है। मतगणना स्थल में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं सहयोगी अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किये गए है। मतगणना स्थल में कानून व सुरक्षा व्यवस्था के लिए अरविन्द कुमार एक्का, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, दुर्ग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग को, मतगणना से संबंधित संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मतगणना हेतु कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन एवं विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्ति आदेश जारी कराने संबंधी कार्य हेतु अश्वनी कुमार देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग, अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, अमित घोष सांख्यिकी अधिकारी शिक्षा विभाग एवं पुष्पा पुरूषोत्तमन शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार मतगणना से संबंधित आवश्यक सभी सामग्रियों की चेकलिस्ट अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर्स को सौपते हुए पावती संधारित कर जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु महेश सिंह राजपूत डिप्टी कलेक्टर दुर्ग एवं पुष्पलता ध्रुव जिला पंजीयक दुर्ग को, मतगणना स्थल में बेरिकेटिंग तथा दिव्यांग जनों हेतु रैम्प की व्यवस्था एवं सहायता केंद्र की स्थापना का दायित्व उत्त्म ध्रुव डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग को, निर्वाचन नियम पुस्तक तथा सभी अधिकारी व कर्मचारी।

# निगम ने गौरवपथ से फल विक्रेताओं को मानस भवन के पास स्थित गुमटियों में किया व्यवस्थापित

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर बाजार अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव के अलावा टीम गौरवपथ सड़क के आजु बाजू ठेला-गुमटी को हटाया गया और उन्हें नगर पालिक निगम की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत फुटकर फल व्यवसायियो को मानस भवन के पास गुमटी रख कर व्यवसाय करने हेतु व्यस्थापित किया जा रहा है जिससे पथ विक्रेताओं को एक निश्चित सुविधाजनक स्थान प्रदाय किया जा सके।इसके दृष्टिगत आज गांधी चौक से जेल चौक तक के फल विक्रेताओं को मानसभवन के पास स्थित गुमटियों में व्यवस्थापित किया गया।इस दौरान निगम अमले ने उतई चौक गौरवपथ क्षेत्र से लेकर जेल चौक तक के सड़क किनारे ठेले, खोमचे लगाकर कारोबार करने वालों को टीम ने दर्जनों जगहों से सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाया गया।निगम अमला को देखकर कुछ कब्जाधारी स्वयं अपना सामान हटाने लगे। बुधवार को अभियान के दौरान निगम के ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे। नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि शहर की सुंदरता एवं सड़क किनारे कब्जा होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। इस संबंध में निगम को लगातार शिकायत मिल रही थी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की जाएगी।

# डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान, डेंगू के प्रकरण निरंक

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 28 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीज की संख्या 01 है। डेंगू संभावित मरीज के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 192366 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-216197 जिनमें से 87516 खाली कराये गये। सभी कटेनरों में 120776 स्थानों में टेमीफस डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 188440 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उत्तको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नही मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी।

## श्रेयांश पवार (ओम) का निधन



**धमतरी।** मराठा पारा वार्ड निवासी रितेश राव पवार एवं नीलू पवार पार्षद मराठापारा के अनुज सुपुत्र श्रेयांश पवार (ओम) उम्र 17 वर्ष का अस्वस्थता के कारण निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा बुधवार 29 नवंबर को समय सुबह निवास मराठापारा से शांति घाट के लिए निकाली गई। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिको के अलावा समाजजन बडी संख्या उपस्थित थे।

## जिले के 6 विधानसभाओं के आरओ, एआरओ हुए शामिल

# अधिकारियों को मतगणना एवं सीलिंग कार्य के लिए दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com




विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य 03 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। जिले के सभी 6 विधानसभाओं के मतगणना में शामिल रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को आज बीआईटी सभागार दुर्ग में प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। निर्वाचन प्रशिक्षक ने मतगणना के दौरान किए जाने वाले दायित्वों की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम परंतु सबसे संवेदनशील चरण है। इसलिए गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक के रूप में आपका काम सरल होने के बावजूद आपको इसे अत्यंत गंभीरता से लेना चाहिए। मतगणना से संबंधित महत्वपूर्ण वैधानिक प्रावधान, मतगणना केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं, ईवीएम द्वारा मतगणना, वीवीपैट पर्चियो की गणना, डाक मतपत्रों की गणना एवं परिणाम की घोषणा के बारीकियों के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है एवं इस दौरान कौन-सी प्रारूप में आवश्यक प्रतिपूर्ति की जानी, इसकी जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया गया। विधानसभावार 14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाईजर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, गणना सहायक और माईक्रोआब्जर्वर होंगे। डाक मतपत्र को दो वर्गो में बांटा गया है, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट एवं साधरण डाक मतपत्र। दोनों की गणना के लिए अलग गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक होंगे। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती प्रारंभ होगी। डाक मतपत्रों की गणना रिटर्निंग ऑफिसर करेंगे। इस कार्य के लिए नियुक्त गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक उनकी सहायता करेंगे। डाक मतपत्रों की वैधता के बारे में आरओ का निर्णय ही मान्य होगा। साथ ही ईटीपीबी से भिन्न डाक मत के निरस्त अथवा अमान्य होने के आधार को भी बताया गया। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु निर्धारित लोगों को प्रवेश पास जारी किया जाएगा। मतगणना स्थल पर मोबाईल फोन या अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण लेकर प्रवेश करना पूर्णतः वर्जित होगा। मतगणना के दौरान प्रथम पंक्ति में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल के गणना अभिकर्ता, द्वितीय पंक्ति में अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्य दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता बैठ सकेगा। इसी तरह तीसरे स्थान पर पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता तत्पश्चात निर्दलीय अभ्यर्थियों के अभिकर्ता बैठ सकेंगे।

वीवीपैट पर्चियों से मतगणना हेतु ईसीआई के निर्देशानुसार वीवीपैट से अनिवार्य गणना के समय यदि पर्चियों की गणना का परिणाम सीयू के परिणाम से भिन्न हो तो उसकी पुनः गणना की जाएगी। ऐसा तब तक किया जाएगा जब तक कि गणना परिणाम पूर्व की किसी गणना अथवा सीयू की गणना से मेल न कर जाए।

सीलिंग कार्य के लिए दिया गया प्रशिक्षण- निर्वाचन प्रशिक्षक लक्ष्मीकांत भारती ने बताया कि मतगणना पश्चात ईवीएम, वीवीपैट एवं डाक मतपत्र में सीलिंग के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के विधानसभावार परिणाम घोषणा के पश्चात डाक मतपत्र की गणना करने वाले टीम के द्वारा ही विधानसभावार डाक मतपत्रों का सीलिंग का कार्य संपन्न कराया जाएगा जिसके लिए एक प्रभारी अधिकारी और एक सहायक होगा।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**धमतरी।** छत्तीसगढ में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं,उनसे शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयनए स्वीकृति एवं वितरण के लिए वेबसाईट https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु नवीन, नवीनीकरण 28 नवंबर से 30 दिसंबर तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने की तिथि 15 दिसंबर 2023 से 20 जनवरी 2024 तक और सेंक्शन ऑर्डर लिक. लॉक करने के लिए 15 दिसंबर 2023 से 24 जनवरी 2024 तक तिथि निर्धारित की गई है।

## मृतिका के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतिका के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मगरघटा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी आरती बांधे की विगत 10 अप्रैल 2023 को मगरघटा बसी तालाब में नहाते वक्त डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा मृतिका स्व. आरती बांधे के पिता सुरेश बांधे को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# वायु प्रदूषण कार्ययोजना जरूरी

**दिल्ली-एनसीआर** में लगातार बने रहने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समुचित कार्ययोजना जरूरी है। दिल्ली-एनसीआर के वातावरण में स्मोग, धुंध तथा खतरनाक हवा आपकी नाक, फेफडों व समग्र स्वास्थ्य को चौपट कर सकती है। सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के बाद दिल्ली तथा अन्य सटे हुए राज्यों में पराली जलाना बंद होने पर थोड़ी राहत मिली और अधिकारी सुविधाजनक रूप से इस विभीषिका को भूल गए। लेकिन तापमान गिरते ही भारी हवा ने प्रदूषित हवा का ऊपर जाना बंद कर दिया जिससे दिल्ली-एनसीआर एक बार फिर जहरीली हवा का सामना कर रहा है। पराली जलाने के अलावा निर्माण गतिविधियां, वाहनों और उद्योगों से पैदा होने वाला प्रदूषण तथा अनेक अन्य आयाम हवा की विषाक्तता बढ़ाने का काम करते हैं, लेकिन इसके बावजूद इससे निपटने की कोई कार्ययोजना अभी तक नहीं बनी है। कुछ सप्ताह पहले जब दिल्ली का एक्यूआई खतरनाक स्तर तक पहुंच गया था तब दिल्ली सरकार ने बड़े जोश से घोषणा की थी कि वह करोड़ों रुपये खर्च कर 'क्लाउड सीडिंग' के माध्यम से कृत्रिम वर्षा कराएगी जिससे हवा में मौजूद प्रदूषक कण धुल जाएंगे। लेकिन अनेक अन्य कल्पनाशील योजनाओं की तरह यह भी ठंडे बस्ते में चली गई। अब इस खर्चीले प्रयोग की कोई बात भी नहीं करता है। हालांकि, दिल्ली सरकार द्वारा क्लाउड सीडिंग के माध्यम से कृत्रिम वर्षा की महत्वाकांक्षी योजना अनेक नुकसानों व भारी-भरकम खर्च के बावजूद लाभकारी सिद्ध हो सकती थी। कृत्रिम वर्षा के लिए क्लाउड सीडिंग में सिल्वर आयोडाइड क्रिस्टलों, पोटेशियम आयोडाइड और सूखी बर्फ के कण बादलों में बिखेरे जाते हैं। इन कणों से पानी की भाप जमने में सुविधा होती है। इससे बर्फ के क्रिस्टल या वर्षा की बूंदें बनती हैं जो बाद में बरसात का करा सकती हैं।

कृत्रिम वर्षा के अनेक लाभ होते हैं। इनमें हवा के प्रदूषकों का बिखराव तथा धूल, धुंए, स्मोग, धुंध व वातावरण में रसायनों की कमी शामिल हैं। इससे फसलों के लिए नमी का स्तर भी बढ़ जाता है जिससे कृषि क्षेत्र को लाभ हो सकता है। लेकिन कृत्रिम वर्षा कराने में सफलता उपयुक्त मौसमी स्थितियों पर निर्भर करती है, जिससे इसकी व्यावहारिकता सीमित हो जाती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह सटीक नहीं है और समस्या समाधान की गारंटी नहीं है। क्लाउड सीडिंग की प्रभावशीलता एक परियोजना से दूसरी परियोजना में अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही सिल्वर आयोडाइड जैसे हानिकारक रसायनों के प्रयोग से पेड़-पौधे प्रभावित हो सकते हैं। इससे आयोडीन विषाक्तता पैदा हो सकती है जिसे 'आयोडिज्म' कहा जाता है। कृत्रिम वर्षा कराने से जलवायु का पैटर्न प्रभावित हो सकता है। इससे अनिच्छित या विनाशकारी मौसम स्थितियां जैसे बाढ़ या तूफान पैदा हो सकती हैं। क्लाउड सीडिंग का खर्च बहुत अधिक है। अनुमान है कि इस पर प्रति वर्ग किलोमीटर 10 लाख से अधिक खर्च हो सकता है। हालांकि, क्लाउड सीडिंग अपने आप में वायु गुणवत्ता संकट का संभावित समाधान हो सकता है, पर इसके नुकसान व इसके बारे में व्याप्त अनिश्चिततायें इसकी दीर्घकालीन प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करती हैं। यदि सरकार इस महत्वाकांक्षी पहल पर गौर करती है तो उसे तात्कालिक सरोकारों तथा व्यापक परिस्थितिकीय प्रभावों के बीच संतुलन बनाए रखने पर ध्यान देना होगा। दिल्ली को वायु प्रदूषण की समस्याओं से निपटने के लिए समय की कसौटी पर खरे उतरे उन अनेकानेक समाधानों पर विचार करना चाहिए जो दुनिया भर में उपलब्ध हैं। हमें अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम समाधान खोजना चाहिए, ऐसा समाधान नहीं जिससे ज्यादा समस्यायें पैदा हो सकती हों।

# तेलंगाना में त्रिकोणीय मुकाबला

## भारत के सबसे युवा राज्य के विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां भारत राष्ट्र समिति, कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी में मुख्य मुकाबला है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत के सबसे युवा राज्य तेलंगाना का गठन 2014 में हुआ था। उस समय से लेकर आज तक भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव सत्तारूढ़ हैं। पहले इस पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति-टीआरएस था जिसे राष्ट्रीय पार्टी बनाने के उद्देश्य से इसका नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस कर दिया गया है। के. चंद्रशेखर राव तीसरी बार सत्ता में आने का प्रयास कर रहे हैं, पर उनको 'सत्ता-विरोधी लहर' की चुनौती का बड़े स्तर पर सामना करना पड़ रहा है। के. चंद्रशेखर राव को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने अलग तेलगांना राज्य गठन के लिए लंबे समय तक व्यापक आंदोलन चलाया। अनेक समस्याओं के बावजूद वे तेलंगाना राज्य का गठन कराने में सफल हुए और इस कारण उनकी लोकप्रियता शिखर पर थी। लेकिन हालिया वर्षों में अनेक कारणों से उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई है।

2018 में चंद्रशेखर राव ने समय से पहले विधानसभा चुनाव कराने का आश्चर्यजनक निर्णय लिया था। उस समय उनकी पार्टी टीआरएस को 119 सदस्यों वाली विधानसभा में 88 सीटों पर विजय मिली थी। उस समय कांग्रेस को 19 सीटें तथा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन-एआईएमआईएम को 7 सीटें मिली थीं। वर्तमान समय में अन्य दलों में विभाजन के परिणामस्वरूप बीआरएस के पास कुल 99 सीटें हैं, जबकि कांग्रेस के पास 8 विधायक हैं। वर्तमान समय में एआईएमआईएम के पास 7 विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के पास 6 विधायक हैं।

के. चंद्रशेखर राव को अपनी पार्टी में तानाशाह माना जाता है। उन्होंने अपने बेटे और बेटी समेत अनेक परिवारी सदस्यों को प्रमुख पदों पर स्थापित किया है। उनके बेटे के.टी. रामाराव-केटीआर उप-मुख्यमंत्री हैं, उनकी बेटी कविता सांसद हैं तथा भतीजे मंत्री हैं। चंद्रशेखर राव की अपने तथा अपने परिवार के लिए व्यापक महत्वाकांक्षायें हैं। कहा जाता है कि वर्तमान विधानसभा चुनाव में विजय के बाद उनका इरादा अपने बेटे केटीआर को राज्य का मुख्यमंत्री बनाना है। के. चंद्रशेखर राव केवल एक राज्य के मुख्यमंत्री तक सीमित रह कर संतुष्ट नहीं हैं और वे राष्ट्रीय स्तर की राजनीति करना चाहते हैं। इसी कारण पहले कदम के रूप में केसीआर ने अपनी पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति-टीआरएस से बदल कर भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस कर दिया है। इससे संकेत मिलता है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करना चाहते हैं। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि के. चंद्रशेखर राव ने पिछले काफी समय से राष्ट्रीय राजनीति में हस्तक्षेप के बार-बार प्रयास किए हैं। वे विपक्षी दलों को एकजुट कर राष्ट्रीय स्तर पर मोर्चा बनाने के लिए प्रयासरत रहे हैं।

केसीआर ने अतीत में तीसरा मोर्चा, संघीय मोर्चा तथा पिछले दशक में विपक्षी दलों का एक सक्रिय समूह गठित करने का प्रयास किया है। लेकिन विडंबना है कि विपक्षी एकता के उनके प्रयासों को देश के अन्य नेताओं की ओर से ज्यादा समर्थन नहीं प्राप्त हो सका। केसीआर ने इन प्रयासों के अंतर्गत अनेक विपक्षी नेताओं से समय-समय पर मुलाकात कर उनसे राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इन नेताओं में नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल आदि शामिल हैं। लेकिन विडंबना है कि विपक्षी दलों के कुछ समय पहले गठित आई-एन-डी-आई-ए या 'इंडिया' समूह ने उनको अपने साथ आने और गठबंधन में शामिल होने का निमंत्रण तक नहीं दिया, जबकि केसीआर का घोषित उद्देश्य भाजपा को चुनौती देना है। कई विपक्षी नेताओं का परोक्ष रूप से मानना है कि केसीआर भाजपा की 'बी टीम' हैं।

तेलंगाना का वर्तमान विधानसभा चुनाव तीन प्रमुख पार्टियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भाजपा तेलंगाना को दक्षिण भारत की अपनी राजनीति में एक अवसर की तरह देख रही है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के परिणाम निश्चित रूप से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव का मैदान तय करेंगे। तेलगूदेशम पार्टी-टीडीपी एक समय महत्वपूर्ण राजनीतिक शक्ति थी, पर पिछले दशक में वह बहुत कमजोर हो गई है। उसके नेता चंद्रबाबू नायडू वर्तमान समय में भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हैं और उन्होंने घोषणा की है कि उनकी पार्टी आगामी चुनावों में भाग नहीं लेगी। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने अपनी स्थिति मजबूत की है और वह टीआरएस को कड़ी चुनौती दे रही है। भाजप का लक्ष्य राज्य में प्रमुख विपक्षी पार्टी बनना है, पर यह आसान नहीं लगता है। नगरपालिका चुनावों में अपनी स्थिति मजबूत करने के बावजूद यह तीसरे स्थान पर खिसक गई है। कर्नाटक में दो बार विजय प्राप्त करने के बावजूद भाजपा का दक्षिण भारत में कोई खास स्थान नहीं है, हालांकि उसने पुडुचेरी में एनआर कांग्रेस से गठबंधन किया है। भाजपा का इरादा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना है ताकि वह उत्तर भारत में किसी संभावित नुकसान की भरपाई कर सके। वैसे भी उत्तर भारत में भाजपा का विस्तार लगभग अपने शिखर पर पहुंच गया है। कांग्रेस को दुःख है कि उसने दबाव में आकर 2014 में आंध्र प्रदेश का विभाजन कर दिया। कांग्रेस को इस बात से गहरा झटका लगा कि इस कदम का उस पर भयानक विपरीत प्रभाव पड़ा और जनता ने टीआरएस को समर्थन देते हुए कांग्रेस को खारिज कर दिया।

इसके साथ ही पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में भी जनता ने कांग्रेस को खारिज कर वाईएसआरसीपी को सत्ता के शिखर पर पहुंचा दिया। वर्तमान विधानसभा चुनाव में केसीआर ने दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। वे गजवेल व कामारेड्डी से चुनाव लड़ रहे हैं। गजवेल में उनका मुकाबला बीआरएस के विद्रोही से है, जबकि कामारेड्डी में उनके मुकाबले कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी हैं। हालांकि, यह कदम भी जोखिम भरा है, पर पार्टी में किसी विद्रोह से बचने के लिए केसीआर ने अपने सभी मंत्रियों व वरिष्ठ विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है। हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार प्रतियोगिता में कांग्रेस सबसे आगे है और इसके बाद बीआरएस व भाजपा का स्थान है। उम्मीद है कि बीआरएस को पिछली बार की तुलना में कम सीटें मिलेंगी, जबकि कांग्रेस को तुलनात्मक रूप से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। सीमित उपस्थिति वाली एआईएमआईएम को भी कुछ सीटों पर सफलता मिल सकती है। कुछ निर्दलीय उम्मीदवार भी एक-दो सीटें जीत सकते हैं। इस प्रकार जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार भाजपा चौथे स्थान पर है, लेकिन कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव प्रचार के अंतिम समय में उसने अपनी स्थिति मजबूत की है।

मुख्यमंत्री केसीआर को विश्वास है कि इस बार उनके काम पर वोट मिलेंगे। उन्होंने सिंचाई व कृषि तथा सूचना प्रौद्योगिकी पर ध्यान केन्द्रित किया है। हालांकि, गूगल जैसे बहुराष्ट्रीय निगमों ने हैदराबाद में वर्ष 2014 से पहले भी निवेश किया था। वर्तमान समाय में तेलंगाना की जीडीपी दूने से अधिक हो गई है। लेकिन अतीत में समृद्ध रहा राज्य आज कर्ज के भारी बोझ से दबा है। कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा तेलंगाना में किसी अन्य पार्टी से संबंध बना सकती है। अफवाहें हैं कि एक गुप्त समझौते के अंतर्गत भाजपा केसीआर की सहायता कर रही है। इसके साथ ही भाजपा केसीआर की बेटी के प्रति मुलायम दृष्टिकोण अपनाएगी जो भ्रष्टाचार के आरोपों में कई केन्द्रीय एजेंसियों के निशाने पर हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, रेवंत रेड्डी के नेतृत्व से कांग्रेस को लाभ हो रहा है। सोनिया गांधी ने मतदाताओं को लुभाने के लिए छः गारंटियों की घोषणा की है जिसमें महिलाओं को 2,500 तथा किसानों को 15,000 रुपये देना शामिल है। केसीआर की सफलता उनकी राजनीतिक रणनीति पर निर्भर है, जबकि विपक्षी उनके परिवार और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। केसीआर ने तेलंगाना मुद्दे पर 2014 में और किसानों के मुद्दे पर 2018 में विजय प्राप्त की है, पर वर्तमान समय में उनको सत्ता-विरोधी लहर तथा उभरती हुई कांग्रेस के साथ अपनी बेटी की खराब छवि का सामना करना पड़ रहा है। कहा जाता है कि तेलंगाना की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है।

# प्राचीन भारत में हुआ करता था लोकतंत्र


> कुदावोलाई एक प्राचीन चुनाव प्रणाली है जिसका उपयोग ग्राम प्रशासन के सदस्यों का चुनाव करने के लिए किया जाता है।

**के एस राधाकृष्णन**
(लेखक, राजनीतिक कार्यकर्ता हैं)



भारत की लोकतांत्रिक विरासत लोकतंत्र के मूल से कहीं आगे तक फैली हुई है। तथ्य यह है कि भारत में लोकतंत्र न केवल पहले स्थापित हुआ था, बल्कि पश्चिम में अपने समकक्षों की तुलना में अधिक संगठित और समावेशी भी था। कुदावोलाई एक प्राचीन चुनाव प्रणाली है जिसका उपयोग ग्राम प्रशासन के सदस्यों का चुनाव करने के लिए किया जाता है। इस पद्धति में, लोग वार्ड में इकट्ठा होते हैं और ताड़ के पत्ते की एक पर्ची पर योग्य उम्मीदवारों के नाम लिखते हैं।

फिर वे इसे एक साथ इकट्ठा करते हैं, इसे एक बर्तन में रखते हैं और मिश्रण के बाद इसे चुनते हैं। इस वैकल्पिक प्रणाली ने सावधानीपूर्वक योजना और समावेशिता का प्रदर्शन किया। कुदावोलाई प्रणाली 9वीं शताब्दी से 16वीं शताब्दी तक प्रचलित थी। इसका प्रमाण परांतक चोल के 12वें शासन वर्ष के तीन शिलालेखों में मिलता है। इनमें से दो उत्तरामेरूर में और दूसरा तंजावुर के पल्लीपक्कम गांव में पाए गए। कई लोग इस कुदावोलाई प्रणाली को तमिलनाडु की लोकतांत्रिक परंपरा का उदाहरण मानते हैं। कुदावोलाई चुनाव प्रणाली से पता चलता है कि चोल काल के दौरान मनु स्मृति का निर्माण और रखरखाव कैसे किया गया था। चुनाव में खड़े होने के लिए क्या योग्यताएं हैं? कौन खड़ा हो सकता है? इनका उत्तर संविधान में दिया गया जो चोल काल में स्पष्ट रूप से लिखा गया था। उत्तरमेरूर, जिसका इतिहास 1250 वर्ष पुराना है, चेन्नई से लगभग 90 किलोमीटर दूर कांचीपुरम जिले में स्थित है। 1000 साल पुराने इस शिलालेख को देखकर हम हैरान रह जाएंगे, ऐसा लगता है जैसे इसे कल ही लिखा गया हो। उत्तरमेरुर 30 परिवारों में विभाजित था। संबंधित परिवार के सदस्यों को उस परिवार से एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए। उम्मीदवारों के पास कुछ बुनियादी योग्यताएं होनी चाहिए। पत्थर के शिलालेख में स्पष्ट रूप से वर्णन किया गया है कि कैसे प्रत्येक गांव को कुडुम्बु के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसे हम आधुनिक भाषा में एक वार्ड कहते हैं। चोल-युग की प्रथा के साथ



उम्मीदवारों को अपनी संपत्ति और संपत्ति घोषित करने की वर्तमान चुनावी आवश्यकता के बीच काफी समानता है। यदि कोई उम्मीदवार अपनी संपत्ति और जीते गए धन की घोषणा करने में विफल रहता है तो जन प्रतिनिधियों को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का भी प्रावधान था। इसके अलावा, अयोग्य घोषित होने पर वह और उनके करीबी रिश्तेदार चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। उत्तरमेरुर के शिलालेख में आम सभा के प्रस्ताव और कुदावोलाई प्रणाली का दिलचस्प विवरण है, जिसका पालन ग्राम सभा या सभा के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए किया जाता था। मंदिर की दीवारों पर लगे शिलालेख भी राज्य के अन्य हिस्सों में ग्राम सभाओं के प्रचलन के बारे में बताते हैं। रिश्वत लेने, दूसरों की संपत्ति का दुरुपयोग करने और इस तरह के दुर्व्यवहार सहित कदाचार के कृत्यों को सख्ती से प्रतिबंधित किया गया था, अगर गांव के साथियों को अवैध गतिविधियों के बारे में पता था, तो सदस्य को एक वर्ष के भीतर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। कदाचार का दोषी साबित होने पर उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। जो लोग भ्रष्टाचार मिटाने और लाखों रुपये इकट्ठा करने की बात करते हैं उन्हें सगासम कहा जाता है। यदि उन्हें किसी अन्य द्वारा संरक्षित किया जाता है, तो संरक्षक भी चुनाव में खड़े नहीं हो सकते।

नैतिकता का उल्लंघन एक आदर्श बन गया है- वर्तमान समय में चुनावी कदाचार, दुर्भावना और बूथ हिंसा की खबरें आती हैं। ऐसी गड़बड़ियों से बचने के लिए पूरी प्रक्रिया पारदर्शी थी और लोगों की उपस्थिति में की जानी थी। शिलालेख में निर्वाचित व्यक्ति को पेरुमक्कल कहा गया है। पेरुमक्कल के लिए कोई भुगतान नहीं किया गया। चुनाव समितियों के गठन के बाद, सभा के कार्य अनेक और विविध थे। 30 निर्वाचित सदस्यों में से 12 सदस्यों को वार्षिक समिति में, 12 सदस्यों को उद्यान समिति के सदस्यों के रूप में और 6 सदस्यों को टैंक समिति में नियुक्त किया गया। ये समितियां उन्हें सौंपे गए विषयों के प्रशासन की देखभाल करती थीं। सामान्य भूमि के प्रबंधन के अलावा, करों का संग्रह भी विशेष रूप से उनके द्वारा किया जाता था। उनके द्वारा करों की वसूली अत्यधिक की जाती थी। इसने केंद्रीय अधिकारियों को भूमि का सर्वेक्षण करने और कर का निर्धारण करने में सहायता की। इसमें संपत्ति के हस्तांतरण को दर्ज किया गया और भूमि विवादों का निपटारा किया गया। सिंचाई की सर्वोत्तम योजना बनाई गई थी, और प्रत्येक तालाब और अन्य जल निकायों का नियमित रूप से रखरखाव किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप समृद्ध कृषि पद्धतियाँ विकसित हुईं।

हजारों साल बीत गए और मानव जाति ने कई बदलाव देखे। क्या शिलालेख में वर्णित चुनाव प्रणाली इस युग के लिए उपयुक्त है? किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले इसे गांवों में आज़माएं, अन्यथा कम से कम कॉलेजों में छात्र नेता बिना किसी प्रचार और दलगत प्रतिद्वंद्विता के नैतिक तरीके से चुने जा सकते हैं। लेकिन अगर हम उस समय के लोगों के अनुशासन, त्याग और समर्पण की तुलना आज के नेताओं से करें तो जितना कम कहा जाए उतना बेहतर होगा।

## आप की बात

### आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### विवादित एक्स

**ट्विटर** से बदलकर एलन मस्क का इंटरनेट मीडिया पर बहस के लिए बना एक्स अब विवादित होता जा रहा है। पेरिस की मेयर एनी हिडाल्गो ने एक्स पर बहस छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह गलत सूचना देने व नफरत फैलाने वाला मंच बन गया है। उन्होंने इसे वैश्विक सीवर बता दिया है जो लोकतंत्र की रचनात्मक बहस के लिए जहर बनता जा रहा है। सोशल मीडिया के अनेक एप्स भले ही वैचारिक मामलों में काफी हद तक ठीक हों किन्तु कुछ तिकड़मबाजों ने दुरुपयोग कर ऐसे मंचों को बदनाम करना शुरू कर दिया है। इसी कारण सरकारों को सख्त नियम बनाने पर विचार ही नहीं करना पड़ रहा बल्कि इस मंच पर पैनी नजर रखने को भी मजबूर होना पड़ रहा है। अनर्गल व अशोभनीय भाषा, बहस, वार्ता, विचार व कमेंट्स का उपयोग आजकल सोशल मीडिया का शगल बन गया है। इसी कारण अनेक सज्जन लोग इससे दूर होते जा रहे हैं। ऐसा ही रहा तो सरकारों को सोशल मीडिया पर सख्त कार्रवाई कर इन पर प्रतिबंध तक लगाना पड़ सकता है। सोशल मीडिया से डीपफेक समेत अपराधों के अनेक रास्ते खुलते हैं, इसलिए इस पर कठोर नियंत्रण लगाना लगातार भारत समेत सारी दुनिया की जरूरत बनता जा रहा है।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### न्यायपालिका की स्थिति

**कॉलेजियम** सिस्टम द्वारा जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार व सुप्रीम कोर्ट के मध्य लंबे समय से बहस चल रही है। संविधान दिवस पर सर्वोच्च न्यायालय में अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण करते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी न्यायपालिका में विसंगतियों को देखते हुए चयन प्रक्रिया को ज्यादा व्यापक बनाने तथा राष्ट्रीय नियुक्ति आयोग के गठन का सुझाव दिया है। हालांकि, राष्ट्रपति ने केवल न्यायपालिका से इस पर विचार का अनुरोध किया है। न्यायपालिका में देश के सभी समूहों, खासकर दलितों, आदिवासियों व महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग नगण्य है। जब दुनिया में किसी भी राष्ट्र में जजों की नियुक्ति का अधिकार सिर्फ जजों को नहीं है तो भारत जैसे विशाल प्रजातंत्र में भी जजों की नियुक्ति, ट्रांसफर प्रमोशन आदि की ज्यादा लोकतांत्रिक व्यवस्था बननी चाहिए। इसके साथ ही न्यायपालिका को व्यापक सुधार की दिशा में कदम उठाने चाहिए तथा आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर भारी संख्या में लंबित मामलों को निपटाने का काम प्राथमिकता पर करना चाहिए। बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप न्यायपालिका का विस्तार भी जरूरी हो गया है।

**– सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्रधानमंत्री का संदेश

**शादी** का आयोजन एक बड़े व्यवसाय में बदल चुका है और डेस्टिनेशन वेडिंग एक आम बात होती जा रही है। ऐसे में अमीर वर्ग के लोगों से प्रधानमंत्री का यह सन्देश निसंदेह ध्यान देने योग्य है कि वे विदेशों में शादी का आयोजन करने के बजाय देश में इसका आयोजन करें ताकि देश का पैसा देश में ही रहे। देश में बहुत अमीर वर्ग के कुछ लोग डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए बैंकाक, मालदीव, दुबई, बाली आदि का चयन करते हैं। हमारे देश में भी एक से बढ़ कर एक शानदार जगहे हैं जहाँ बहुत से लोग शादी का आयोजन करते और अपने परिवार के जीवन में यादगार लम्हे जोड़ते रहे हैं। उदयपुर, जयपुर, केरल, गोवा, ऋषिकेश, मसूरी, अंडमान, आगरा, जैसलमेर इत्यादि जगहों की कमी नहीं है। भारत भौगौलिक व सांस्कृतिक विविधताओं से भरा देश है। ऐसे में प्रधानमंत्री के आह्वान पर चल कर देश में ही शादियों के आयोजन के साथ वोकल फॉर लोकल को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यदि किसी अमीर के आनन्द से गरीब कलाकारों, श्रमिकों व कारीगरों को लाभ होता है तो इससे उनको पुण्य ही मिलेगा।

**– बाल गोविंद,** नोएडा

# बिना परिचय पत्र के किसी को भी मतगणना परिसर के अन्दर जाने की इजाजत नहीं

## मतगणना स्थल पर मोबाइल, धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने शांतिपूर्ण मतगणना एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर कृषि उपज मण्डी बेमेतरा परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा बलों की डियूटी, बैरिकेडिंग आदि के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा, नवागढ़ और साजा की मतगणना आगामी 3 दिसम्बर 2023 (रविवार) को जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी परिसर के अन्दर बनाये गये मतगणना कक्ष में सबेरे आठ बजे से होगी। कृषि उपज मंडी में रविवार को होने वाले मतगणना को लेकर जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता तैयारी की जा रही है। विधानसभा निर्वाचन की मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 08 बजे से की जायेगी। मतगणना स्थल में केवल उम्मीदवार, उनके निर्वाचन अभिकर्ता व मतगणना एजेंट को ही जाने की अनुमति रहेगी। शांतिपूर्ण मतगणना एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु कृषि उपज मंडी के मुख्य प्रवेश द्वार (प्रवेश द्वार क्रमांक 01) से सभी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। प्रवेश द्वार क्रमांक 01 से मतगणना स्थल में केवल उम्मीदवार, उनके निर्वाचन अभिकर्ता व मतगणना एजेंट को ही जाने की अनुमति रहेगी। अधिकृत व्यक्ति निर्धारित पहचान पत्र के साथ मतगणना स्थल एवं परिसर में पैदल प्रवेश करेंगे। उनके वाहनों की पार्किंग के लिए तीन जगह व्यवस्था की गयी है। पहला मंडी मुख्य प्रवेश द्वार के सामने का एक तरफ का मार्ग (सिग्नल चौक से लेकर गस्ती चौक तक), दूसरा गस्ती चौक पास पार्किंग स्थल और तीसरा गस्ती चौक से दुर्गा मंदिर के मध्य स्थित स्थान में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गयी है। बिना परिचय पत्र के किसी को भी परिसर के अन्दर जाने की इजाजत नहीं होगी। मतगणना में लगे अधिकारी-कर्मचारी रायपुर रोड वाली सड़क (प्रवेश द्वार क्रमांक-2) से प्रवेश करेंगे, जिनके लिए धान खरीदी स्थल के पास में वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। मतगणना कक्ष में मोबाईल, कैल्कुलेटर, माचिस, चाकू, नेलकटर, सिगरेट, बिडी नशीले पदार्थ एवं अन्य अनुचित सामग्री लाना प्रतिबंधित है। मतगणना कक्ष, परिसर में तरल, ज्वलनशील पदार्थ, अनुचित नुकीली, धारदार वस्तु, धूम्रपान, गुटका व मोबाईल का प्रवेश पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। मिडियाकर्मीयों को विडियों कैमरो के लिए ट्रईपाड/बाईपाड ले जाने की अनुमति नहीं है। इस मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, निरीक्षक भावना खंडारे, थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, डीएसबी प्रभारी प्रधान आरक्षक एश्वर्य सिंह एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसडीओपी ने किया थाना नवागढ़ का द्वितीय अर्धवार्षिक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन पर एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा थाना नवागढ का द्वतीय अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। एसडीओपी तिर्की द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। तथा थाना की साफ -सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने, लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत का निकाल करने, आपरेशन ईगल अभियान के तहत लंबित स्थाई एवं गिरफ़्तारी वारंट तामिल करने, थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने एवं अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने व साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी तथा यातायात के नियमो के संबंध में जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करने और समाधान हेल्पलाईन नंबर 9479257558 से शिकायत प्राप्त होने की सुचना पर त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी नवागढ निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरी. विपत साहू, एसडीओपी बेमेतरा रीडर प्र. आर. महेन्द्र शर्मा, प्रधान आर. ओमप्रकाश मनहरे, राजीव शर्मा, अशोक तिर्की, पंकज राजपूत, आर. राजेन्द्र साहू, ऋतुराज सिंह एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# गोवा के मार्शल आर्ट में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं




पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने 28 नवम्बर को अपने कक्ष में गोवा में आयोजित 37वां नेशलन गेम्स में शामिल होने वाले बालोद जिले के कलारिपयाट्टू मार्शल आर्ट के प्रतिभागियों से भेंटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि गोवा में आयोजित 37वां नेशनल गेम्स के दौरान बालोद जिले के प्रतिभागियों कलारिपयाट्टू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। इस दौरान जिले के सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक प्रदान किया गया है। कलेक्टर शर्मा ने बालोद जिले के खिलाड़ियों की उत्कृष्ट प्रदर्शन की भूरी-भूरी सराहना की है। शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आप लोगों के बेहतरीन प्रदर्शन एवं उपलब्धि से बालोद जिला गौरवान्वित हुआ है। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कलारिपयाट्टू मार्शल आर्ट के कोच दल्लीराजहरा के लखन कुमार साहू एवं हरबंश कौर सहित बालोद जिले के कलारिपयाट्टू खिलाड़ी मिलन मरई, गगन सोनी, त्रिवेणी, खुशी, खिलेश्वरी एवं डोमेश्वरी उपस्थित थे।

# समाधान महाविद्यालय में वैदिक गणित पर आयोजित कार्यशाला





पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समाधान महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग से कार्यशाला 'वैदिक गणित' विषय पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण द्वारा किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता के रूप में बैंगलोर की वैदिक गणितज्ञ वंदना सिंघल ने विद्यार्थियों को वैदिक गणित का मार्गदर्शन प्रदान किया। वैदिक गणित की उत्पत्ति व जोड़ने, घटाने तथा गुणा करने की पद्धतियों को काफी सरल ढंग से रखा। उनका कहना था कि अगर आप इस तरह से पद्धतियों का उपयोग अपने दैनिक जीवन के जीवन में करेंगे तो यह आपका काफी समय बचाएगा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। अवधारणाओं व पद्धतियों को समझने के लिए अवलोकन करने पर जोर दिया गया। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यशाला आपके लिए काफी लाभदायक रहेगी तथा गणित में गणना करने का कार्य आपके लिए सुगम हो जाएगा।इस कार्यशाला में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, चेतना विकास मूल्य शिक्षा विभाग से स्वीटी मलिक, शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष निधि तिवारी, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष विनीता अग्रवाल, सहायक अध्यापक पूजा वर्मा, अंशु दत्ता, लक्ष्मीनारायण साहू, रानी साहू व अन्य सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

# जिले में मदिराप्रेमियों को नहीं मिल रहा पसंदीदा ब्रांड

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com




शराब के शौकीनों को मयखाने से मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। जिले के शराब दुकानों में मदिराप्रेमियों को उनका पसंदीदा ब्रांड नही मिल रहा है। और यह सिलसिला आचार सहिंता लगने के बाद से लगातार जारी हैं। जबकि बालोद जिले के पड़ोसी जिलों के शराब दुकानों में सभी ब्रांड का स्टॉक है। यहां के मदिराप्रेमियों को वहां तक का सफर तय कर अपना पसंदीदा ब्रांड खरीदना पड़ रहा है। ब्रांडेड शराब नहीं मिलने से जिले का आबकारी विभाग द्वारा शराब आपूर्ति करने वाली कंपनियों, थोक विक्रेताओं से पत्राचार कभी नही किया है। ग्राहकों के लगातार शिकायत के बावजूद आबकारी अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। लेकिन इसका स्थाई समाधान नहीं निकल पाया है। ब्रांड नही होने से राजस्व का भी नुकसान ही रहा हैं।

### ओव्हर रेट ने बिक रही शराब

जिला मुख्यालय सहित जिले के प्रायः सभी देशी-विदेशी एवं कंपोजिट शराब दुकानों में खुलेआम ओवर रेट में शराब बेचकर व ब्रांडेड शराब व बियर नही मिल पाने के साथ ही सेल्समैन व सुपरवाइजर द्वारा नये नाम के लोकल शराब देने के कारण ग्राहकों की जेब में डाका डालने का काम आबकारी विभाग की नाक के नीचे किया जा रहा है। मनपसंद ब्रांड नही मिलने, ओव्हर रेट में शराब बेचने का खेल लगातार जिले में जारी है। ओव्हर रेट में शराब बेचकर लाखों रुपए की अवैध कमाई की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को फोन पर सूचना देने पर भी कार्यवाही करने नहीं आते। और कोई सुनवाई नहीं होती। विभागीय अधिकारियों के संरक्षण के बिना शराब दुकान के कर्मचारी ऐसी हिमाकत नहीं करते।

### सेल्समैनों की मनमानी

जब से शासन द्वारा शराब को ठेका पध्दति से दूर किया है तब से एक ओर शराब के लिए ब्रांड को लेकर विवाद की स्थिति उतपन्न होती रहती है। सेल्समैनों की मनमानी की भी शिकायत लगातार सामने आ रही है। ग्राहकों से अभद्रता व देशी व विदेशी शराब दुकानों में चिल्हर को लेकर सेल्समैनों की कांटामारी की शिकायतें आ रही है। इस तरह की मनमानी को लेकर कभी भी कोई बडी घटना घटित हो सकती है।

### दुकानों में नही मनचाहा ब्रांड, हो रहा है विवाद

एक तरफ शराब के शौकीनों के लिए आबकारी विभाग ने जिला मुख्यालय बालोद एनएच 930 पर विदेशी मदिरा दुकान खोली है। दूसरी ओर जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों के विदेशी या कंपोजिट दुकानो की हालत यह है कि हाई रेंज की शराब व बियर नहीं मिलने से बिक्री भी प्रभावित हो रही है। 100 पाइपर, टीचर्स, एंटीक्यूटी, ब्लेंडर, वैट 69, ब्लैक एंड वाईट, रॉयल प्राइड, रॉक फोर्ड, हनीमून, किंगफिशर, 5000, जैसे ब्रांड की बोतल उपलब्ध नही है। इसके साथ ही 1500 से तीन हजार रेंज के अंदर की सभी ब्रांड दुकानो से नदारद है। शराब प्रेमियों को पसंदीदा ब्रांड नही मिल पाने से एतराज भी जता रहे है।

### डिपो की ही समस्या है

डिपो में ही उपलब्ध नही हो पाता है, इसीलिये दिक्क त होती है। ढाई हजार के ऊपर के ब्रांड की हमारे यहां सेल नही है। तो हम लाकर जाम नही करते है। बल्क में हम नही मंगाते है। डिपो में अवेलेबलिटी की समस्या हैं। हमारे यहां 3 ऑपरेटर जो कम्प्यूटर पर लगे रहते है, लॉग इन करने पर भी डिपेंड करता है, की हमारे यहां जब पोर्टल खुलता है, तो जो दिखाता है, उस हिसाब से काटते है।

**राजेश शर्मा**
**जिला आबकारी अधिकारी, बालोद**

# मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 100 वाहन चालक पर की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 28.11.2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 22 चालान में 22 व्यक्ति, थाना बेमेतरा 19 चालान में 19 व्यक्ति, थाना दाढी 20 चालान में 20 व्यक्ति, थाना नांदघाट 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना नवागढ 10 चालान में 10 व्यक्ति, , थाना साजा 02 चालान में 02 व्यक्ति, थाना परपोडी 10 चालान में 10 व्यक्ति, थाना बेरला 06 चालान में 06 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 चालान में 01 व्यक्ति, चौकी देवकर 07 चालान में 07 व्यक्ति, चौकी मारो 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी कंडरका 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 02 चालान में 02 व्यक्ति, कुल 100 चालान में 100 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 100 प्रकरण में कुल 39,500/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में 28.11.2023 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेरला 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना नांदघाट 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी मारो 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति के खिलाफ धारा 107,116 (3),151 जा.फौ. के तहत कुल 04 प्रकरण में 04 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# संविधान दिवस व कार्तिक पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



महाप्रज्ञा बुद्ध विहार समिति दल्ली राजहरा के द्वारा 26 -27 नवंबर को संविधान दिवस व कार्तिक पूर्णिमा अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के आरंभ में समिति के अध्यक्ष भीमराव भैंसारे ने तथागत गौतम बुद्ध तथा परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर के छाया चित्रों पर पुष्प हार अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात उपासक उपासिकाओं द्वारा सामूहिक पूजा अर्चना की गई मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष सी.एल.वाल्दे, महासचिव एन. टेंमबूलकर, जिला कोषाध्यक्ष एन. लांडेश्वर, जिला सदस्य आर. सहारे मंचस्थ थे। जिनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद व धाराओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। डा. टी आर बोरकर ने संबोधन में डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा सतत प्रयत्न से दो वर्ष 11 महीने 18 दिन में संविधान लिखकर 26 नवंबर 1949 को तत्कालीन सरकार को पेश किया गया ।संविधान दिवस समारोह में सचिव विपिन चंद्र करवड़े, कोषाध्यक्ष सुनील गोटे, संरक्षक चंद्रकांत नंदेश्वर, सुमेध कांबले, त्रिभुवन बौद्ध आशीष दुपारे अनीश वाघमारे एकनाथ सहारे, लकी रामटेक रवि बारसागड़े, सोहन खडसे उपस्थित थे। महिला मंडल संरक्षक ज्योत्सना काम्बले, ज्योति कावले और ममता सेंडे, सविता धनविजय,आशा नोहरे एवं समस्त बौद्ध उपासक एवं उपासिकाएं उपस्थित रहे।

# होटल में आगजनी के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम दाढ़ी में होटल में जैनिक करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रार्थी मोहन साहू उम्र 36 साल साकिन कठौतिया थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अक्टूबर के रात्रि में होटल में अचानक आग लग गया अचानक आग लगने से होटल में रखे सामान टेबल दो नग, प्लास्टिक की कुर्सी 10 नग, काउण्टर, आलु, मैदा, बेसन, मिचर्चा, मशाला, तेल, प्लास्टिक का मग्गा 10 नग, चाय बिस्कीट, राजश्री दो पैकेट, आशिकी दो पैकेट, विमल दो पैकेट, छप्पर, बांस, बल्ली, कमचिल, तिरपाल, सभी सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से 90,000/- रु. की आर्थिक नुकसानी हुआ है कि रिपोर्ट पर प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपीगण मुकेश चन्द्राकर उर्फ भुरुवा, बिरेन्द्र विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। आरोपीगण मुकेश चन्द्राकर उर्फभुरवा पिता गोपी चन्द्राकर उम्र 22 साल, बिरेन्द्र विश्वकर्मा पिता सीताराम विश्वकर्मा उम्र 26 साल साकिनान कठौतिया जिला बेमेतरा के विरुद्ध पर्याप्त जुर्म सबुत पाये जाने से आज दिनांक 29.11.23 को विधिवत गिरुफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

# हमर राज पार्टी के सदस्यों ने मनाया राज भाषा दिवस, छत्तीसगढ़ महतारी की हुई आरती

## बोलेः ढाई करोड़ छत्तीसगढ़ियों का सम्मान है छत्तीसगढ़ी

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



हमर राज पार्टी बालोद के सदस्यों ने राज भाषा दिवस मनाया। इस दौरान शहर के संजारी क्लब के महतारी अंगना में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए हमर राज पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी ढाई करोड़ छत्तीसगढ़ियों का सम्मान है। छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी की लड़ाई राज्य बनने से पहले की है। राज भाषा का दर्जा मिलना आधी सफ्लता है। पूरी सफलता 8 वीं अनुसूची में शामिल होने पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी जब तक राज-काज और सरकारी संस्था में उपयोग नहीं होगा तब तक लड़ाई जारी रहेगा।

### समृद्ध एवं गौरव शाली इतिहास है छत्तीसगढ़ी काः संजय सोनी

हमर राज पार्टी के जिला प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ महतारी सेवा मंच के संरक्षक संजय सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा हमारी महतारी भाषा है। यह हमारी पहचान है। छत्तीसगढ़ी का शुरू से ही समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास रहा है। हीरालाल काव्योपाध्याय जी ने 1885 में ही छत्तीसगढ़ का व्याकरण लिख दिया है। जिसका अंग्रेजी अनुवाद प्रतिष्ठित जनरल ऑफएसियाटिक सोसाइटी ऑफबंगाल में 1890 में प्रकाशित भी हुआ है। छत्तीसगढ़ी भाषा में अनेक कविताएं, नाटक, निबंध, शोध ग्रंथ लिखे गए हैं। हमारे कई गीतों को बॉलीवुड के फिल्मों में उपयोग में लाया गया। लेकिन इसके बाद भी छत्तीसगढ़ी को उचित स्थान मिल नहीं पाया।

### संवैधानिक मान्यता मिलने से छत्तीसगढ़ के लोगों को होगा लाभः ललित कांवरे

हमर राज पार्टी के जिला सलाहकार ललित कांवरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ी की महत्ता केवल आंचलिक दृष्टि से नहीं बल्कि एक अत्यंत प्राचीन संस्कृति के इतिहास की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ी को 8 वीं अनुसूची में शामिल करने और संवैधानिक मान्यता मिलने से ही छत्तीसगढ़ के लोगों को लाभ होगा। छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई कर रहे युवाओं का भविष्य भी बेहतर हो पाएगा। जिला सचिव किशोर नाथ योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ी को प्रशासनिक शब्दकोष के रूप में उपयोग में लाने से छत्तीसगढ़ी बोल कर और छत्तीसगढ़ी समझ कर सरकारी अफ्सर बेहतर ढंग से आपसी सामंजस्य स्थापित कर पाएंगे। इस दौरान हमर राज पार्टी के टंडन लाल कांवरे, महासचिव भगवान दास साहू, ललित कांवरे, दिनु कोमर्रा, रामकुमार मंडावी, सोमकान्त ढीमर, नेमीचंद कौमार्य, लोकेश सूर्यवंशी, कामिनी धुर्वे, तरुणा धुर्वे, ईशा ठाकुर, सूरज कोमर्रा, ताम्रध्वज साहू, दुखु साहू, परदेशी नेताम, परदेशी यादव, टिकेश्वर साहू, देवकुमार साहू, घनश्याम कुमार, यामन साहू, दीनदयाल साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**आस्ति की ऑनलाइन ई–नीलामी बिक्री**

**फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : दानी कार्पोरेट पार्क, 5वां तल, 158, सी.एस.टी. रोड, कलीना, सांताक्रूज (पू), मुंबई –400098, फोन : 022–6849 2450, फैक्स : 022–6741 2313, सीआईएन : यू67190एमएच2007पीटीसी168303
ई–मेल : info@phoenixarc.co.in वेबसाइट : www.phoenixarc.co.in

**अचल सम्पत्तियों बिक्री के लिए विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(5) के साथ पठित नियम 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटर (रों), जिनका विस्तृत विवरण यहां नीचे तालिका में दिया गया है, को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नलिखित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा पूनावाला हाउसिंग फइनैंस लिमिटेड (पीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 15 सितम्बर, 2022 को लिया जा चुका है, पूनावाला हाउसिंग फइनैंस लिमिटेड (पीएचएफएल) द्वारा ऋण का समनुदेशन एक अनुबंध दिनांकित 20–09–2022 द्वारा फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड (फीनिक्स) के पक्ष में किए जाने के अनुसरण में, कम्पनी की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है" "जैसी है जो है" एवं "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी।

अचल सम्पत्ति का विवरण, ज्ञात ऋणभार, यदि कोई, सहित :– बंधक सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति स्थित मौजा–मठपुरैना, पी.एच. नंबर 105/61, आर.एन.एम. रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (सी.जी.), पुराना खसरा नंबर (पार्ट–ऑफ) 174/1, नया खसरा नंबर 174/36, परिमाप 0.013 हेक्टेयर यानी 1440 वर्ग फीट, चौहद्दी विवरण : पूरब : हित्रामल एवं अन्य के माध्यम से अध्यान बिल्डर्स की भूमि, खसरा नंबर 528/45, पश्चिम : रोड (विक्रेता की शेष भूमि) खसरा नंबर 174/1, उत्तर : ज्योति जैन की भूमि, खसरा नंबर 175/3 ; 6, दक्षिण : शैल पांडे एवं अन्य की भूमि, खसरा नंबर 179/6

| कर्जदार/रों एवं गारंटर/रों का नाम एवं पता | 1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय, 2. ईएमडी जमा करने हेतु अंतिम तिथि, 3. सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. बोली वृद्धि |
|---|---|---|
| 1. मोहम्मद इरशाद मोहम्मद अंसार कृष्णा नगर रहमत किराना स्टोर्स के सामने, रायपुर–492001<br>2. मोहम्मद इरशाद मोहम्मद अंसार मौजा–मठपुरैना, पी.एच. नंबर 105/61, चंद्रशेखर वार्ड नंबर 52, के. एच. नंबर 174/36, आर.एन. एम. रायपुर–1, रायपुर पिन 492001<br>3. मोहम्मद इरशाद मोहम्मद अंसार कृष्णा नगर रहमत किराना स्टोर्स के सामने, रायपुर–492001<br>ऋण सं. :– HF/0022/H/19/100198<br>कुल बकाया राशि : रू. 20,06,287/– (रूपए बीस लाख छह हजार दो सौ सतासी मात्र) 16–11–2023 तक आगे 17–11–2023 से पूर्ण भुगतान तक सभी लागत, प्रभारों एवं खर्च सहित। | 1) ई–नीलामी तिथि : 15–12–2023 मध्या. 12.00 बजे से अप. 1.00 बजे के बीच तथा 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित<br>2) केवाईसी सहित ईएमडी जमा करने हेतु अंतिम तिथि 14–12–2023 अप. 5.00 बजे (आईएसटी) तक है<br>3) निरीक्षण की तिथि : 08–12–2023 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 4.00 बजे (आईएसटी) तक | सुरक्षित मूल्य रू. 22,29,120/– (रूपए बाईस लाख उन्तीस हजार एक सौ बीस मात्र)<br>ईएमडी रू. 2,22,912/– (रूपए दो लाख बाईस हजार नौ सौ बारह मात्र)<br>बोली वृद्धि रू. 10,000/– (रूपए दस हजार मात्र) एवं इसके गुणजों में |

धरोहर राशि "फीनिक्स ट्रस्ट–एफवाई23–10" के पक्ष में मुंबई में देय डीडी द्वारा अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा चालू खाता : 0446262338 ; कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, शाखा : कलीना, मुंबई, आईएफएससी कोड : KKBK0000631 में जमा की जानी है।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि यदि नीलामी किसी भी कारण से असफल होती है तो प्रतिभूत लेनदार प्राइवेट ट्रीटी के माध्यम से प्रतिभूति हित प्रवर्तित कर सकता है।

बिक्री की जा रही आस्तियों के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/अपेक्षा की स्थिति में, बोलीदाता श्री रवि राठौर (+91 9893302580) से सम्पर्क कर सकते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट www.phoenixarc.co.in तथा/अथवा https://bankeauctions.com में उपलब्ध कराया गया लिंक https://phoenixarc.co.in?p=4584 देखें।

स्थान : रायपुर
तिथि : 30–11–2023

प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड
(फीनिक्स ट्रस्ट–एफवाई23–10 के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत)

## राईस मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष की पत्रकार वार्ता

# 4500 करोड़ की बकाया राशि शीघ्र प्रदान करें प्रदेश शासन : अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ❮ चांपा
www.dailypioneer.com



प्रदेश में वर्तमान में 2500 राईस मिल संचालित है जिनका ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से राईस मिलर्स की कस्टम मिलिंग की बकाया राशि बढ़कर 4500 करोड़ रु. हो गई है। इस बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से प्रदेश के सारे राईस मिलर्स काफी प्रताड़ित और परेशान है। उक्त बातें सोमवार 27 नवम्बर को रात्रि 9 बजे से होटल सुमीत इन के सभागार में पत्रकारों से चर्चा के दौरान प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कही। चांवल उद्योग संघ की जिला इकाई जांजगीर - चांपा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में शामिल होकर उनकी समस्या से अवगत हो उनके निदान का प्रयास करने के लिए यहां पहुंचे योगेश अग्रवाल ने सर्वप्रथम इस बात के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि को 40 रु. से बढ़ाकर 120 रू. कर दिया। इससे प्रदेश के राईस मिलरों को संजीवनी प्राप्त हुई है। लेकिन पिछले तीन वर्षों से प्रदेश के राईस मिलर्स की कस्टम मिलिंग की बकाया राशि बढ़कर आज 4500 करोड़ रू. हो गई है। इस राशि के भुगतान के अभाव में राईस मिलरों को नवीन एग्रीमेंट के लिए बैंक गारंटी जमा करने के अलावा अपने अन्य खर्चा का भुगतान करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात बकाया राशि के भुगतान को लेकर वे निरंतर प्रयासरत है। इसके तहत प्रदेश के खाद्य सचिव से हमारी चर्चा हुई है जिन्होंने 1 दिसम्बर से राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया है। प्रदेश शासन से एसोसिएशन आग्रह करता है कि राईस मिलरों की बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करा कर वह उन्हें आर्थिक संकट से उबारे अन्यथा हमें धान उठाव कर उसे चांवल बनाकर देने तथा बैंक गारंटी जमा करने में कई तरह के संकट का सामना करना पड़ सकता है। योगेश अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 2500 राईस मिल संचालित है जिनका ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान है। बकाया राशि के शीघ्र भुगतान से हम 2000 करोड़ की और कस्टम मिलिंग सुचारू रूप से कर सकने में समर्थ होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बड़ी राशि बकाया होने से प्रदेश के राईस मिलर्स आर्थिक संकट से जूझ रहें है। इसके चलते पिछले दिनों कांकेर निवासी राईस मिलर कमल गुप्ता का असामयिक निधन हो गया। इसके बाद हमने उनके शोक संतप्त परिजन से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश के राईस मिलर्स उनके साथ खड़े है। योगेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के राईस मिलरों में कोई बिखराव नहीं है और वे पूरी एकता के साथ अपने हितो की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन का यह भी प्रयास है कि प्रदेश सरकार भुगतान के मामले में पेपर वर्क की पेचीदगी को सरल करे ताकि सभी राईस मिलर्स को समय पर उनके कार्यों का भुगतान हो सके जिससे वे निश्चिंत होकर अपने कार्यो का निवर्हन कर प्रदेश सरकार, किसानों और चांवल उपभोक्ताओं के हितो का संवर्धन कर सके। चर्चा के दौरान जिला चांवल उद्योग संघ के समस्त राइस मिलर उपस्थित भी मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के साथ प्रमोद जैन, विजय शर्मा, प्रतीक अग्रवाल के साथ में मंच पर पवन मोदी, विजय केडिया मंचस्थ थे, समारोह का संचालन अमर सुल्तानिया के द्वारा किया गया, योगेश अग्रवाल के दीप प्रज्वलन के पश्चात, जिला चांवल उद्योग के सभी सदस्यों के द्वारा पुष्पहार से उनका स्वागत किया, मनोज पालीवाल के द्वारा स्वागत भाषण की प्रस्तुति पश्चात, जुगल लिखमानिया के द्वारा कस्टम मिलिंग एग्रीमेंट की विसंगतियों का वर्णन किया।

# मां वैष्णो देवी मंदिर में महिलाओं ने किया जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों एवं खाद्यान्न सामग्रियों का वितरण





पायनियर संवाददाता ❮ सक्ति
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की शक्ति जिला इकाई ने 27 नवंबर को शक्ति से लगे प्रसिद्ध मां वैष्णो देवी मंदिर उल्दा में जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया तो वहीं खाद्यान्न सामग्रियां भी वितरित की इस दौरान अग्रवाल महिला सम्मेलन शक्ति जिला इकाई की अध्यक्ष उषा अग्रवाल, जिला महामंत्री रजनी संजय रामचंद्र, प्रेमलता अग्रवाल, गीता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, आशा गोयल अंगूरी देवी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, शिल्पा गर्ग सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे,गर्म कपड़ों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उषा अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आज शक्ति जिला इकाई की ओर से वर्तमान शीत ऋतु को देखते हुए गर्म कपड़ों का वितरण किया जा रहा है, तथा जरूरतमंदों को समय-समय पर विभिन्न सेवा तथा रचनात्मक शिविरों के माध्यम से महिला इकाई काम कर रही है।

खाद्यान्न सामग्रियों का भी वितरण हो रहा है, उषा अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों का भी उनकी सक्रियता के लिए आभार व्यक्त किया, साथ ही कहा कि आने वाले समय में भी आप इसी तरह से शक्ति जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सेवा तथा रचनात्मक कार्यों में अपनी सक्रियता बनाए रखें तथा हमारे इस संगठन की स्थापना का उद्देश्य ही भगवान अग्रसेन जी के सिद्धांतों को दीन दुखियों की सेवा तथा रचनात्मक कार्यों के रूप में लोगों तक पहुंचना है,ज्ञात हो कि विगत महीनो अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा शक्ति जिले में महिला इकाई का गठन किया गया था तथा प्रथम जिला अध्यक्ष के रूप में उषा अग्रवाल ने दायित्व संभालते ही सम्मेलन की स्थापना के उद्देश्यों को पूर्ति करने की दिशा में सक्रियता के साथ काम करना प्रारंभ कर दिया है।

# जिले में मतदान से लेकर मतगणना तक की दुरुस्त व्यवस्थाएं हुई कलेक्टर नूपुर के मार्गदर्शन में

पायनियर संवाददाता ❮ सक्ति
www.dailypioneer.com



राज्य निर्वाचन आयोग के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में नन्देलीभांठा स्थित मतगणना केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होनें मतगणना केन्द्र के लिए किये जा रहे तैयारियों के साथ ही स्ट्राग रूम सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने नन्देलीभांठा स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बेहतर तैयारियां सुनिश्चित कराये जाने की बात कही,उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाकमत पत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के बाद ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, डिप्टी कलेक्टर रूपेन्द्र पटेल, एसडीओ राकेश द्विवेदी (पीडब्ल्यूडी), जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी ऋषी रॉय, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गबेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक गणना पर्यवेक्षकों के लिये प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ❮ सक्ति
www.dailypioneer.com



राज्य निर्वाचन आयोग के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में मतगणना ड्यूटी में लगे मतगणना पर्यवेक्षकों और सहायक गणना प्रेक्षकों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने मतगणना कार्य करने वाले सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने कहा। इसके साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके केन्द्र और स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के लिए पहूंचे उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने आज निरीक्षण के बाद मतगणना कार्य के लिए नियुक्त किये गये सभी मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक गणना पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण में संबोधित करते हुए बताया कि मतगणना के लिए किस अधिकारी को कौन सा टेबल आलॉट होगा, इसकी जानकारी उन्हे मतगणना के दिन ही सुबह दी जायेगी। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय से पूर्व ही मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 3 दिसम्बर को मतगणना दिवस के दिन सुबह 8 बजे गोपनीयता की शपथ के बाद गणना प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को विभिन्न छोटे-बड़े कार्यों में पूरी सावधानी बरतते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करने कहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना कृषि उपज मण्डी परिसर नंदेलीभांठा में की जाएगी।

# शराब के लिये रूपये नही मिलने पर फांसी लगाकर दे दी जान

## चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता ❮ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के चक्रधर नगर स्थित साहेबराम कालोनी में मंगलवार की सुबह बेटे के द्वारा पिता को शराब के लिये रूपये नही देने से गुस्साये वृद्ध ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले साहेबराम कालोनी निवासी मोहन चैहान पिता अनुप राम चैहान उम्र 65 साल शराब पीने का आदि था। वह रोजी मजदूर करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह उसने अपने बड़े बेटे विनोद से शराब पीने के लिये रूपये की मांग की। तब विनोद ने उसे समझाते हुए कहा कि तीन दिन से खाना नही खाये हो पहले खाना खा लो। अपने बेटे के इस बात से नाराज मोहन ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मृतक के बेटे विनोद चैहान ने बताया कि उसका पिता ने कालोनी के दूसरे माले पर अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब वह कमरे में गया तो उसको पिता फंदे में लटके हुए थे। जिसे आनन-फानन में उतारकर मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रारंभिक जांच में ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नेतनागर हत्याकांड का जल्द होगा खुलासा, महिला और बच्चे की अधजली अवस्था में मिली थी लाश

पायनियर संवाददाता ❮ रायगढ़
www.dailypioneer.com



दो दिन पहले रायगढ़ ओडिसा मार्ग में ग्राम नेतनागर में पैरावट में महिला सहित एक बच्चे की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने दोनों मृतकों की शिनाख्त करते हुए लगभग आरोपियों तक पहुंच गई है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के पश्चात बहुत जल्द पुलिस इस मामले का खुलासा कर सकती है। गौरतलब रहे कि जिला मुख्यालय से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर नेतनागर गांव में 26 नवंबर की रात पैरावट में अचानक आग की लपटें देखकर ग्रामीण उसे बुझाने पहुंचे। इस दौरान उन्हें मौके पर एक महिला और एक मासूम बच्चे का अधजली लाश मिली। गांव के ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी तत्काल जूटमिल थाने में दी , जिसके बाद पुलिस टीम घटना स्थल पहुंच कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया। पुलिस कप्तान के निर्देश पर हत्या के आरोपियों को दबोचने के लिये तीन टीमों का गठन करके अलग-अलग क्षेत्रों में पतासाजी के लिये भेजा गया था। जानकारी के मुताबिक इस हत्याकांड मामले में पुलिस को लगभग सफलता मिल चुकी है। आरोपियों के द्वारा फिल्मी अंदाज में हत्या की इस वारदात को कहीं और अंजाम देने के बाद पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आरोपी ने अवैध संबंध के चलते महिला और बच्चे की हत्या कर शव जलाने का प्रयास किया था। इस संवेदनशील मामले में पुलिस मृतकों की तथा आरोपियों की शिनाख्ती की करीब पहुंच चुकी है और जल्द ही मामले का खुलासा हो सकता है।

# मतगणना के ठीक पहले शक्ति जिले में भाजपा ने लगा दिया प्रशासन पर गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता ❮ सक्ति
www.dailypioneer.com





3 दिसंबर को होने वाली मतगणना से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी शक्ति ने जिला प्रशासन पर विधानसभा चुनाव के दौरान संपन्न हुई मतदान प्रक्रिया में अव्यवस्था का गंभीर आरोप लगा दिया है, 28 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय जेठा पहुंचकर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना को इसका एक ज्ञापन सौपा है, ज्ञापन में जहां भाजपा ने कहा है कि 17 नवंबर को संपन्न मतदान प्रक्रिया के दौरान जहां मतदान केंद्रों में अव्यवस्थाओं का आलम रहा तो वहीं बैलेट पेपर की भी सुरक्षा विधि सम्मत नहीं की जा रही है, सक्ती, जैजैपुर और चन्द्रपुर के भाजपा प्रत्याशियो ने यह ज्ञापन दिया है,जैजैपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा, चंद्रपुर विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी संयोगिता सिंह, सक्ती विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. खिलावन साहू कलेक्टेरेट पहुंचे और ट्रेजरी में रखे बैलेट पेपर की मतपेटियों की सुरक्षा बढ़ाने, सीसीटीवी लगाने और मत पेटियों को स्ट्रांग रूम में संधारित करने जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना को ज्ञापन सौंपा है, भाजपा प्रत्याशियों ने मतदान में भारी अव्यवस्था का आरोप भी लगाया है.भाजपा जिलाध्यक्ष और जैजैपुर विधानसभा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि बैलेट पेपर द्वारा हुए मतदान पेटी को ट्रेजरी पर रखी गई है. जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है, बैलेट पेपर से हुए मतदान पेटी को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा जाए और सीसीटीवी लगाया जाए.बैलेट पेपर से हुए मतदान पेटी को लेकर आरोप लगाते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट से जो मतदान हुए हैं, उसमे भारी अव्यवस्था थी,मतदान करते समय कर्मचारियों को लिफाफा भी पैक नहीं करने दिया गया और बहुत देर तक लाइन पर खड़ा रखा गया, जिससे देर होने के कारण कई कर्मचारी, बिना मतदान किए चले गए. इस बार बहुत कम मतदान हुआ है और मतदान में हेराफेरी की संभावना दिख रही है।

# केशरवानी महिला समिति चांपा ने हर्षोल्लास से मनाया देव दीपावली एवं दीपावली मिलन

पायनियर संवाददाता ❮ चांपा
www.dailypioneer.com



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने समिति की अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता के निवास स्थान पर कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली भक्ति भावना के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया सर्व प्रथम सभी सदस्य भगवान श्रीकृष्ण हरि प्रिया तुलसी माता, एवं धात्री वृक्ष आंवले वृक्ष की और गौमाता कीपूजा आराधना कर दीपदान किए इसके साथ ही एक मिनट गेम और अंताक्षरी खेलकर पटाखे और फुलझड़ी चलाकर देव दीपावली की खुशियां मनाएं इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष शांता गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों को दीपावली पर्व एवं देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि कार्तिक मास में दीप दान का विशेष महत्व होता है दीपावली पर्व से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक विशेष दीप दान किया जाता है दीपों का पर्व हमें यह संदेश देता है कि जिस तरह दीपक की लव जलकर ऊपर की और उन्नत करती है ।

इस प्रकार हमारे मन की अच्छी भावना भी अपने से ऊपर उठकर सब की मंगल कामना के लिए हो ऐसा ही संदेश दीपक से हमें मिलती हैआरती और प्रसाद वितरण के पश्चात स्वल्पाहार के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष शांता गुप्ता सचिव रेखा, कोषाध्यक्ष रिंकी, अलका क्षमा, रत्नप्रभा मीनू प्रियंका, सरला सुशीला संगीता मंजू, मधुलिका, सरिता, अनुपमा, पूर्णिमा, प्रीति, ज्ञानेश्वरी, तृप्ति विभा, गुड्डी बाई कुमारी बाई, रेखा बेबी दिव्या,अवि तन्वी, किट्टू, मान्या, आदि के साथ ही बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुए आभार प्रदर्शन सचिव रेखा ने किया।

## चकरभाठा वाले लाल साईं जी का हुआ खरसिया आगमन

# खरसिया में गुरुनानक देव जी का 554 वां प्रकाश पर्व मना हर्षोल्लास से

पायनियर संवाददाता ❮ सक्ति
www.dailypioneer.com





खरसिया शहर में 27 नवम्बर को प्रकाश पर्व के दिन प्रातः सिंधी गुरद्वारे से भव्य प्रभात फेरी निकाली गयी, शहर के सलूजा परिवार, कलूमल परिवार, अपना बाजार परिवार,नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा परिवार ने नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत किया,सिंधी समाज के वरिष्ठ श्रीचंद रावलानी ने बताया कि खरसिया में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूज्य सिंधी पंचायत खरसिया के द्वारा गुरुनानक देव जी का 554वां प्रकाश पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। साथ ही गुरुनानक देव जी की जंयती के 10 दिन पूर्व समाज की मीटिंग रखी गयी थी, जिसमे सभी वरिष्ठजनों ने अपनी भागीदारी दी जिसमे मुख्य रूप से विजय मेघानी,हंसराज पेशवानी,अशोक भक्तानी, नानक राम अम्बवानी, नरेश चंदवानी, मनोज नाथानी एवं सिंधी युवा मंडल के भी सदस्य शामिल हुए जिसमे सोनू रावलानी,अमित चंदवानी आकाश मेघानी, सागर मेघानी,दीपक फोटवानी,सभी ने गुरुनानक देव जी की जयंती को धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया, प्रकाश पर्व के 10 दिन पूर्व प्रभात फेरी भी सिंधी समाज के द्वारा निकाली जा रही थी, जिसमे सिख समाज के भी सभी लोग प्रभात फेरी में शामिल हो रहे थे। और इस प्रभात फेरी का स्वागत सिंधी एवं सिख समाज के घरों में किया जा रहा था, मीटींग में लाल साईं जी को 22 नवंबर दिन बुधवार को खरसिया बुलाने का निर्णय लिया गया था, जिसमे दोपहर 3 बजे लाल साईं जी का रायगढ़ चौक से बाइक रैली के साथ स्वागत किया गया। जिसमे समाज के सभी वरिष्ठजन, सिंधु सेवा मंडल के सभी सदस्य, महिलाएं एवं बच्चे सभी रैली में शामिल होकर सिंधी कॉलोनी में रैली को समाप्त किया गया जिसके बाद लाल साईं जी के द्वारा महिला सत्संग भवन सिंधी कॉलोनी खरसिया के प्रांगण में भव्य कीर्तन किया गया। जिसमे समाज के सभी लोगों ने आनंद लिया साथ ही रावलानी ने बताया कि लाल साई जी के कीर्तन के बाद समाज के द्वारा सभी के लिए हाई टी का भी प्रोग्राम रखा गया था। जिसमे सिंधी समाज के सभी ने मिलकर हाई टी का आनंद लिया अंत मे रावलानी जी के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष भी प्रकाश पर्व के दिन भव्य रूप से प्रभात फेरी निकाली गयी थी जिसके बाद सिंधी कॉलोनी में समाप्ति के बाद सिंधी समाज की महिलाओ के द्वारा हाई टी का आयोजन रखा गया था और जिसके बाद प्रातः 10 बजे कीर्तन और 12 बजे सभी समाज के लोगों के लिए भव्य लंगर करवाया गया था और साथ ही 4 बजे युवाओ के द्वारा भव्य बाइक रैली भी निकाली गई थी और शाम 7 बजे सिंधी कॉलोनी से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया था। जो नगर कीर्तन प्रमुख मार्गों से होते हुए सिख समाज के द्वारा नगर कीर्तन का पंजाबी गुरुद्वारे में स्वागत किया गया, श्रीचंद रावलानी ने बताया कि नगर कीर्तन का भी भव्य रूप से स्वागत किया गया जिसमे सलूजा परिवार, कलूमल अम्बवानी परिवार, नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा, अपना बाजार परिवार सभी ने स्वागत किया और इन सभी परिवारों के द्वारा नास्ते का भी कार्यक्रम रखा गया था अंत मे रावलानी जी बताया कि इस प्रकाश पर्व के सभी कार्यक्रमो को सफल बनाने में जिसने भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया उनको धन्यवाद दिया और साथ ही सलूजा परिवार, अपना बाजार, कलूमल परिवार, नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा परिवार इन सभी को पूरे सिंधी समाज की तरफसे धन्यवाद दिया।

# युवराज ने बेसबाल में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया




**जैजैपुर।** 23 वी राज्य स्तरीय बेसबाल 14 वर्ष बालक खेल में जो कि 22 से 25नवंबर 2023 को कबीरधाम में आयोजित था जिसमे नवीन जिला सक्ती (बिलासपुर संभाग)के प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी आत्मानन्द विद्यालय जैजैपुर से युवराज टंडन ने और उनके टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में प्रथम स्थान अर्जित किया, इसकी इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज विकास खंड शिक्षा अधिकारी विजय सिदार, प्राचार्य लकड़ा ,कोच हिना ने यूवराज को इस उपलब्धि के लिए शाला के प्राचार्य एवं सभी स्टाप ने युवराज को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।।

# गौरव पथ पर अतिक्रमण ने छीना गौरव, जाम से लोग परेशान

## तहसीलदार बंगला के पीछे का मामला

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

शहर का गौरव पथ इन दिनों अतिक्रमण और जाम से जूझ रहा है। जबकि यह शहर का प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग से सैकड़ों की संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है लेकिन इसके बाद भी जिला प्रशासन समेत एसडीएम तहसीलदार सीएमओ अन्य जिम्मेदार महकमों का कोई ध्यान नहीं है। गौरव पथ शहर और अंतर्राजीय बस स्टैंड को सीधा जोडता है। पूर्व में गौरव पथ पर जिम्मेदार विभाग की ओर से सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया गया था लेकिन इसके बाद भी इसकी हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। विशेष बात ये है कि गौरव पथ पर दिनभर अधिकारियों का आना-जाना रहता है इसके बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### कृषि उपज मंडी की भूमि पर रसूखदार कर रहा कब्जा

थाना रोड में स्थित कृषि उपज मंडी की भूमि पर नगर का एक रसूखदार देखते ही देखते धीरे-धीरे कब्जा करते चला जा रहा है और विभाग के अधिकारी मौन साधे हुए हैं बलरामपुर जिला बनने के बाद मंडी का कारोबार लगातार बढ़ते जा रहा है ऐसे में आने वाले समय में ऑफिस एवं अन्य रखरखाव हेतु भूमि की आवश्यकता होगी लेकिन अधिकारियों के लापरवाही से रसूखदार लोग धीरे-धीरे कृषि उपज मंडी की भूमि पर अपना कब्जा जमाते चले जा रहे हैं जो आने वाले समय में जिला प्रशासन के लिए परेशानी का सबक हो सकता है।

### कोरोना काल में की गई थी वैकल्पिक व्यवस्था

कोरोना कल में सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर गौरव पथ मार्ग में बलरामपुर जिला प्रशासन के निर्देश के बाद एसडीएम तहसीलदार सीएमओ एवं थाना प्रभारी के द्वारा केवल सब्जी मार्केट लगाने की अनुमति दी गई थी लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण बृहद पैमाने पर अब अतिक्रमण का रूप लेते चला जा रहा है जिसके कारण कन्या हाई स्कूल की छात्र-छात्राएं सहित आम जनों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजूब की बात यह है कि इस गौरव पथ थाना मार्ग में रामानुजगंज तहसीलदार विष्णु गुप्ता के ठीक निवास के पीछे यह भारी भरकम अति मण का खेल चल रहा है वही इस मार्ग में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय फॉरेस्ट विभाग का लकड़ी डिपो कन्या हाई स्कूल पुलिस थाना जैसे कई कार्यालय संचालित हो रहे हैं बावजूद इसके संबंधित विभाग लापरवाही बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

### गौरव पथ पर खुलेआम फेंक रहे कचरा नगर पंचायत मौन

अतिक्रमणकारियो के द्वारा दिन भर गौरव पथ पर खुलेआम कचरा फेंका जा रहा हैं जिसके कारण उस मार्ग से होकर गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दिशा में नगर पंचायत की भूमिका बिल्कुल सुनने नजर आ रही है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि नव पदस्थ सीएमओ निलेश केरकेटा लगभग 3 अगस्त को रामानुजगंज नगर पंचायत में अपनी जॉइनिंग ली थी लगभग 4 मा का समय व्यथित होने को है लेकिन उनके द्वारा किसी भी वार्डो का भ्रमण कर वस्तु स्थिति का जायजा नहीं लीया गया। यह भी एक नगर में अव्यवस्था का मुख्य कारण माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि हमेशा बैठक एवं छुट्टी के नाम पर मुख्यालय में उनकी उपस्थिति कम ही रहती है? सूत्र यह भी बताते हैं कि मोबाइल के लोकेशन से यह पता लगाया जा सकता है कि कौन कहां पर कितनी ड्यूटी कर रहा है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरता में किया गया आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन

## मानसिक काउंसलरों द्वारा बच्चों को दी गई मानसिक तनाव से दूर रहने की जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



आयुष विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरता में आयुर्विद्या (राष्ट्रीय आयुष मिशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर.के. सिंह आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं मानसिक काउंसलर अमर प्रीति एवं तोशन कुमार साहू के द्वारा कक्षा 9वीं से 12 तक के 161 विद्यार्थियों को पढ़ाई के दबाव से होने वाले मानसिक तनाव, युवा छात्रों में बढ़ती उम्र में शारीरिक परिवर्तन के कारण होने वाले शारीरिक समस्या एवं छात्राओं में मासिक धर्म और शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ मानसिक तनाव, शिक्षा के दबाव एवं नशा एवं गलत आदतों से दूर रहने में मानसिक स्तर को आयुर्वेद, योग, प्राणायाम के माध्यम से अपने मानसिक स्तर को अच्छा बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही आयुर्वेद में पाए जाने वाले मुख्य औषधी के बारे में बताते हुए जीवन में कैसे सुधार लाया जाए और शिक्षा के स्तर को कैसे बढ़ाया जाए तथा बच्चों का 10वीं के बाद विषयों के चुनाव करने के लिए प्रकृति परीक्षण करके उनको बताया गया। इस दौरान बच्चों का आयुर्वेद एवं योग प्राणायाम की जानकारी देकर उनके प्रति रुचि बढ़ाई गई। जिससे उनको इस उम्र में होने वाले मानसिक तनाव एवं नशा मुक्ति और शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कार्यक्रम में 22 बच्चों का उनकी स्वेच्छा से प्रकृति परीक्षण करके उनका विषय चयन में भी उनकी मदद की गई और अन्य 161 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही बच्चों को तनाव दूर करने की जानकारी भी दी गई। तनाव को कम करके दिमाग शांत करने के लिए आपको गहरी सांस लेना चाहिए, आप तनाव कम करने के लिए स्ट्रेस टॉय का इस्तेमाल भी कर सकते हैं, म्यूजिक काफी फायदेमंद टिप है, जिसकी मदद से आप अपना मूड सही कर सकते हैं, जब भी तनाव हो, तो अपने मनपसंद व्यक्ति से बात करें। योग एवं प्राणायाम के द्वारा मानसिक तनाव एवं नशा मुक्ति से कैसे निवृत हो सकते हैं नशे की लत को छोड़ने में योग के मुख्य आसन सूर्य नमस्कार, सर्वांग आसान, हलासन, पुष्ठासन, धनुर आसान, भद्रा आसन, नाडी शोधन प्राणायाम, उज्जायी प्राणायाम, शुद्धि क्रिया, कपाल भाती, जल नीति, ध्यान हैं. इनका रोजाना अभ्यास करने से आपको कोई दवा खाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बच्चों के पालक तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर रामानुजगंज तथा पोस्ट मैट्रिक कन्या एवं बालक छात्रावास में किया गया 'संविधान दिवस'

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



नालसा के तत्वाधान में व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामानुजगंज अशोक कुमार साहू के मार्गदर्शन मे 26 नवम्बर को जिला न्यायालय परिसर, रामानुजगंज तथा पोस्ट मैट्रिक कन्या एवं बालक छात्रावास रामानुजगंज में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष पाठक, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), श्रीकांत श्रीवास, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पंकज आलोक तिर्की, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लोकश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूप कुमार तिवारी, अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, विपिन बिहारी सिंह, अधिवक्ता, अवधेश गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता, जिला न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में संविधान की उद्देशिका का पाठन किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि आशीष पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार सामाजिक न्याय के अंतर्गत विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली सुविधाएं जैसे-निःशुल्क विधिक सहायता, एलएडीसीएस की नियुक्ति आदि को उनके द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। श्रीकांत श्रीवास ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे देश का संविधान अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा तथा ऑस्ट्रेलिया जैसे लोकतांत्रिक देशों के महत्वपूर्ण एवं श्रेष्ट प्रावधानो से प्रेरणा ले कर बनाई गई है। 'संविधान की प्रस्तावना'' हमारे देश के संविधान का दर्पण है। संविधान की प्रस्तावना में स्वाधीनता, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता जैसे तत्व भी शामिल हैं। इस प्रकार यह राजनैतिक लोकतंत्र के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना को भी एक आयाम देता है। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। पंकज आलोक तिर्की ने संविधान के महत्व को बताते हुए कहा कि, संविधान दिवस सभी भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण है। यह दिन भारतीय संविधान के महत्व पर जोर देता है और यह बताता है कि देश के नागरिकों के लिए संविधान क्यों आवश्यक है। अनूप तिवारी, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ ने कहा कि संविधान का मूल सार संविधान की प्रस्तावना में निहित है। संविधान की प्रस्तावना से ही व्यक्ति संविधान के मूल सार को जान सकता है। विपिन बिहारी, अधिवक्ता ने कहा कि, स्वतंत्रता पश्चात देश चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता थी, यह देश के विकास के लिए अत्यंत जरुरी था। अंत में लोकेश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि हमारे भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार के साथ-साथ मौलिक कर्तव्य भी प्रदान किये गये हैं, जिनका पालन करना हम समस्त भारतीय नागरिकों का कर्तव्य है।

# 12 घंटे के भीतर अंधे कत्ल का हुआ खुलासा

## पति ही निकला पत्नि का हत्यारा, गला दबाकर कर दी थी पत्नी की हत्या

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के केल्हारी थाना के अंतर्गत आने वाले तिलोखन गांव में मामूली विवाद के बाद अपनी ही पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपी ने भी अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 नवम्बर 2023 को थाना केल्हारी के मर्ग कमांक 28 2023 धारा 174 की जांच के दौरान मृतिका सोमवती पति मंगलू पनिका उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम तिलोखन की मौत जांच और पीएम रिपोर्ट मिलने पर डॉक्टर के द्वारा मृतिका सोमवती की मृत्यु का कारण हत्यात्मक होना लेख करने पर थाना केल्हारी में 27 नवम्बर 2023 को अपराध क्रमांक 97/2023 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा अकित गर्ग के आदेश पर पुलिस अधीक्षक एमसीबी सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया के दिशा निर्देश एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ अलेक्सियुस टोप्पो के दिशा निर्देश पर विवेचना के दौरान प्रकरण के प्रार्थी एवं मृतिका के पति मंगलू पनिका से कड़ी पूछताछ करने पर आरोपी मंगलू पनिका उर्फमगल पिता जीतराय उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम तिलोखन थाना केल्हारी जिला एमसीबी (छ.ग.) के द्वारा जुर्म स्वीकार करते हुये अपने बयान में बताया की 21 नवम्बर 2023 की रात करीब 8.30 बजे वह बस चला कर वापस घर आया तो इसकी पत्नि शराब पी हुई थी। शराब पीने की बात पर दोनो के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान पत्नि ने एक झापड अपने पति मंगलू को मारा जिससे आक्रोशित होकर मंगलू के द्वारा अपने पत्नि मृतिका सोमवती को एक झापड मारा जिससे वह जमीन पर गिर गई तथा इसे गाली देने लगी। तब गुस्से से नीले रंग के जींस पेंट के टुकड़े से गला दबाया तथा ठीक से गला ना दबने पर दोनो हाथो से 10 मिनट तक मृतिका / पत्नि का गला दबा रखा। जब तक मृत्यु ना हो गई तथा रात करीब 10 बजे अपने पिता को मारने वाली बात को छुपाते हुये बोला कि पत्नि सोमवती पता नही कैसे मर गई है। घरेलु विवाद पर मंगलू के द्वारा अपने पत्नि का गला दबा कर हत्या कर दिया गया। प्रकरण में मंगलू के द्वारा साक्ष्य छुपाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिस कारण प्रकरण मे धारा 201 भादवि जोडी गई तथा आरोपी मगलू पनिका पिता जीतराय उम्र 37 वर्ष को 28/11/2023 के 14/30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुनील तिवारी, सउनि कवल साय, प्रधान आरक्षक अमर सिंह अंजाम, नीरज पढियार, ललित कुमार यादव आरक्षक सुरेश तिग्गा, विकाश कुजूर, राकेश तिवारी, संतोष ओरकेरा, बाबूलाल सायतोडे, अरविन्द, रमेश मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# जेएनवी के भूतपूर्व छात्रों द्वारा कैरियर गाइडेंस का आयोजन





पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर डिवीजन जेएनवी एलुमिनी एसोसिएशन के सौजन्य से विकास नगर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय कोंडागांव में कैरियर गाइडेंस एवम् काउंसलिंग का आयोजन 27 नवंबर को आयोजित की गई। जिसमें माना नवोदय के पूर्व छात्र डॉ हमीद खान डायरेक्टर पथ आईएएस एकेडमी रायपुर ने बच्चों को अपनी कैरियर के लिए विषय क्षेत्र का चयन यूपीएससी और पीएससी की तैयारी रक्षाक्षेत्र के लिए आवश्यक योग्यता की जानकारी प्रदान किए सूरजपुर बसदई नवोदय एलुमनी दौलतराम पोर्ते एडिशनल एसपी कोंडागांव ने बच्चों को असफलता को चुनौती के रूप में स्वीकार कर लक्ष्य के प्रति अडिग रहकर अपनी तैयारी से सफलता प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन प्रदान किए बोरई दुर्ग नवोदय के एलुमिनी शिवचरण साहू शिल्पकार ने अतिथियों को बस्तर शिल्प स्मृति स्वरूप भेंट किया गया। बारसूर नवोदय एलुमिनी सुधांशु शर्मा, पूर्णिमा पोयाम और सुरेश देवांगन सीएसी ने बस्तर डिवीजन जेएनवी एलुमिनी एसोसिएशन की उद्देश्य और गठन की जानकारी देते हुए आयोजन में समय प्रदान करने के लिए उपस्थित अतिथियों और कोंडागांव नवोदय के प्राचार्य संजय सिंह और समस्त शिक्षकों के प्रति आभार प्रगट किया गया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवम दुर्गा वाहिनी के द्वारा पंज प्यारों का स्वागत व शरबत जलपान, के सेवा कार्य किया



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली नगर में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर उनके भक्तों के द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पंज प्यारे का स्वागत विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी के बहनों के द्वारा पुष्प वर्षा , तिलक लगाकर एवं आशीर्वाद लेकर किया गया। शोभायात्रा के स्वागत में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा फव्वारा चौक में सभी भक्तों के लिए शरबत जलपान की व्यवस्था की गई। व्यवस्था में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गुड्डु जायसवाल, प्रखंड मंत्री विकास महापात्र, विश्व हिंदू परिषद् बजरंगदल प्रखंड संयोजक मयंक पाणीग्राही, सह संयोजक नंदन सिंह, प्रचार/प्रसार प्रमुख नवीन देवता, ग्रामीण संयोजक विश्वनाथ प्रधान, साप्ताहिक मिलन प्रमुख करन अग्रवाल, कार्यकर्ता नंदू यादव, आयुष पटनायक, विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की सह-संयोजिका सुमन यादव, कार्यकर्ता अर्पिता कर, भूमिका पाणीग्राही, का विशेष सहयोग रहा।

# लंबित अपराधों के निकाल एवं बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस अधीक्षक ने ली क्राइम मीटिंग

## गांव-गांव में चलित थाना लगा कर शिकायतों के निराकरण के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार द्वारा लंबित अपराधों के शीघ्र निकाल एवं अपराधों की रोकथाम तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय मीटिंग हाल में समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारियों का अपराध समीक्षा मीटिंग लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित प्रकरणों का केस डायरी का स्वयं अवलोकन किया गया एवं लंबित प्रकरणों को पूर्ण कर शीघ्र निकाल हेतु दिशा निर्देश दिये गये। ऐसे अपराध जो लंबे समय से लंबित है उनके निकाल हेतु विशेष अभियान चलाने और मीटिंग के दौरान लंबित समंस वारंट की तामील शत् प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिया गया। थानों में अपनी शिकायत लेकर आये फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करने एवं उनके शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। इसी प्रकार जनता व पुलिस के मध्य मधुर संबंध स्थापित करने हेतु गांव गांव जाकर चलित थाना लगाने एवं सामुदायिक पुलिसिंग, सायबर क्राईम, एटीएम एवं बैंक फ्राड, यातायात नियमों का पालन करने बाबत् जागरूकता अभियान सभी थाना क्षेत्रों में चलाने के निर्देश दिये गये। असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने एवं उन पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारियों को अपने थाना क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग करने व त्योहारों के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आदेश दिए गए। इस मिटींग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ऑनलाइन मतदान आवश्यक : आशीष जायसवाल

## शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत में कमी चिंता का विषय, राजधानी और न्यायधानी में औसतन सबसे कम मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



देश के पांच राज्यों में होने वाले चुनाव में से एक छत्तीसगढ़ प्रदेश में मतदान संपन्न हुआ। प्रदेश के चुनावी महाकुंभ में कुल मतदाता के लगभग तीन चौथाई ने अपने मतदान का उपयोग किया। पूरे प्रदेश में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। नई पहल करते हुए चुनाव आयोग ने 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए पूर्व में ही उनके निवास स्थल पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की, यह नव प्रयोग सफ्ल भी रहा,लेकिन छत्तीसगढ़ प्रदेश के शहरी मतदान केदो में औसत मतदान लगभग 60त्न के आसपास ही रहा जो की चिंता का विषय है।राजधानी रायपुर और न्याय धानी बिलासपुर में तो मतदान का प्रतिशत 60त्न से भी नीचे रहा। शहरी मतदाताओं के बीच मतदान प्रतिशत में गिराव की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुए विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल ने कहा कि अधिकारों के प्रति सजग शिक्षित मतदाताओं का मतदान केदो में ना पहुंचना स्वस्थ लोकतंत्र और पारदर्शी मतदान के लिए सर्वथा अनुचित है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के विधानसभा चुनाव में शहरी मतदाताओं में लगभग 40त्न मतदाताओं का मतदान के इस महाकुंभ में भाग ना लेना लोकतंत्र के साथ-साथ भावी राष्ट्र निर्माण के लिए घातक है। गौर से इस विषय पर यदि निर्वाचन आयोग चिंतन करें तो इन परिस्थितियों के कई कारण है। मतदान दिवस के दिन बड़ी संख्या में लोगों का आबश्यक कारणों से शहर से बाहर रहना मतदान ना कर पाने का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह स्वास्थ्य कारणों से मतदाता मतदान नहीं कर पाते,निजी नौकरी पेशा ऐसे मतदाता जो सुबह से अपने गंतव्य के लिए निकल पड़ते हैं, चाह कर भी मतदान से चूक जाते हैं। बड़ी संख्या में घर में रहने वाली महिलाएं घरेलू कार्यों की व्यस्तता का हवाला देते हुए मतदान केदो तक नहीं पहुंच पाती। कई बार ऐसे मतदाता जो मतदान केदो तक तो पहुंच जाते हैं लेकिन केदो में अत्यधिक भीड़ होने के कारण बिना मतदान के ही वापस आ जाते हैं, इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए भावी चुनाव के दृष्टिकोण से निर्वाचन आयोग को ऑनलाइन मतदान की प्रक्रिया के लिए गंभीरता से विचार कर कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए।

### शिक्षा स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी ऑनलाइन प्रक्रिया जारी

देश प्रदेश के सरकारी विभागों से लेकर निजी क्षेत्र के विभागों में भी सामान्य आवेदन से लेकर विशिष्ट प्रकार के आवेदनों को भरने की ऑनलाइन प्रक्रिया वर्षों से चली आ रही है। छात्रों के लिए विविध ऑनलाइन आवेदन, रेलवे के क्षेत्र में ऑनलाइन प्रक्रिया, स्वास्थ्य के लिए ऑनलाइन परामर्श बुकिंग, राजस्व के क्षेत्र में आम आवेदको द्वारा ऑनलाइन आवेदन, व्यापार से लेकर उद्योगों की स्थापना तक सभी प्रकार के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जा रहे है, जो कि अब सामान्य जन जीवन का हिस्सा बन चुकी है तो फिर लोकतंत्र के सबसे बड़े महाकुंभ में जहां देश प्रदेश की भावी राजनीति से लेकर सत्ता की स्थापना और परिवर्तन तक की संपूर्ण प्रक्रिया एक-एक मत पर निर्भर करती है वहां ऑनलाइन मतदान की प्रि या अब तक क्यों नहीं अपनायी गई। यदि भावी लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा ऑनलाइन मतदान की प्रक्रिया को अपनाया जाता है तो निसंदेह हर एक चुनाव क्षेत्र में 90 से अधिक मतदान के लक्ष्य को बड़ी आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए हितकारी रहेगा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल केल्हारी में चोरी

**मनेन्द्रगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय केल्हारी में रविवार सोमवार की रात अज्ञात लोगो द्वारा कार्यालय के दरवाज़े में लगे ताले तोड़कर 12 कुर्सियों की चोरी कर ली गई। सोमवार को गुरुनानक जयन्ती पर अवकाश होने के कारण मंगलवार को प्रातः विद्यालय खुलने पर इसकी जानकारी हुई। चोरी हुई कुर्सियों कि अनुमानित कीमत 60000-65000 (साठ से पैसेठ हज़ार बताई जा रही है। चोरी की लिखित सूचना थाना केल्हारी में की गई है। थाना प्रभारी द्वारा विद्यालय पहुंचकर जाँच पड़ताल की गई हैं। इस प्रकार वोरी एवं तोड़फ़ेड़ की वारदात विद्यालय में अनेकों बार घटित हुई है जिसकी लिखित सूचना प्राचार्य द्वारा थाना प्रभारी कों दी जा चुकी है। थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात चोरों की खोज पड़ताल की मांग की गई है। जिससे आगामी भविष्य में इस प्रकार कि वारदात की पुनरावृत्ति न हो।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 24.03.1977 को **श्री दिनेश राठौर पिता श्री बंसत जी राठौर, निवासी फाफाडीह रायपुर** के द्वारा **श्री प्रेम सगार बहल, पिता प्यारेलाल बहल, निवासी शांति नगर रायपुर (छ.ग.)** के पक्ष में एक किता भूमि जिसका खसरा नंबर 382/1, रकबा 0.4260 हेक्टेयर एवं खसरा नबंर 382/2, रकबा 0.1620 हेक्टेयर, खसरा नबंर 382/3 रकबा 0.2140 हेक्टेयर, जो कि वाके मौजा लाभांडी रायपुर, पटवारी हल्का नबंर 113, तह व जिला रायपुर का विक्रय विलेख निष्पादित किया गया था।

यह कि **श्री शिवराम, पिता श्री उमराव निवासी लाभांडी रायपुर** के द्वारा **श्री प्रेम सगार बहल, पिता प्यारेलाल बहल, निवासी शांति नगर रायपुर (छ.ग.)** के पक्ष में एक किता भूमि जिसका खसरा नबंर 381/1, रकबा 0.295 हेक्टेयर, जो कि वाके मौजा लाभांडी रायपुर, पटवारी हल्का नंबर 113, तह व जिला रायपुर का विक्रय विलेख दिनांक 21.08.1979 को निष्पादित किया गया था।

यह कि **श्री प्रेम सगार बहल रायपुर** ने उपरोक्त संपत्ति को **मेसर्स आर. के. होटलर्स एंड डब्वलपर्स दीपक नगर दुर्ग** को पंजीकृत विक्रय विलेख के द्वारा दिनांक 22.06.2008 को विक्रय कर दिया है।

यह कि दोनों पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 24.03.1977 एवं 21.08.1979 की मूल प्रति कहीं गूम हो गई है, तथा बहुत प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है। जिसकी प्रथम सूचना संबंधित थाना तेलीबांधा रायपुर छ.ग. को दिनांक 05.07.2019 को दी गई है।

यह कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर **मेसर्स आर. के. होटलर्स एंड डब्वलपर्स दीपक नगर दुर्ग** के द्वारा मेरे पक्षकार **इंडियन बैंक ब्रान्च नोयडा यूपी** से ऋण प्राप्त किया है।

अतः उक्त गुम हुऐ पूर्व विक्रय विलेख दिनांक **24.03.1977 एवं 21.08.1979** एवं उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या बैंक, वित्तीय या गैर वित्तीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई अपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपत्ति करे म्याद अवधि के पश्चात् कोई भी दावा अपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 29.11.2023

**भवदीय**
**विजय राठौर, अधिवक्ता**
**ऑफिस :- भारत गैस गोडउन के पीछे**
**लक्ष्मी नगर, पचपेडी नाका, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. : 9425202167**

# मटेरियल मिश्रण के बगैर गिट्टी के ऊपर किया फ्लोरिंग

## करमरी में 11 लाख का गुणवत्ताविहीन सीसी रोड निर्माण, डोंगरगांव अनुभाग के छुरिया ब्लॉक का मामला

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अनुभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत करमरी में भ्रष्टाचार की नई ईबारत लिख दी गई है। ग्रामीणों की दबीजुबान विरोधाभाष व जनप्रतिनिधि होने के दायित्वबोध से बेखबर सरपंच ने सचिव व इंजीनियर ने ठेकेदार से मिलीभगत कर भ्रष्टाचार को अंजाम दे दिया है। आलम ये रहा है कि सरपंच, सचिव व ठेकेदार ने उपसरपंच व ग्रामीणों के विरोध को नजरअंदाज कर भ्रस्टाचार को अंजाम दिया है।

अनुभाग मुख्यालय डोंगरगांव नगर से महज 15 किलोमीटर दूर स्थित छुरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत करमरी में 11 लाख का सीसी रोड स्वीकृत हुआ था। ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित नही करने की शर्त पर पॉयनियर को बताया कि ठेकेदार ने उक्त सीसीरोड में गुणवत्ताहीनता की मिसाल पेश करते हुए गौरा चौक से मुख्य सड़क तक कुछ स्थानों पर बगैर झिल्ली बिछाए एवं कांक्रीट मिश्रण किये बिना गिट्टी को बिछाकर ऊपर से फ्लोरिंग कर दिया गया है। ठेकेदार द्वारा वाइब्रेटिंग नही कराई गई सीसीरोड की तराई भी नही की गई। वहीं अब सीसीरोड के किनारे गड्ढे बन जाने से उक्त स्थानों में बारिश होने पर जलभराव की स्थिति भी बन गई है। ग्रामीणों की माने तो इंजीनियर ने मौके पर पहुंचकर कार्य का जायजा भी नही लिया है। इधर इंजीनियर ने मीडिया से बयान में अतिरिक्त कार्य होने का हवाला दिया है।

### सरपंच, सचिव व ठेकेदार की मनमानी

उपसरपंच लीलाराम साहू ने मीडिया को बताया कि सरपँच, सचिव व ठेकेदार ने मनमानी की हद की है। कहीं कहीं पर तो सिर्फ गिट्टी बिछाकर ऊपर से प्लास्टर कर दिया है। बेस के नीचे झिल्ली तो रखी ही नही गई। निर्माण के बाद वाइब्रेटिंग नहीं हुई। तराई भी नही की गई। उपसरपंच ने इंजीनियर द्वारा झांकने तक नही आने की बात बताई है।

सीसीरोड की जांच करेंगे। गुणवत्ताहीन निर्माण सिद्ध होने पर कार्यवाई की जाएगी। इंजीनियर से जवाब तलब किया जाएगा।
-सुरेंद्र ओझा, सीईओ

# धान खरीदी कार्य में नहीं होनी चाहिए लापरवाही : कलेक्टर

## कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र पदुमतरा का किया आकस्मिक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डोमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र पदुमतरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वहां धान तौलाई का अवलोकन किया। आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी को मापने पर सही पाई गयी। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन की जांच की। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नापतौल, बारदाना की उपलब्धता, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने खरीदी केन्द्र में लगाए गए धान खरीदी की दर सूची फ्लैक्स का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी सुचारू रूप से चलती रहे इसके लिए धान खरीदी केन्द्र से धान का उठाव लगातार होते रहना चाहिए। उन्होंने बारदाने के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जांच की। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा उपस्थित थे।

# हल्दी-सुरगी-कुम्हालोरी सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो : मधुसूदन यादव

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में लागू विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर भूपेश सरकार द्वारा प्रदेश में पीएससी भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करना, धान खरीदी के लिये जिले के कलेक्टरों को निर्देशित करना, बीजेपी की महतारी वंदन योजना से डरकर गृहलक्ष्मी योजना लागू करना एवं शासकीय सेवकों का डीए बढ़ाने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर अनुमति मांगने की कार्रवाई की भांति पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव ने भी अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जनहित में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के हल्दी-सुरगी-कुम्हालोरी सडक़ का तत्काल टेंडर निकालकर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने की मांग की है। पूर्व सांसद मधुसूदन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ग्राम सुरगी में आयोजित सीएम भेंट मुलाकात कार्यक्रम की उनकी घोषणा याद दिलाते कहा कि सीएम की घोषणा के बावजूद इस मार्ग का निर्माण आज पर्यन्त अप्रारंभ क्यों है जबकि स्थानीय जनता द्वारा इसके निर्माण की मांग लगातार की जाती रही है। भाजपा नेता ने बताया है कि इस जर्जर मार्ग पर गढ्ढों के बीच सडक़ ढूंढना मुश्किल है। इस मार्ग में उड़ती धूल के गुबारों की वजह से मार्ग पर स्थित मकानों के खिडक़ी दरवाजे हमेशा बंद रहते हैं और इन मकानों में रहने वाले लोग दमा एवं श्वसन संबंधी बीमारी से पीड़ित होने लगे हैं। इस जर्जर मार्ग पर आये दिन गंभीर दुर्घटनाएं होती रहती है जिनमें विगत दिनों ग्राम कोटराभाठा के रहवासी अनुज साहू की दर्दनाक मौत हो गई थी।



प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने भूपेश सरकार से पूछा है कि जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इशारे पर सारे नियम कानून को तोडक़र इतने आदेश दिये जा रहे हैं, तो शासन को जनहित में राजनांदगॉव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित हल्दी-सुरगी-कुम्हालोरी सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ करने में क्या आपत्ति है पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आरोप लगाया है कि उनकी घोषणा पर लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 18 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया किन्तु सुनियोजित साजिश केतहत जानबूझकर इस निर्माण कार्य को आचार संहिता लगने तक रोके रखा गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राजनांदगांव के प्रति विद्वेष इतना प्रबल है, जिसके कारण इस मार्ग का निर्माण आज तक नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर राजनांदगॉव जिले से सौतेला व्यवहार करते यहां के विकास को ठप्प करने का आरोप लगाया और कहा है कि राजनांदगांव जिले की जनता के लिए कांग्रेस सरकार में इससे बड़ी दुर्भाग्य की और कोई बात नहीं हो सकती है कि पिछले पांच सालों में राजनांदगांव जिला में कोई नवीन निर्माण कराना तो दूर रहा, यहां के सडक़ एवं सेतु निर्माण कार्य संचालित करने वाले लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग कार्यालय एवं एडीबी परियोजना कार्यालय को राजनांदगांव जिले में निर्माण कार्य संचालित नहीं होने की वजह दुर्ग जिला में शिफ्ट कर दिया गया है। जिसका हिसाब 3 दिसम्बर को राजनांदगांव की जनता उनसे करने वाली है।

# पुरानी रंजिश पर धारदार हथियार से हमला



**राजनांदगांव।** ग्राम हल्दी में आपसी रंजीश में धारदार हथियार से व्यक्ति पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस थाना चौकी सुरगी ने गिरफ्तार किया है। घटना मंगलवार की है। दोपहर करीबन 12 बजे प्रार्थी गणेश यादव (32) अपने छोटे भाई मोहन यादव के साथ गांव के हाई स्कूल पास बैठा था तभी आरोपी अजय निषाद ने पास आकर पास रखे धारदार फरसानुमा हथियार से गणेश पर हमला कर दिया। प्रार्थी को अपना बचाव करते बाया हाथ के हथेली, अंगूठा एवं दाहिने आंख के ऊपर तथा प्रार्थी के छोटे भाई मोहन यादव को बीच बचाव करते समय नाक, होंठ और गर्दन के पास चोट आई है। मामला गंभीर होने पर तत्काल चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा आरोपी अजय निषाद को आरोपी घर से गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार (स्टील का फरसा) जप्त किया गया है। धारा 294, 323, 506, 25, 27 आर्म्स एक्टके तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है। पहले भी उसके खिलाफ कुछ मामले दर्ज हैं।

# सुबह 7 बजे स्ट्रांग रुम पहुंचेगे अधिकारी-कर्मचारी, पहले बैलेट गिने जाएंगे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह के निर्देशानुसार मतगणना कार्य को सुचारू रूप संपन्न कराने के लिए लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में मतगणना हेतु सेंट्रल टेबल आईटी सेक्शन डाक मतपत्र तथा मतगणना उपरांत सिंलिंग कार्य के प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि 3 दिसम्बर को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना स्थल में मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को सुबह 7 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने मतगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य विशेष रूप से प्राथमिकता देते हुए करें। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि एवं लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना कार्य को त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर मतगणना तिथि 3 दिसम्बर को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए पूरी गंभीरता एवं विशेष सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतगणना उपरांत सिंलिंग का कार्य किया जाता है। यह बहुत महत्वपूर्ण कार्य होता है, इसे गंभीरतापूर्वक करें। उन्होंने मतगणना कार्य के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों के सभी जिज्ञासाओं का समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लेने को कहा। जिससे प्रशिक्षण के पश्चात किसी भी प्रकार की संशय की स्थिति नहीं रहे। मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा एवं दीपक ठाकुर ने गणना कार्य में लगे अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षकों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना के पश्चात सिंलिंग प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी राजनांदगांव अरूण वर्मा, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगांव अश्वन कुमार सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित एवं मतगणना कार्य के लिए नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## परिवहन तेज करने की मांग की जा रही

# सूखत, बेमौसम बारिश से धान को नुकसान, केंद्र प्रभारी की चिंता बढ़ी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सूखत और बेमौसम बारिश से धान के भीगने से समितियों को बड़े नुकसान की आशंका है। यह रकम प्रबंधकों से वसूले जाता है। ऐसे में प्रबंधक धान की तेज परिवहन की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि, धान का नुकसान होने पर उनसे वसूली की कार्रवाई हो सकती है। गौरतलब है कि, 28 नवंबर की स्थिति में तीनों जिलों को मिलाकर कुल 18 लाख क्विंटल से ज्यादा धान संग्रहण केंद्रों में पड़ा है। परिवहन में देरी से धान खराब होने की बनी संभावना को देखते हुए अब प्रभारियों को आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। यही कारण है कि बीते एक सप्ताह से लगातार संघ प्रशासन से उठाव की रफ्तार बढ़ाने की मांग कर रहा है। अविभाजित जिले के करीबन 150 केंद्रों में बफर लिमिट पार कर गई है। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के संयुक्त अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि एक नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो गई है, लेकिन धान खरीदी के अनुपात में परिवहन नहीं हो पा रहा है। जिससे चिंता बढ़ गई है। संयुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास अनुसार अचानक हुई बारिश बाद धन उपार्जन केंद्र प्रभारियों की चिंता बढ़ गई है। अधिक धान जाम रहने से वर्षा में भीगने का रखरखाव सुखद की समस्या बनी रहती है। उपार्जन केंद्र प्रभारियों को व्यक्तिगत रूप से क्षति होती है इसलिए प्रशासन जल्द से जल्द धान का परिवहन करवाएं नहीं तो आने वाले दिनों में खरीदी कर पाना केंद्र प्रभारियों के लिए मुश्किल होगा।

### नांदगांव जिले में बफर लिमिट पार

राजनांदगांव जिला के 96 धान उपार्जन केंद्र में बफर लिमिट से तीन-चार गुना धान खरीदी हो चुकी है। हाल ही में धान की आवक की गति तेज हो गई है। लेकिन जिला विपणन अधिकारी के द्वारा डिलीवरी ऑर्डर जारी नहीं किया जा रहा है। जिससे धान उठाव नहीं हो रहा है। जिला प्रशासन जल्द धान परिवहन करना सुनिश्चित करें, प्रशासन को इस संबंध में खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिले में दिया जा चुका है।

## क्विक न्यूज

### मतगणना स्थल के 100 मीटर परिधि में पैदल क्षेत्र घोषित

**मोहला।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतों की गणना 03 दिसंबर को स्व.लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला में मतगणना स्थल के 100 मीटर परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया है। उक्त क्षेत्र के अंदर निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगे वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

### स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी 30 नवंबर को महामाया चौक में

**राजनांदगांव।** आजादी बचाओ आंदोलन तथा स्वदेशी से स्वावलंबी भारतवर्ष के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले राजीव दीक्षित जी की जयंती दिवस व पुण्यतिथि दिवस 30 नवंबर को उनकी स्मृति में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय महामाया चौक, बसंतपुर में गव्यसिद्ध वैद्य व स्वदेशी गौ वंश आधारित पंचगव्य उत्पादों के निमार्ता आर्य प्रमोद कश्यप व वैद्य डिलेश्वर साहू के द्वारा संचालित मां पंचगव्य चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र में शायं 6 बजे से आयोजित उक्त विचार गोष्ठी, कार्यक्रम संबंधी जानकारी हेतु राधेश्याम गुप्ता मोबाईल नंबर 98271-79360, राकेश सोनी 877020--27119, आर्य प्रमोद कश्यप 93295-81350 में नगर के समस्त प्रबुद्धजनों से गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने हेतु अनुरोध है।

### खड़ी मालगाड़ी के इंजन पर चढ़ा युवक, मौत

**राजनांदगांव।** रसमड़ा स्टेशन के यार्ड में विक्षिप्त युवक की ओएचई केबल को छूते ही मौत हो गई। करीब डेढ़ घंटे बाद युवक के शव को नीचे उतारा गया। जिसे पीएम के लिए भेज दिया गया है। राजनांदगांव जीआरपी मामले की जांच कर रही है। घटना बीते मंगलवार सुबह 9 बजे की है। जानकारी मुताबिक रसमड़ा के यार्ड में एक मालगाड़ी खड़ी थी। तभी युवक वहां पहुंचा और मालगाड़ी के इंजन में चढ़ गया। जब तक युवक को रोकने का प्रयास किया जाता, युवक ने इंजन में चढ़कर ओएचई केबल को छू दिया। जिसमें दौड़ रही हैवी करंट मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद आरपीएफ व जीआपी के जवान मौके पर पहुंचे। जिन्होंने करीब डेढ़ घंटे के बाद शव को नीचे उतारा। पुलिस ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार लग रहा था।

### आरसीए ने 24 रन से भिलाई नायडू क्रिकेट एकेडमी को हराया

**राजनांदगांव।** आरसीए और नायडू क्रिकेट एकेडमी के मध्य भिलाई के नंदनी अहिवारा एयरपोर्ट के पास 25-25 ओवर अंडर-14 का मैच हाफ मैड भिलाई में खेला गया। टॉस जीतकर आरसीए लिटिल मास्टर आरध्य राठौर ने पहला बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ओपनर जोड़ी में सरफराज अहमद एवं नोबल चतुर्वेदी ओपनिंग जोड़ी में मैदान में गए। पहला विकेट आरसीए का जल्दी गिर गया। 10 रन के योग पर नोबल चतुवेदी ने 0 रन बनाया। क्रमशः आरध्य राठौर 32 रन, मोहित शर्मा 14 रन, खिलेश सोनकर ने शानदार बल्लेबाजी करते ह10 बाऊंड्री चौका लगाया और 50 रन बनाया। पूरी टीम 24.2 ओवर खेलकर 194 रन बनाकर आल आउट हो गई। भिलाई की ओर से एक्स्ट्रा 65 रन दिए। भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते मयंक यादव 2 विकेट, सागर 3 विकेट, प्रतीक सिंह ठाकुर 2 विकेट, भावेश 2 विकेट। लक्ष्य का पीछा करते भिलाई नायडू क्रिकेट एकेडमी के ओपनिंग जोड़ी बल्लेबाज राजवीर सिंह के और ईशान चौधरी के ठोस शुरूआत करते 130 रन बनाये। ईशान चौधरी 52 रन बनाए एवं राजवीर सिंह ने 31 रन बनाए। दोनो रिटायर हेड हुए। सात ओवर में भिलाई क्रिकेट को 70 रन की जरूरत थी। राजनांदगांव की टीम 57 रन अतिरिक्त दी। आरसीए के गेंदबाज राष्ट्रपाल, आयान खान, खिलेश सोनकर कसी हुई गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण किया। 25 ओवर में 4 विकेट खोकर 170 रन बनाये। इस प्रकार आरसीए ने 24 रन से भिलाई नायडू क्रिकेट एकेडमी को हराया। मैच के अंपायर अभय दिव्यांशु स्कोरर शशांक थे।

### वायदों के असर को परख रहे, खुज्जी में हार-जीत का आंकलन

**छुरिया।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में मतगणना की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे विधानसभा के प्रत्याशियों की धड़कन तेज हो गयी है। वहीं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने दल के प्रत्याशियों के लिए दाव भी लगा रहे हैं। खुज्जी विधानसभा में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही है। इस बार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का स्पष्ट रुख पता चल नहीं पाया जिससे परिणाम का अनुमान राजनीतिक पंडितों भी नहीं लगा पा रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा और कांग्रेस अपने अपने जीत के लिए पूर्ण रूप से आश्वस्त नजर आ रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता कर्जा माफी और धान के समर्थन मूल्य के भरोसे जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं भाजपा 2 साल के बोनस, महतारी वंदन योजना और धान खरीदी 3100 रुपए भुगतान एक मुश्त किए जाने के वायदों के कारण जीत सुनिश्चित मान रही है। चौक चौराहे, पान ठेलो, होटलों में जीत-हार के लिए कयास का दौरा जारी है। लोगों में जीत हार को लेकर कौतुहल मचा है। जानकर यह भी बताते हैं कि जीत हार के लिए शर्तें और सट्टा भी लगाया जा रहा है। बताया जाता है कि हमर राज पार्टी यदि ज्यादा वोट पाती है तो कांग्रेस को नुकसान होगा और कम वोट मिले तो भाजपा को नुकसान होगा।

# स्कूल के लिए निकली नाबालिग छात्रा का कार से अपहरण सहेली की सूचना पर अलर्ट हुई पुलिस, जंगल से गिरफ्तार

## जशपुर पुलिस को नाबालिग के अपहरण के मामले में मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा का अपहरण करने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने कुछ घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को थाना जशपुर को लगभग 10:30 बजे सूचना मिली कि 17 वर्षीय नाबालिग लड़की जो आज स्कूल जाने के लिये अपनी एक सहेली के साथ घर से आ रही थी, रास्ते में एक कार में एक लड़का आया और उसे अपने कार में बैठाकर ले गया, उसकी सहेली ने इस बात की जानकारी अपने स्कूल के शिक्षक एवं परिजनों को दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर उमनि. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी.रविशंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर उमेश कुमार कश्यप के निर्देशन एवं मार्गदर्षन में एसडीओपी जशपुर के नेतृत्व में तत्काल पुलिस की 03 अलग-अलग टीम का गठन कर अपहृत बालिका की पतासाजी के लिए लगाया गया, टीम द्वारा सरहदी इलाकों के सी.सी.टी.व्ही. कैमरा का फूटेज निकालकर सभी थाना/चौकी क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की नाकाबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। पुलिस का अत्यधिक दबाव पड़ने से आरोपी ने अपहृता को लोखंडी से आगे एक जंगल में छिपाया था, पुलिस द्वारा जंगल का घेराबंदी कर अपहृता को बरामद कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। प्रकरण में धारा 363 भा.द.वि. के तहत् अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है, प्रकरण की विवेचना जारी है। प्रकरण की विवेचना, अपहृता की पतासाजी एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जशपुर राजेश देवांगन, निरीक्षक रविशंकर तिवारी, चौकी प्रभारी लोदाम उप निरीक्षक अशोक यादव, प्र.आर. 22 नारायण प्रसाद, आर. 378 विनोद तिर्की, आर. 581 धीरेंद्र मधुकर, आर. 120 दीपक भगत, आर. 635 राजेश कालो, आर. 429 विशेश्वर राम, म.आर. शुषमा बाई एवं अन्य स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जशपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में डाक मतपत्र के माध्यम से भी किया गया है मतदान

**जशपुरनगर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में जशपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में डाक मतपत्र के माध्यम से भी मतदान किया गया है। डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी आर पी आचला ने बताया कि डाक मतपत्र, सुविधा केंद्र में ड्यूटीरत अधिकारी-कर्मचारी,सेवा मतदाताओं और 80 वर्ष से अधिक, दिव्यांग व कोविड धनात्मक सभी को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। सुविधा केंद्र में मतदान, निर्वाचन कार्य में ड्यूटीरत अधिकारी-कर्मचारी ही वोट किये है। जशपुर विधानसभा में 937, कुनकुरी 1098 और पत्थलगांव 1121 इस प्रकार सुविधा केंद्र में कुल 3156 मतदान हुये है, सर्विस वोटर्स से प्राप्त डाक मत पत्र जशपुर विधानसभा में 207, कुनकुरी 192, एवं पत्थलगांव 125 इस प्रकार कुल 524 मतदान हुये है, इसी प्रकार 80 वर्ष से अधिक और दिव्यांग मतदाता जशपुर 39, कुनकुरी 41 एवं पत्थलगांव 40 है,।

# पत्नी को मारपीट कर बेहोशी की हालात में कीटनाशक दवाई पीलाकर हत्या करने वाले पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



अपने पत्नी को मारपीट कर बेहोशी की हालात में कीटनाशक दवाई पीलाकर हत्या करने वाले पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार। सुदर्शन दास महंत निवासी ग्राम जर्वे थाना बलौदा द्वारा दिनांक 03.05.23 को थाना बलौदा में मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया गया कि पत्नी पार्वती महंत से दिनांक 02.05.23 को रात्रि में घरेलू बात पर बात चीत हुआ था, जिसकी रात्रि में तबियत खराब होने से मोबाइल के माध्यम से एंबुलेंस बुलाया था, एंबुलेंस के कर्मचारी द्वारा चेक करने पत्नी की मृत्यु हो जाना सांस नही चलना बताए कि सूचना पर थाना बलौदा में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया था। मृतिका का डाक्टर साहब से पोस्ट मार्टम कराया गया, प्राप्त पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मृतिका के शरीर, सिर में चोट होना लेख करने तथा पोस्ट मार्टम के दौरान व्हीसरा प्रिजर्व किया गया था जिसकी जांच हेतु एफएसएल बिलासपुर भेजा गया था एफएसएल रिपोर्ट में किटनाशक दवाई सेवन से मृत्यू होना लेख किया गया है तथा मर्ग जांच के दौरान मृतिका के भाई एवं माँ के कथनानुसार अपराध का होना पायें जाने से आरोपी के विरुद्ध थाना बलौदा में धारा 302, 328 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी सुर्दशन दास महंत निवासी जर्वे थाना बलौदा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ किया गया जो अपने कथन में बताया कि दिनांक 02-03.05.2023 को रात्रि करीबन 01.00 बजे से 02.00 बजे के मध्य पत्नी को किसी अन्य पुरूष के साथ आपत्ति जनक स्थिति में देखने से गुस्से में आकर अपने पत्नी को जान से मारने की नियत से हाथ मुक्का से मारपीट करना तथा उसके सिर को बेड में मारकर चोट पहुंचाना एवं बेहोश होने पर कीटनाशक दवाई को जबरन पीलाकर हत्या करना बतायें जाने पर तथा आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का सबुत पायें जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 29 नवंबर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी मनोहन सिन्हा थाना प्रभारी बलौदा, महिला प्रआर जीवंती कुजूर, आरक्षक संतोष रात्रे, हेमंत साहू, श्याम राठौर, लखेश विश्वकर्मा, प्रहलाद निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

# गोबरसिंहा शालेय परिवार ने मनाया संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




इस बार 26 नवम्बर संविधान दिवस अवकाश दिन रविवार होने के बावजूद बड़े हर्ष उल्लास के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोबरसिंहा के शालेय परिवार के जागरूक शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सहभागी होकर जागो ,जगाओ-संविधान पढ़ाओ थीम के आधार पर बड़े हर्ष उल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र चैहान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी प्राचार्य भुवनेश्वर नायक सहित स्टॉफके समस्त व्याख्याताओं, छात्र-छात्राओं को आवाह्न कर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सहित देश के संविधान प्रारूप समिति के महापुरुषों का पूजन वंदन कर, भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने जीवंत दस्तावेजों अर्थात भारतीय संविधान की उद्देशिका का संकल्प के साथ सामूहिक वाचन करवाया गया। साथ ही इसी कड़ी में व्याख्याता राजेंद्र चैहान, सहसराम नौरंगे, शालिनी दुबे ने भारतीय संविधान निर्माण के मूल आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए संविधान में वर्णित मूल अधिकार एवं कार्तब्यों को व्याहारिक जीवन में परिपालन करने की विचार व्यक्त किए। उक्त गरिमामयी कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता रमेश कुमार निषाद, सुरेंद्र कुमार साहू, हेमंती राठिया, विज्ञान सहायक चांदनी पटेल, रामकुमारी चैहान एवं विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किए। अंत में सेव बूंदी व श्रीफल का प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम समापन किया गया।

# मतगणना कक्ष में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया मतगणना के संबंध में जानकारी

## रिटर्निंग ऑफिसर ने लिया बैठक





पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर प्रशांत कुशवाहा ने आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर में मतगणना कक्ष में लगे अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर स्ट्रांग रूम प्रबंधन, मशीन लाना ले जाना, मशीन सीलिंग सहित मतगणना के संबंध में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतगणना के दौरान किए जाने वाली प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मतगणना कार्य के लिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण





पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डी आर राठिया द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में मतगणना ड्यूटी में लगे सभी माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में इटीपीबीएस, डाक मत पत्र, ईव्हीएम, वीवीपेट की मतगणना के संबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए माइक्रो आब्जर्वर से संबंधित दायित्वों की जानकारी विस्तार से दी गई। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर पी चौहान सहित माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित थे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी, अंतिम तिथि 30 दिसम्बर तक

- अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महा विद्यालय, विश्व विद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलि टेक्निक एवं आईटीआइ आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तिकी पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट httpÑ// postmatric-scholarship. cg.nic.in पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 28 नवम्बर से 30 दिसम्बर 2023 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 दिसंबर से 20 जनवरी 2024 तक एवं संस्कृति लॉक करने 15 दिसंबर 2023 से 24 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात जिला सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृति नहीं किए जाएंगे। लॉक अथवा। स्वीकृति करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः ही जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है।

अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनके द्वारा दर्ज किया गया।

# राष्ट्रीय सिंधी मंच महिला विंग रायगढ़ का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

- रंगोली प्रतियोगिता - आरती जगवानी प्रथम, मेहर बत्रा द्वितीय, सिमरन जज्ञासी तृतीय

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सिंधी मंच महिला विंग रायगढ़ का दीपावली मिलन समारोह स्थानीय गुलाब गार्डन टीवी टावर रोड में संपन्न हुआ। जहां पर रंगोली प्रतियोगिता 2023 के पुरस्कारों की घोषणा की गई जिसमें आरती जगवानी प्रथम, मेहर बत्रा द्वितीय, सिमरन जज्ञासी तृतीय और चाहत कटारे को विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष धनतेरस के दिन राष्ट्रीय सिंधी मंच महिला विंग रायगढ़ के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रतियोगी अपने घरों में रंगोली सजाते हैं जिसे संस्था द्वारा नियुक्त दो अलग-अलग निर्णायक टीम द्वारा अवलोकन किया जाता है। और फिर दोनों के नंबरों के आधार पर प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। इस वर्ष की थीम रखी गई थी और चुनाव को देखते हुए स्वीप के अंतर्गत 18 वर्ष से ऊपर के नये मतदाताओं को उत्साहित करने हेतु रंगोली बनाने पर विशेष पुरस्कार की घोषणा की गयी थी। जिसमें प्रतिभागियों ने बहुत ही उम्दा किस्म की रंगोलियां बनाई थी सभी रंगोली अपने आप में बेहतर थी. निर्णायक टीम द्वारा प्रदान किए गए नंबरों के आधार पर पुरस्कारों की घोषणा की गई उक्त पुरस्कार टाउन हॉल के सामने स्थित फैशन बाजार द्वारा प्रदान किए गए थे। तथा सांत्वना पुरस्कार मोटवानी कंसलटेंसी द्वारा प्रदान किए गए सदस्यों द्वारा आयोजित इस मिलन समारोह में दो गेम भी खिलाये गए थे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव,खरसिया पुलिस कर रही मामले की जांच



**रायगढ़।** खरसिया सक्ती रेलवे मार्ग के बीच झाराडीह स्टेशन के पास अज्ञात लाश मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है जिसकी पहचान नहीं हो पा रही है किसी प्रकार की मृतक के पास आईडी फ्रुफ प्राप्त नहीं हुआ है। रायगढ़ जिले के खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुम्बई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग के झाराडीह रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। इस घटना की जानकारी पुलिस ने मंगवार को दी। खरसिया पुलिस थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि शव खरसिया से झाराडीह रेलवे स्टेशन के खम्भा नम्बर 628-1- 628-3 के पास से बरामद किया गया और बाद में इसे पोस्टमार्टम के लिए सिविल हॉस्पिटल खरसिया भेज दिया गया।

# जेएसपी को फिर मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com






देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को दिव्यांग जनों (पर्सन्स विद डिसेबिलिटी) के पुनर्वास और उनके उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सामुदायिक विकास के लिए जेएसपी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा, हम यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हम समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2023 सामाजिक उत्थान के लिए किये जा रहे हमारे उन प्रयासों पर मुहर है, जिसमें हम प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। हम अपनी सेवाओं के विस्तार के लिए सदैव समर्पित हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें।÷ जिन्दल ने इस सम्मान के लिए निर्णायक मंडल के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। जेएसपी अपनी सीएसआर शाखा, जेएसपी फाउंडेशन के माध्यम से 2009 से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में जिन्दल आशा (जिसे पहले आशा-द होप के नाम से जाना जाता था) केंद्र संचालित कर रहा है। इन केंद्रों में तत्काल सहयोग, फिजियोथेरेपी, चिकित्सा, वाक् चिकित्सा, विशेष शिक्षा, संगीत और मनोरंजन चिकित्सा, परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं, कौशल विकास प्रशिक्षण आदि के माध्यम से दिव्यांगजनों के पुनर्वास का प्रयास किया जाता है ताकि वे स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम हो सकें। अभी तक 5500 से अधिक दिव्यांग जन और बच्चे इन केंद्रों से लाभान्वित हो चुके हैं। लगभग 250 बच्चों को प्रतिदिन देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## उमा बाई धीवर का निधन



**धमतरी ।** बनिया तालाब पार आमापारा निवासी उमाबाई धीवर 42 का बुधवार को सुबह निधन हो गया। वे मछली विक्रेता नकुल ढीमर की बहन थी। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे गृह निवास बनिया तालाब पार से मुक्तिधाम के लिए निकली, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। धीवर समाज ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## पुलिस कड़ाई और लगातार पैट्रोलिंग की वजह से जिले में चुनाव के दिन एक भी हिंसा या बडी घटना की एफआईआर दर्ज के लिए नहीं मिली शिकायत

# जिले में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में रही पुलिस की प्रमुख भूमिका

- पुलिस महानिरीक्षक रायपुर के दिशा निर्देश पर पुलिस अधीक्षक धमतरी के नेतृत्व में लगातार फ्लेग मार्च एवं पेट्रोलिंग से निर्भिकता से हुई सर्वाधिक मतदान
- वर्ष 2023 एवं आचार संहिता दौरान 3943 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं 4 लोगों पर की गई जिलाबदर की कार्यवाही
- जिले में विधानसभा चुनाव संपन्न शांतिपूर्वक कराने में पुलिस कर्मियों और सीएपीएफ,सीआईएसएफ,बीएसएफ एसटीएफ कोबरा, डीआरजी सहित धमतरी पुलिस के जवानों की प्रमुख भूमिका रही।

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर आरिफ एच शेख के दिशानिर्देश पर पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर के कुशल नेतृत्व में पिछले साल के तुलना में इस वर्ष एवं आचार संहिता के दौरान सर्वाधिक कुल 3943 लोगों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही। और इन प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों से सामाजिक तत्वों और गड़बड़ी करने वाले लोगों में एक कड़ा संदेश गया कि चुनाव प्रक्रियाओं में अगर वह बदमाशी करते हैं, तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। चुनाव के पूर्व तक असामाजिक तत्वों व गुंडा बदमाशों की कड़ी निगरानी की गई और थानावार फ्लेग मार्च निकाली गई। एवं पॉच व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस द्वारा जिला बदर के प्रकरण बनाए गए और जिसमें से चार व्यक्तियों को जिला बदर किया गया। आचार संहिता दौरान वारंटी को प्रदेश के अलग.अलग जिलों और दूसरे प्रदेशों से भी लाकर कोर्ट में पेश किया गया। विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 को निष्पक्षएनिर्भिग्य एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु वर्ष 2023 जनवरी माह से अब तक 74 लोगों पर 110 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कि गई है तथा 3410 लोगों के ऊपर 107,116 कि कार्यवाही कि गई है एवं 151 सीआरपीसी के तहत 441लोगों के उपर कार्यवाही की गई है। इस माह आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए धमतरी पुलिस द्वारा सर्वाधिक प्रतिबंधक कार्यवाही किया गया है कुल में 3943 लोगों पर कुल प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बाऊंड ओवर किया गया है। छ ग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 जिला बदर के तहत 05 बदमाशों के विरुद्ध प्रकरण पेश किया गया था जिसमें 04 व्यक्तियों के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की गई है। इस पूरे वर्ष में अब तक कुल 3943 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है, सकड़ों लोग जेल भेजें गए। 2022 में पूरे वर्ष में कुल 3219 लोगो पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और 2021 में 2314 लोगो पर कार्यवाहियां हुई थी। इन कार्यवाहियों का सीधा असर चुनाव के दौरान देखने को मिलाए पूरे जिले में चुनाव के दिन एक भी बडी हिंसा या वाद-विवाद के प्रकरणों में चुनाव के दिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। लगातार पुलिस टीम द्वारा की गई पेट्रोलिंग और पुलिस टीम द्वारा शिकायत स्थल पर त्वरित पहुंचने से कही भी बड़ा विवाद नहीं हुआ। धमतरी पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब एवं नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कि गई कार्यवाही। जिसके तहत इस साल जनवरी माह से अवैध नशा और अवैध शराब के ऊपर लगातार कार्यवाहियों से नशे के व्यापार पर अंकुश लगाए साथ ही साथ सार्वजनिक जगहों पर शराब पीकर हुडदंग करने वाले लोगों पर लगातार कार्यवाहियों से भी कड़ा संदेश गया। पुलिस अधीक्षक ने शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के साथ साथ इस बीच त्योहारों और व्हीव्हीआईपीड्यूटी, वीआईपी ड्यूटी, कानून व्यवस्था के दौरान अच्छी ड्यूटी हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई दिये हैं।

# मतगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

- सभी अधिकारी मतगणना के लिए सौंपे गए कार्य को समझे और बेहतर तैयारी रखें
- मतगणना स्थल में इलेक्ट्रानिक डिवाईस व मोबाईल रहेगा प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना की तैयारी के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से केआईटी कॉलेज गढ़उमरिया में की जाएगी। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने कहा कि मतगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी सौंपे गए कार्य को समझे और उसके लिए तैयारी करें। मतगणना में आरओ की भूमिका महत्वपूर्ण होती है सभी आरओ नियमों को अच्छे से पढ़ ले एवं मतगणना प्रक्रिया को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने सभी रिटर्निंग ऑफिसर्स को निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष का निरीक्षण करते हुए सभी जरूरी आवश्यकताओं का अवलोकन कर लें।

# ट्रेनों को बंदकर मोदी सरकार छत्तीसगढ़ की जनता पर अत्याचार कर रही : कांग्रेस

## भाजपाई सांसद मौन क्यो है? क्या वे वेतन भत्ते और मौज करने के लिये सांसद बने है

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

फिर से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनो को रद्द किये जाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है पिछले 3 साल से अधिक समय से छत्तीसगढ़ की ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया जाता है वर्तमान में एक बार फिर 18 ट्रेनों को 27 दिनों से लेकर 4 महिनों के लिये रद्द कर दिया गया। 40 ट्रेने पहले से रद्द है। यह छत्तीसगढ़ की जनता के साथ नाईसांफी है। सारनाथ और नौतनवा तथा दुर्ग निजामुद्दीन जैसी ट्रेनों को रद्द करने का फरमान जारी हो चुका है। सारनाथ से प्रतिदिन राज्य के सैकड़ो लोग अपने मृत परिजनों की अस्थियां विसर्जित करने प्रयागराज जाते है। ट्रेन रद्द होने के कारण लोगो को परेशान होना पड़ेगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के सांसद बताये कि वे ट्रेनो को रद्द होने पर आवाज क्यों नही उठाते क्या प्रदेश की जनता ने उन्हे केवल वेतन भत्ता और सांसदी के रसूख का मजा लेने के लिये चुना है। ट्रेनो को रद्द होने पर सांसद आवाज नही उठायेंगे तो कौन आवाज उठायेगा? बीते 3 साल और 5 माह में रायपुर से होकर गुजरने वाली 64382 ट्रेन को रद्द कर दिया गया लोकल ट्रेनों को खड़ी कर दिया गया और सिर्फ मालगाड़ी को चलाया गया ताकि प्रदेश से कोयला बॉक्साइट आयरन ओर को ले जाया जा सके और रेल यात्री को हो रही असुविधा को नजरअंदाज किया गया। जब भी ट्रेनें रद्द हुई तब भाजपा के 9 सांसद



मौन रहते थे और प्रदेश की रेल यात्री की समस्याओं पर चर्चा करने से भागते थे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षो से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था जिसे मोदी राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करके निजी हाथों में बेचने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताये, बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महीनों, हफ्तों तक बंद करने का फरमान जारी कर दिया जाता है। महीनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन कराये नागरिकों की परेशानी से रेलवे को और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता है। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्र अडानी के हवाले कर सके। मोदी सरकार के पहले की केंद्र सरकारें घाटा उठा कर भी रेलवे सुविधाओं का विस्तार करती रही। आजादी के बाद से रेलवे का अलग बजट बनाया जाता था, लेकिन मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है और बाद में रेल को निजी हाथों में सौंपा जा सके इसका रास्ता बना रही है। ऐसा इसलिये कि यात्री ट्रेनों की अपेक्षा माल भाड़े में रेलवे को 300 से 400 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा मिलता है।

# मतगणना प्रेक्षक करेंगे मतगणना प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन

## भारत निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना प्रेक्षक किया नियुक्त

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। 3 दिसंबर को मतगणना के दौरान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक मतगणना प्रेक्षक मतगणना प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना दिवस पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना के परिणामों को प्रत्येक चक्र (चरण) के पश्चात आयोग के साफ्टवेयर के माध्यम से अद्यतन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि संपूर्ण मतगणना की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की निगरानी में संपन्न होगी। मतगणना के दौरान सबसे पहले ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलैट सिस्टम) से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग होगी जो प्रेक्षकों की निगरानी में की जाएगी। मतगणना के दौरान प्रेक्षक किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना का निरीक्षण कर सकेंगे। मतगणना प्रेक्षकों के साथ निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक भी मतगणना प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। प्रेक्षक की उपस्थिति में प्रत्येक राउंड की समाप्ति पर अभ्यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता के समक्ष रेंडम आधार पर किसी दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी। इसके अलावा सभी चक्रों (राउंड) के पूर्ण होने पर पांच वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (व्हीव्हीपेट) का ड्रा के माध्यम से चयन कर मतों का सत्यापन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभावार प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इनमें रायपुर शहर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए डॉ. लक्ष्मीशा, कोंडागांव के लिए बालाजी दिगंबर मंजुले, भटगांव के लिए डी. थिप्पे नायक, राजनांदगांव के लिए मुदावंतु एम. नायक, सीतापुर के



लिए पी. कोटेश्वर राव, जैजेपुर के लिए एस. लवन्ना, कवर्धा के लिए रमीसेट्टी श्रीलता, बसना के लिए अजित नारायण हजारिका, डोंगरगढ़ के लिए दशरथ दास, प्रतापपुर के लिए एस्थर कथार, खुज्जी के लिए हरि नारायण पासवान, महासमुंद के लिए रविन्द्र नाथ प्रसाद सिंह, कोंटा के लिए संजीव कुमार, बेलतरा के लिए उदयन मिश्रा, पंडरिया के लिए अजय कुमार गुप्ता, भानुप्रतापपुर के लिए अशोक कुमार, लैलूंगा के लिए सी. एन लोंगफाई, आरंग के लिए मीर तारिक अली, कोटा के लिए न्याली एटे, प्रेमनगर के लिए रंजीथ कुमार जे. को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अंबिकापुर के लिए रूपवंत सिंह, वैशालीनगर के लिए राजकृष्ण पृथी, कोरबा के लिए प्रियातु मंडल, चित्रकोट के लिए सुदेश कुमार मोख्ता, सामरी के लिए जयकृष्ण अभीर, भाटापारा के लिए सुमीत कुमार, कांकेर के लिए विवेक पदम सिंह, राजिम के लिए अंजु चौधरी, पत्थलगांव के लिए निशु सिंघल, अकलतरा के लिए प्रिती, बिलाईगढ़ के लिए ज्ञानेन्द्र कुमार, धरमजयगढ़ के लिए कमलेश्वर प्रसाद सिंह, डोंगरगांव के लिए मुकेश कुमार, कुनकुरी के लिए राजीव रंजन, भरतपुर-सोनहत के लिए रवि रंजन मिश्रा, बिन्द्रानवागढ़ के लिए सुनील कुमार, सरायपाली के लिए जफर मलिक, संजारीबालोद के लिए केशवेन्द्र कुमार, सक्ती के लिए मोहम्मद वाय सफीरूल्ला के. और लुण्ड्रा के लिए डॉ बी.सी. सतीशा को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह रामपुर के लिए मंजुनाथ स्वामी जी एन, रायपुर शहर पश्चिम के लिए इजराइल वात्रे , बीजापुर के लिए बी. जॉन, पाली-तानाखार के लिए ललतानपुई वांगछोंग, पामगढ़ के लिए डॉ. किरण एच. कुलकर्णी, कसडोल के लिए डॉ राजेन्द्र भरुद , बेमेतरा के लिए अभिषेक कृष्णा, भिलाई नगर के लिए दीपक कुमार मीणा, कुरूद के लिए दीपक रामचन्द्र टावरे, मुंगेली के लिए गंगाथरन डी., नारायणपुर के लिए निरंजन कुमार सुधांशु, बस्तर के लिए आर एच ठाकरे, रायपुर शहर ग्रामीण के लिए रविन्द्र लक्ष्मण, केशकाल के लिए एस डी मंधारे, खल्लारी के लिए विवेक एल भिमनवार, रायपुर शहर उत्तर के लिए विमला आर, लोरमी के लिए भबानी शंकर, अभनपुर के लिए बिष्णु प्रसाद मिश्रा, सिहावा के लिए मनीष अग्रवाल, धमतरी के लिए सिबो नारायण साहू, अहिवारा के लिए सुवेंदु कानूनगो और चंद्रपुर के लिए उमाकांत त्रिपाठी को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार डौंडीलोहारा के लिए मंजुलता स्वाइन , जशपुर के लिए राजीव प्रशहर, रायगढ़ के लिए रूपांजलि कार्तिक, गुंडरदेही के लिए सैयद मुकर्रम शाह, तखतपुर के लिए मधु रघुवंशी, बलौदाबाजार के लिए डॉ एस अनीश शेखर, दुर्ग शहर के लिए आर ललवेना, धरसींवा के लिए एस अमृता जोथी, कटघोरा के लिए चंद्रकुमार जमातिया, साजा के लिए दिलीप कुमार चकमा, दुर्ग ग्रामीण के लिए मानिक लाल दास, बिल्हा के लिए संजय चक्रवर्ती, सारंगढ़ के लिए तापस रॉय, नवागढ़ के लिए अनिल कुमार अग्निहोत्री, दंतेवाड़ा के लिए अनुराग पटेल, बिलासपुर के लिए कुमार प्रशांत, मस्तूरी के लिए प्रेमप्रकाश उपाध्याय और पाटन के लिए नितिन सिंह भदौरिया को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह जगदलपुर के लिए डॉ सुब्रत गुप्ता, बैकुंठपुर के लिए नारायण चन्द्र सरकार, जांजगीर-चांपा के लिए सायबल चक्रवर्ती, मरवाही के लिए शांतनु साहा, खरसिया के लिए ससीम कुमार बरई, मोहला-मानपुर के लिए शकील अहमद, अंतागढ़ के लिए एच जे देसाई, मनेन्द्रगढ़ के लिए ललित मोहन रायल, खैरागढ़ के लिए नर्मदेश्वर लाल और रामानुजगंज के लिए ताय काये को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# राज्यपाल से छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ने की सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकट संघ के अध्यक्ष जुबिन शाह और प्रभतेज भाटिया ने सौजन्य भेंट की। साथ ही उन्होंने 1 दिसंबर 2023 को शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर में भारत और ऑस्टेलिया के बीच होने वाले टी-20 क्रिकेट मैच के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया।

# नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को करने के लिए कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मण्डल के अंतर्गत बुदनी-बरखेड़ा घाट सेक्शन में बुदनी, मिडघाट, चोका एवं बरखेड़ा रेलवे स्टेशनों को तीसरी रेल लाइन से जोड़ने का कार्य नॉन इंटरलॉकिंग लेकर किया जाएगा । यह नॉन इंटरलॉकिंग कार्य दिनांक 27 नवम्बर, 2023 से 09 दिसम्बर, 2023 तक किया जाएगा। इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को करने के लिए कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द एवं परिवर्तित मार्ग से रवाना किया जा रहा है, रद्द होने वाली गाडियां 06 एवं 07 दिसम्बर, 2023 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 एवं 09 दिसम्बर, 2023 को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 06, 07 एवं 08 दिसम्बर, 2023 को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08, 09 एवं 10 दिसम्बर, 2023 को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 06 से 08 दिसम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 08210 बिलासपुर-कोरबा स्पेशल रद्द रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है।

## 1 हजार की टिकट 3 हजार में कालाबाजारी करते चार गिरफ्तार

**रायपुर।** भारत-ऑस्ट्रेलिया टी-20 मैच में टिकटों की कालाबाजारी करते चार लोगों को राजधानी पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के पास से 13 नग टिकट भी बरामद की गई है। आरोपी एक हजार वाली स्टूडेंट टिकट को दो हजार से तीन हजार तक बेच रहे थे। ये कार्रवाई एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर थाना कोतवाली ने की है। दरअसल, रायपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर टिकट की ब्लैक मार्केटिंग की जार ही है। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और कोतवाली थाना को कार्रवाई के निर्देश दिए। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने 29 नवम्बर को थाना कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में टिकटों की कालाबाजारी करते तुलसी बाराडेरा मंदिर हसौद निवासी अनिल जांगड़े, आकाश कुमार धीवर तथा सिविल लाईन निवासी बबलू नायक एवं आशीष मिश्रा को रंगे हाथों टिकट बेचते धरा गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल के मददगार बने : बृजमोहन अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

रिंग रोड पर बुधवार को एक युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। दरअसल बाइक सवार युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इसी दौरान बृजमोहन अग्रवाल दुर्ग से रायपुर लौट रहे थे। उस वक्त घटनास्थल पर काफिला जैसे ही पहुंचा बृजमोहन अग्रवाल ने अपना काफिला रुकवाया और तुरंत अपनी कार से उतरे और घायल की मदद को आगे आए उन्होंने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए अपने सुरक्षाकर्मियों को अपनी कार से घायल को अस्पताल पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस को भी घटना की सूचना दी। हालांकि बृजमोहन अग्रवाल से सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिसकर्मी और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई और घायल को अस्पताल के लिए रवाना किया। बृजमोहन अग्रवाल ने पुलिस और स्वाथ्यकर्मियो को घायल की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं।

# नक्सलियों के लगाये बम डिफ्यूज करने के दौरान जवान घायल

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के पानीडोबिर के जंगल में नक्सलियों ने सर्चिंग पर निकले जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए पाइप बम प्लांट कर रखा था। नक्सल प्रभावित क्षेत्र कांकेर जिले में नक्सलियों के लगाये बम को डिफ्यूज करने के दौरान जिला पुलिस का एक जवान घायल हो गया है। कांकेर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने मामले की पुष्टि की है। जवानों ने सर्चिंग के दौरान बम बरामद किया। लेकिन इसे डिफ्यूज करने के दौरान हादसा हो गया। बम को डिफ्यूज करने के दौरान एक स्प्लिंटर जवान जानीकराम दुग्गा के कान में आकर लग गया। जिससे जवान घायल हो गया। घायल जवान को



इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि जवान की हालत खतरे से बाहर है। बता दें कि कुछ दिनों से नक्सलियों का उत्पात बढ़ गया है। जिसके चलते नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में खौफ का माहौल है।

## कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष को जारी किया नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आपके द्वारा बिना संज्ञान में लिये किया गया उक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही को तत्काल निरस्त करते हुए बहाल किये जाने संबंधी आदेश जारी करें तथा आपके द्वारा किये गये उक्त कार्यवाही के संबंध में अपना लिखित जवाब पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें। विधानसभा चुनाव-2023 में 71 पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पार्टी अधिकृत प्रत्याशी के शिकायत पर स्थानीय कार्यकर्ताओं को निष्कासित किये जाने का मामला समाचार पत्रों के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में आया है, जो पार्टी संगठन के संविधान विरूध्द कार्यवाही है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403